हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● गुरुवार ● 14.11.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 112 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## 65% वोटिंग, चम्पाई, बन्ना, रामेश्वर सहित 683 उम्मीदवारों के भविष्य ईवीएम में कैद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के प्रथम चरण के 43 विधानसभा क्षेत्रों में आज सुबह 7:00 बजे से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शुरू हुआ और शाम 5:00 बजे शाम शांतिपूर्ण मतदान समाप्त हो गया। इस दौरान एक करोड़ 37 लाख मतदाताओं में से 64.86 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि 43 विधानसभा क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज सुबह 7:00 बजे से मतदान शुरू हुआ और पांच बजे शाम शांतिपूर्ण मतदान समाप्त हो गया। उन्होंने बताया कि 950 बूथों पर मतदान शाम चार बजे ही समाप्त हो गया था लेकिन अन्य मतदान केंद्रों पर मतदान शाम 5:00 बजे समाप्त हुआ। इन 43 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने तक 64.86 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

श्री कुमार ने कहा कि प्रथम चरण के चुनाव में कुल 1.37 करोड़ मतदाता में से पुरुष मतदाता 68.73 लाख पुरुष मतदाता और मह 68.36 लाख महिला मतदाता की संख्या थीह। थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या 303 है। 85 वर्ष से अधिक के मतदाताओं की संख्या 63,601 थी जबकि, दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 1.91 लाख और व 18-19 साल के मतदाताओं की संख्या 6.51 लाख थी।



झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, राँची स्थित मतदान केंद्र पर जाकर आज अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस अवसर पर उन्होंने राज्यवासियों को लोकतंत्र के इस महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते मतदान करना हम सभी का कर्तव्य है। इसके अलावा उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास जमशेदपुर में, मुख्यमंत्री हेमंत तीन सोरेन उनकी पत्नी कल्पना सोरेन रांची में,रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अपनी पत्नी साक्षी के साथ रांची में और राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार रांची में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।


प्रथम चरण के मतदान में आज जिन प्रमुख नेताओं का भाग्य ईवीएम में बंद हुआ उनमें पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा, उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास की बहू पूर्णिमा साहू, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी, पूर्व मंत्री सरयू राय, पूर्व मंत्री सीपी सिंह, राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री मिथिलेश ठाकुर और अजय नाथ शाहदेव शामिल है।

### महेंद्र सिंह धोनी ने सपरिवार किया मतदान



**रांची :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और झारखंड विधानसभा चुनाव के स्वीप आइकॉन महेंद्र सिंह धोनी ने बुधवार को मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने सपरिवार जेवीएम श्यामली के अपने मतदान केंद्र पर जाकर वोट डाला।

### राज्यपाल संतोष गंगवार ने किया मतदान




**रांची :** झारखण्ड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के मतदान केंद्र पर बुधवार को अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस अवसर पर उन्होंने राज्यवासियों को लोकतंत्र के इस महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। साथ ही, उन्होंने सभी मतदाताओं से आह्वान किया कि वे इस महापर्व में सक्रिय रूप से भाग लें और अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। राज्यपाल ने कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते मतदान करना हम सभी का कर्तव्य है। उल्लेखनीय है कि झारखण्ड के विधानसभा चुनाव के पहले चरण की 43 सीटों पर आज सुबह से मतदान शुरू है।

### हेमन्त और कल्पना सोरेन ने किया मतदान



**रांची :** रांची के हटिया विधानसभा क्षेत्र के संत फ्रांसिस स्कूल, हरमू में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पत्नी कल्पना सोरेन के साथ मतदान के लिए पहुंचे। उन्होंने संत फ्रांसिस स्कूल हरमू के बूथ संख्या 290 में मतदान किया। इसके अलावा पार्टी के कई लोग हेमंत सोरेन के साथ पहुंचे थे। हालांकि, इससे पहले ही हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर लोगों से मतदान करने की अपील की। मतदान के बाद मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पूरे झारखंड में उत्साह का माहौल है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी को मतदान करना चाहिए। मतदान हमारा अधिकार है। झारखंड में आई एनडीआईए (इंडिया) की स्थिति मजबूत है। गठबंधन का परचम लहरेगा।

## एनडीए वालों को वोट की चोट से इतना कूटो कि ये लोग भाग जाएं : हेमन्त सोरेन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बिष्णुगढ़ :** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बनासो पंचायत के बाजार टॉड में दिन बुधवार को मांडू विधानसभा हाथ छाप कांग्रेस पार्टी सह इंडिया महागठबंधन के उम्मीदवार पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनावी सभा को संबोधित किया। जिसकी अध्यक्षता झामुमो विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव ने किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मांडू से हमारे महागठबंधन के उम्मीदवार और आपके लोकप्रिय नेता जय प्रकाश भाई पटेल को क्रमांक संख्या 01 में चुनाव चिन्ह हाथ छाप पर वोट देकर भारी से भारी मतों से विजय बनाएं और मेरे हाथों को मजबूत करें एवं अपनी सरकार बनाएं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने कोरोना काल में बिना कुछ परवाह किए गरीबों और मजदूरों को मदद करने का काम किया। प्रवासी मजदूरों को हवाई जहाज से वापस लाया गया। इस राज्य की संपूर्ण आबादी का ख्याल रखा, मईया सम्मान योजना के तहत हजार-हजार रुपए सभी बहनों के खाते में भुगतान किए जा रहे हैं। अभी एक दो दिन पहले भी भुगतान किए गए हैं। मेरे द्वारा प्रस्ताव भी पारित कर दिया गया है कि माह दिसंबर से 2500 रुपये भुगतान होंगे। उन्होंने भाजपा, आजसू एवं एनडीए गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि आज तक राज्य की जनता के लिए इस तरह का ख्याल क्यों नहीं किया गया हमलोग जब सुध ले रहे हैं, विकास के अनगिनत काम कर रहे हैं तो ये लोग षडयंत्र रचते हैं, मुझे जेल में डाल दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस चुनाव में भाजपा आजसू वालों को वोट की चोट से इतना कूटो कि ये लोग भाग जाए। उन्होंने कहा कि हमने निर्णय ले लिया है कि 24 घंटे लोगों को बिजली भी देंगें और बिजली बिल आयेगा ही नहीं। उन्होंने कहा कि जेपी पटेल जी को जिताइए। अगले पांच साल हमलोग आधी आबादी के खाते में एक लाख रुपया देने का काम करेंगें, जिसकी शुरूआत दिसंबर से मईया सम्मान योजना की राशि 1 हजार की जगह 2500 रुपये करने से शुरू हो जाएगी। हेलीपेड में माननीय मुख्यमंत्री को बुके भेंटकर प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल, विनोद किस्को एवं अन्य ने स्वागत किया। समर्थकों और महिला दीदियों ने पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का हेलीपेड से लेकर मंच तक अभिनंदन किया। मंच में समर्थकों ने प्रत्याशी जेपी भाई पटेल को पुष्पों की भारी भरकम का माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। महागठबंधन प्रत्याशी श्री पटेल ने उपस्थित देवतुल्य जनता से आगामी 20 तारीख को हाथ छाप पर मतदान करने की अपील की। जेपी भाई पटेल ने कहा कि पिछले 12 वर्षों से निरंतर 24 घंटे आपकी सेवा में तत्पर रहा हूं कभी भाई की तरह तो कभी बेटा बनकर, सभी के सुख-दुःख में भागीदारी निभाते आ रहा हूं। समस्याओं के संज्ञान में आते ही त्वरित निदान कराते आया हूं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने महिलाओं को मइया सम्मान योजना के माध्यम से हक, अधिकार और सम्मान दिया है। दिसंबर से इस योजना के तहत 2500 रुपये दिए जाएंगे। सर्वजन पेंशन योजना, 200 यूनिट बिजली फ्री, बकाया बिजली बिल माफ करने का काम कर आप सभी को बड़ी राहत प्रदान करने का काम किया है। 20 तारीख को अपना मत सिर्फ हाथ छाप छाप पर देकर मांडू और राज्य के विकास के मार्ग को प्रशस्त करें। षड्यंत्रकारी भाजपा और आजसू को मांडू और राज्य से बाहर का रास्ता दिखाएं।

## बुलडोजर एक्शन पर एससी की दो टूक किसी का घर गिराना असंवैधानिक

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** अपराधियों पर बुलडोजर ऐक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा है कि किसी भी मामले में आरोपी होने या दोषी ठहराए जाने पर भी घर तोड़ना गलत है। जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस के वी विश्वनाथन की पीठ ने अपनी टिप्पणी में कई अहम बातें कही हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने हाल में चलन में आए 'बुलडोजर न्याय' पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए संपत्तियों को ध्वस्त करने के संबंध में बुधवार को अखिल भारतीय स्तर पर दिशानिर्देश जारी किये और कहा कि कार्यपालक अधिकारी न्यायाधीश नहीं बन सकते, आरोपी को दोषी करार नहीं दे सकते और उसका घर नहीं गिरा सकते।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि लोगों के घर सिर्फ इसलिए ध्वस्त कर दिए जाएं कि वे आरोपी या दोषी हैं, तो यह पूरी तरह असंवैधानिक होगा। न्यायमूर्ति गवई ने फैसला सुनाते हुए कहा कि महिलाएं और बच्चे रातभर सकड़ों पर रहें, यह अच्छी बात नहीं है। पीठ ने निर्देश दिया कि कारण बताओ नोटिस दिए बिना कोई तोड़फोड़ नहीं की जाए और नोटिस जारी किए जाने के 15 दिनों के भीतर भी कोई तोड़फोड़ नहीं की जाए। पीठ ने निर्देश दिया कि ढहाने की कार्यवाही की वीडियोग्राफी कराई जाए।

## सिल्ली की जनता सुदेश को रिकॉर्ड वोटों से जिताएगी : हिमंता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ और राज्य की अस्मिता को खतरे में डाला है। झूठ की बुनियाद पर पांच साल चली सरकार कुशल नेतृत्व के अभाव में योजनाओं को गांव तक पहुंचाने, गरीबों के जीवन में सुधार लाने, महिलाओं को सुरक्षा देने में, युवाओं के भविष्य को संवारने में विफल रही है। जनता को केवल गुमराह करना हेमंत सरकार का काम है।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली के पतराहातू में आयोजित जन आशीर्वाद सभा में कही। इस दौरान असम के मुख्यमंत्री व झारखंड भाजपा के सह प्रभारी हिमंता विश्व सरमा मुख्य के रूप से शामिल हुए।



मुख्यमंत्री 5 लाख नौकरी और बेरोजगारी भत्ता के सवाल से भाग रहे हैं। डेवलपमेंट और जन आकांक्षाओं के आधार पर मूल्यांकन होने पर सरकार के कार्यकाल को एक भी नम्बर प्राप्त नहीं होंगे। यह सरकार किसी भी वादे को पूरा नहीं कर पाई। सास, ससुर का पेंशन चार महीने से रोक कर बहु को पैसा देने का काम कर रही है सरकार। बिजली बिल माफ करने की बात वाली सरकार लोगों को महीने में 200 यूनिट बिजली ही नहीं दे पाई तो बिल माफ करने की बात कोसों दूर है।

स्थानीय और राष्ट्रीय मुद्दों को समाहित करते हुए जनता के हित में हमारा संकल्प पत्र जनता के बीच में है। हमारा संकल्प पत्र महिला दीदी के सम्मान के लिए है। महिलाओं का सम्मान पांच साल के बाद शुरू नहीं होगा। सहयोग देने के साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की भी हमारी तैयारी है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उन्हें पंचायती राज व्यवस्था में 50 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया। राजनीतिक सम्मान के साथ सेल्फ हेल्प ग्रुप से आर्थिक सम्मान देने का हमने काम किया है। एनडीए सरकार ने महिलाओं को एक रुपए में रजिस्ट्री देने का काम किया था जिसे इस सरकार ने बंद कर दिया है।

किसानों की आय को तीन गुना करना हमारा संकल्प है। इसके लिए हर खेत में निःशुल्क पानी और बिजली दिया जाएगा। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 3200 रुपये प्रति क्विंटल किया जाएगा।

## पूर्व मंत्री व भाजपा नेता सधनु भगत का निधन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लोहरदगा :** राज्य के पूर्व मंत्री एवं लोहरदगा के पूर्व विधायक सधनु भगत का बुधवार सुबह 9:00 बजे निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे और उनका इलाज चल रहा था।

सधनू भगत का जन्म 19 जनवरी, 1946 को हुआ था। एकीकृत बिहार में वर्ष 1995 में पहली बार लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने तथा दूसरी बार भी लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर जीत सुनिश्चित की और 15 नवंबर, 2000 को झारखंड अलग होने के पश्चात प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री बने।



उनके निधन की सूचना पर बड़ी संख्या में लोग लोहरदगा ब्लॉक के पास स्थित आवास में पहुंचे और शोक व्यक्त किया। उनके निधन पर लोगों ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि सधनू भगत सादगी के लिए जाने जाते थे और उनकी व्यवहार कुशलता के सभी कायल थे। मंत्री डा.रामेश्वर उरांव उनकी निधन की सूचना मिलते ही सधनू भगत के आवास पहुंचे और परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया।

## विधानसभा चुनाव में हर बूथ पर रोटी-बेटी-माटी का संकल्प जेएमएम-कांग्रेस का सूपड़ा साफ होना तय : नरेन्द्र मोदी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**देवघर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यहां पर झारखंड में पहले चरण का मतदान हो रहा है। रोटी, बेटी और माटी का संकल्प आज हर बूथ पर दिख रहा है। इस चुनाव में भाजपा-एनडीए सरकार की गारंटी मैं देख रहा हूं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने नारी शक्ति और नौजवानों के भविष्य के लिए जो गारंटी दी है उनके प्रति भारी समर्थन दिख रहा है। संथाल भी इस बार नया इतिहास रचने के लिए तैयार है। विधानसभा चुनाव में इस बार जेएमएम-कांग्रेस का सूपड़ा साफ होना तय है।

प्रधानमंत्री बुधवार को देवघर के सारठ विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं बीते दिनों झारखंड में जहां भी गया हर जगह



बाहरी घुसपैठ को लेकर सबसे बड़ी चिंता रही है। झारखंडी गौरव और झारखंडी पहचान आप सबकी ताकत रही है। गर्व से कहते हैं ना कि मैं झारखंडी हूं। कल्पना करिए कि यदि ये पहचान ही खत्म हो गई तो क्या होगा। आंकड़ें बताते हैं कि संथाल क्षेत्र में आदिवासियों की संख्या करीब-करीब आधी रह गयी है। यदि ऐसे ही आदिवासी घटते रहे तो क्या होगा। आपके जल, जंगल जमीन हर चीज पर दूसरों का कब्जा हो जाएगा। हमें इस स्थिति से आदिवासी परिवारों को बचाना है। झारखंड को भी बचाना है। आज झारखंड की पहचान बदलने की बहुत बड़ी साजिश चल रही है।

मोदी ने कहा कि जेएमएम, कांग्रेस और राजद ने बाहर से आए घुसपैठियों को यहां का परमानेंट निवासी बनाने के लिए हर गलत काम किये हैं। इनके लिए रातों-रात पक्के कागज बनाए गये। आदिवासी बेटियों को शादी के नाम पर ठगा गया। इन घुसपैठियों ने आपका रोजगार छीन लिया और आपकी रोटी भी छीन ली। इसपर यहां की सरकार का दोहरा रवैया देखिए। सरकार ने कोर्ट में कह दिया कि यहां घुसपैठ हुआ ही नहीं है। मैं एक वीडियो देख रहा था, यहां स्थानीय निवासियों को पानी तक मिलना मुश्किल हो गया है। इस चुनाव में रोटी, बेटी माटी की सुरक्षा सबसे बड़ा मुद्दा है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि भाजपा एनडीए सरकार संथाल की झारखंड की रोटी, बेटी, माटी से कोई खिलवाड़ नहीं होने देगी।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस के इरादे बहुत खतरनाक हैं और वह देश से आरक्षण खत्म करना चाहती है। उन्होंने सभा में मौजूद लोगों से कहा कि आप ही मेरा परिवार हैं। साथ ही कहा कि कांग्रेस जाति के आधार पर लोगों को बांटने का काम कर रही है। उन्होंने कई जातियों के नाम गिनाते हुए कहा कि ये सभी ओबीसी हैं लेकिन कांग्रेस चाहती है कि ये जातियों आपस में लड़ जाएं। कांग्रेस चाहती है कि आदिवासी आपस में लड़ जाएं। मोदी ने कहा कि भाजपा ने झारखंड बनाया और हम ही इस संवारेंगे। साथ ही कहा कि झारखंड की ऊर्जा से पूरा देश रोशन हो रहा है। मेरा सपना है कि झारखंड देश के अग्रिम राज्यों में खड़ा हो।

## ईडी ने घुसपैठ मामले में छापेमारी कर दो बांग्लादेशी सहित चार को किया गिरफ्तार




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दो बांग्लादेशी नागरिकों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए सभी आरोपितों को बुधवार को कोलकाता स्थित कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। यहां से चारों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर ईडी के अधिकारी झारखंड के लिए रवाना हो गए हैं। इससे पूर्व ईडी की टीम ने मंगलवार को इस मामले में झारखंड और पश्चिम बंगाल में कुल 17 ठिकानों पर छापेमारी की थी।

ईडी के आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि छापेमारी के दौरान मिले सबूतों के आधार पर ईडी की टीम ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें बांग्लादेशी नागरिक रोनी मंडल और समीर चौधरी के अलावा भारतीय नागरिक पिंटू हलधर और पिंकी बसु मुखर्जी शामिल हैं। चारों पर मानव तस्करी में संलिप्तता, बांग्लादेशी घुसपैठ करवाने, उनके फर्जी आधार कार्ड, फर्जी पासपोर्ट आदि बनवाने के आरोपों की पुष्टि हुई है। अब ईडी के अधिकारी रांची में चारों से रिमांड पर पूछताछ करेंगे।

उल्लेखनीय है कि गत मंगलवार की छापेमारी में आरोपितों के ठिकाने से फर्जी आधार कार्ड, फर्जी पासपोर्ट, अवैध हथियार, अचल संपत्ति से संबंधित दस्तावेज, नकदी, गहने, प्रिंटिंग के कागजात, प्रिंटिंग मशीन, फर्जी आधार कार्ड बनाने के लिए खाली फॉर्म व कागजात की बरामदगी हुई हुई थी। ईडी ने रांची के बरियातू थाने में चार जून को कांड संख्या 188/2024 को धोखाधड़ी, जालसाजी और विदेशी अधिनियम के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर मनी लांड्रिंग के तहत केस किया था।

# बड़कागांव विधानसभा चुनाव में 26 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बंद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**केरेडारी :** 22 बड़कागांव विधान सभा चुनाव को लेकर केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। केरेडारी अंचल के 88 व टंडवा अंचल के 20 मतदान केंद्रों पर शांति पूर्ण संपन्न हो गया। मतदान के दौरान महिला पुरुष युवा वोटर के साथ बुजुर्ग मतदाता भी अपने अपने परिजनों के साथ वोट डालने पहुंचे थे। वहीं इंडी गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी सह नि वर्तमान विधायक अंबा प्रसाद अपने भाई अंकित राज पिता सह पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के साथ अपने पैतृक गांव पहरा के बूथ संख्या 30 पर मतदान की। व झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बड़कागांव विधान सभा से पार्टी प्रत्यासी बालेश्वर कुमार ने अपने पैतृक गांव स्थित मतदान केंद्र संख्या 64 कन्या मध्य विद्यालय में अपने समर्थकों के साथ मतदान किया। वहीं मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए सुबह 7 बजे से ही लंबे लंबे कतार में नजर आए। जबकि 13 नवंबर को अहले सुबह पांच बजे से ही पूरा केरेडारी प्रखंड क्षेत्र घने कोहरे के आगोश में समाया हुआ था। जो सुबह नौ बजे दिन तक छाया रहा। घने कोहरे और टपकते ओस के बूंदों के बीच मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करते नजर आए। मतदाताओं को उत्साहित करने को लेकर केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में 8 मॉडल बूथ प्रखंड प्रशासन द्वारा बनाया गया था। जहां लोग अपने मताधिकार का उपयोग कर सेल्फी लेते नजर आए। वहीं मतदान के दौरान कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। मतदान पूर्ण रूपेण शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। मतदान को शांति पूर्ण संपन्न कराने को लेकर केरेडारी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से कड़ी निगरानी रखी जा रही थी। प्रखंड प्रशासन हर एक बूथ पर लगे सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से भी निगरानी कर रही थी। वहीं केरेडारी अंचल अधिकारी सह सहायक निवार्ची पदाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल बीडीओ विवेक कुमार केरेडारी थाना प्रभारी अजीत कुमार सिकरी थाना प्रभारी सुनील सिंह पगार ओपी प्रभारी बिक्की ठाकुर समेत अन्य अधिकारी हर एक बूथ पर पहुंच कर जायजा लेते रहे। केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया कही से ईवीएम में तकनीकी खराबी की सूचना नहीं मिली। सुबह 7 बजे से नौ बजे दिन तक 15.43 प्रतिशत रहा जिसमें 15.51 प्रतिशत पुरुष व 14.43 प्रतिशत महिलाओं ने वोट डाले वहीं सुबह नौ बजे से 11 बजे के सत्र में 34.68 प्रतिशत मतदान हो चुका था। जबकि सुबह 11ए बजे दिन से दोपहर 1बजे तक 52.97 प्रतिशत मतदान हुआ था जिसमें 50 प्रतिशत पुरुष और 55.16 प्रतिशत महिलाओं ने वोट डाल चुके थे। वहीं दोपहर 1 बजे से दोपहर 3 बजे तक 69.47 प्रतिशत मतदान हुआ था। जिसमें महिलाएं 63.47 प्रतिशत और 63.69 प्रतिशत पुरुषों ने वोट डाले थे। संवेदन शील बूथों के मतदान केंद्र और समय में किया गया था बदलाव , केरेडारी के बूथ संख्या संख्या 1 से बूथ संख्या 6 और बूथ संख्या 77 से 88 तक सुबह 7 बजे से शाम चार बजे तक मतदान हुआ। वहीं मतदान केंद्र संख्या 77 निरी को रि लोकेट कर उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिरोया व मतदान केंद्र कोजीया का स्थान परिवर्तन कर उत्क्रमित मध्य विद्यालय लजीदाग शिफ्ट किया गया था।

# मांडू विधानसभा क्षेत्र को विकसित और विकासशील बनाने के लिए एनडीए की सरकार को जरूर जिताएं : मनीष जायसवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** झारखंड विधानसभा चुनाव- 2024 के प्रथम चरण में हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र में अपना मतदान करने के उपरांत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बुधवार को द्वितीय चरण के मतदान को लेकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मांडू विधानसभा क्षेत्र के कई क्षेत्रों का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने इस क्षेत्र में पांच चुनाव कार्यालयों का विधिवत उद्घाटन फीता काटकर और नारियल फोड़कर किया। इन कार्यालयों के माध्यम से मांडू विधानसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित आजसू उम्मीदवार निर्मल महतो उर्फ. तिवारी महतो के चुनावी गतिविधियां संचालित होंगी और एनडीए गठबंधन में शामिल भाजपा, आजसू, जदयू और लोजपा (रामविलास) के कार्यकर्ता आपसी समन्वय स्थापित कर क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाएंगे। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने अपने मांडू विधानसभा क्षेत्र के चुनावी दौरे की शुरूआत चरही से की। यहां चरही चौक पर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद घाटो वेस्ट क्षेत्र के केदला उत्तरी पंचायत स्थित भेलगढ़ा चौक पर, आरा मंडल क्षेत्र के बड़गांव बाजार चौक पर, बलसगरा और गिद्दी के रेलीगढ़ा में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उनका चरही, करमटिया, भेलगढ़ा, बड़गांव, बलसगरा और गिद्दी क्षेत्र में स्थानीय एनडीए कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने फूल माला पहनाकर जबरदस्त स्वागत किया। मौके पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मांडू विधानसभा क्षेत्र के लिए दूसरे चरण में आगामी 20 नवंबर को मतदान होगा। आप सभी से आग्रह है कि मांडू विधानसभा क्षेत्र को विकसित और विकासशील विधानसभा बनाने के साथ झारखंड में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन की सशक्त सरकार बने इसके लिए ईवीएम के क्रम संख्या 02 में चुनाव चिन्ह केला छाप पर मतदान करने निर्मल महतो उर्फ. तिवारी महतो को विजयी जरूर बनाएं। मौके पर लोग रहें मौजूद रामगढ़ जिले के बीजेपी जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, खोखा सिंह, पंकज साहा, बसंत प्रजापति, गिरधारी महतो, रणधीर सिंह, शंकर करमाली, सर्वेश सिंह, करुण सिंह, पुरुषोत्तम पांडेय, वकील महतो, सुधीर सिंह, अभिषेक शेखर, रणजीत कुमार, अनिल चंद्रवंशी, संजय शर्मा, संजीत ठाकुर, गोविंद रजवार, बालदेव विश्वकर्मा, सुरेंद्र यादव, शैलेश कुमार, विनोद महतो, प्रेमनाथ महतो, हुकुमनाथ महतो, फलेंद्र राम, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## निशांत सिंह को पुलिस ने उठाया निशि पांडे ने जाहिर की कड़ी प्रतिक्रिया

**रामगढ़ :** बड़कागांव विधानसभा चुनाव के दौरान समाजसेवी निशि पांडे के भाई निशांत सिंह को पतरातु पुलिस ने स्टिम कॉलोनी स्थित उनके आवास से उठा लिया। बुधवार की दोपहर जैसे ही यह खबर चर्चा में आई निशि पांडे ने एक वीडियो वायरल कर कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि उनके भाई को उठाने के पीछे विधायक अंबा प्रसाद और उनके पिता योगेंद्र साव की साज़िश है। उन्होंने कहा कि हार की डर से उन्होंने साजिश रची है। जनता इसका बदला लेगी। निशांत सिंह ने वोट भी नहीं डाला। एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने बताया कि चुनाव के दौरान बूथ पर अशांति फैलाने के संदेह पर निशि पांडे को नोटिस किया जा चुका है। लॉ एंड आर्डर को देखते हुए पुलिस अपना काम कर रही है।

# बरही विधानसभा में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न शाम 5 बजे तक 61.1 प्रतिशत हुआ मतदान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत बरही विधानसभा में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। सुबह 7 बजे से ही सभी 400 बूथों पर मतदान प्रक्रिया का शुभारंभ हुआ, जिसमें मतदाताओं ने उत्साह के साथ भाग लिया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी जिम्मेदारी निभाई। चुनाव आयोग के अनुसार, बरही विधानसभा में कुल 61.1 प्रतिशत मतदान हुआ, जो एक सकारात्मक संकेत है और लोगों की लोकतंत्र में आस्था को दर्शाती है। सुबह 9 बजे तक 15 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था, जिसके बाद मतदाताओं की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी देखी गई। 11 बजे तक मतदान का प्रतिशत 31.60 तक पहुंच गया, और दोपहर 1 बजे तक यह बढ़कर 48.80 प्रतिशत हो गया। दोपहर बाद 3 बजे तक यह संख्या 59.30 प्रतिशत पर पहुंच गई, और आखिरकार शाम 5 बजे तक 61.1 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था काफी चाक-चौबंद रही। सभी बूथों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। डीएसपी अजीत कुमार विमल और इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभाष कुमार ने सुरक्षा का मोर्चा संभाला और प्रत्येक बूथ पर स्थिति का जायजा लेते रहे। इसके अलावा निवार्ची पदाधिकारी एसडीओ जोहन टुडू, सहायक निवार्ची पदाधिकारी जयपाल महतो, और सीओ अमित किस्कू ने भी मतदान केंद्रों का दौरा कर चुनाव प्रक्रिया की निगरानी की। उन्होंने विभिन्न बूथों पर जाकर मतदान के दौरान मतदाताओं और चुनावकर्मियों से बातचीत की और यह सुनिश्चित किया कि मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से चलती रहे। उनकी सतर्कता और दिशा-निदेर्शों के कारण चुनाव संपन्न होने तक किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई।

# क्षेत्र के विकास के प्रति मेरी प्रतिबद्धता अटूट है : हर्ष अजमेरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में 25 हजारीबाग का चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न होने के उपरांत अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने इस अवसर पर सदर विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं का धन्यवाद किया, जिन्होंने लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाई और जोश और उत्साह के साथ मतदान में भाग लिया। अजमेरा ने चुनाव आयोग और जिला प्रशासन का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने चुनाव आयोग की निष्पक्षता और पारदर्शिता के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हुए, मतदाताओं को निर्भीक और स्वतंत्र मतदान का अवसर प्रदान करने के लिए उनकी सराहना की। हर्ष अजमेरा ने सदर विधानसभा क्षेत्र की जनता को यह विश्वास दिलाया कि वे उनके बेटे और भाई के रूप में उनके सेवा और सम्मान में हमेशा खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा, मैं आपके विश्वास का मान रखते हुए हमेशा आपके बीच रहूंगा और आपके हितों की रक्षा के लिए तत्पर रहूंगा। क्षेत्र के विकास के प्रति मेरी प्रतिबद्धता अटूट है, और मैं आपके विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगा। चुनाव समाप्त होने के बाद अब सभी को आगामी 23 नवंबर को परिणाम की प्रतीक्षा है।

# बड़कागांव में विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बुधवार को बड़कागांव विधानसभा चुनाव में घर-घर से लोग वोट करने के लिए निकलते देखा गया। इस बार के चुनाव में सभी त्योहारों को पीछे छोड़ते हुए लोगों में काफी उत्साह देखा गया। पक्ष हो या विपक्ष हो दोनों अपने समर्थकों को अपने बुथों तक लाने के लिए दिनभर प्रयास करते रहे। चौपदार बलिया बूथ नंबर 201, पंडरिया बूथ नंबर 152, सोनबरसा बूथ नंबर 118, कोईलंग बूथ नंबर 214 व अन्य दो-तीन बुथों में मशीन खराबी या बैटरी डाउन होने के कारण मतदान देरी से शुरू हुआ। इसके अलावा कहीं से किसी प्रकार कोई गड़बड़ी देखने को नहीं मिली शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ। चुनाव को लेकर हर तरफ एक दूसरे को सहयोग करते लोग नजर आए। बड़कागांव प्रखंड के सभी 127 से बुथों में बढ़ चढ़कर लोगों ने मतदान किया एक नई दिशा देने का प्रयास किया। पूरे प्रखंड में लगभग 70% मतदान हुआ है। नये मतदाता मतदान कर काफी उत्साहित नजर आए। गंगादोहर निवासी दीपांजलि कुमारी व भाई प्रियांशु कुमार ने कहा की पहली बार वोट करना काफी अच्छा लगा। सरकार जिसकी भी बने लेकिन युवाओं की रोजगार पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। वही अति वृद्ध 96 वर्षीय गुरु चट्टी निवासी बालेश्वर महतो ने कहा कि मैं 1952 में पहली बार वोट किया था, उस समय वोटिंग का कार्य लगभग 9 दिनों तक चला था। उस वक्त बड़कागांव थाना में मतदान केंद्र बनाया गया था, जिसमें अलग-अलग निर्धारित तिथियां पर अलग-अलग गांव के मतदाता रंगीन पर्ची से वोट डाले थें। बुधवार को हुए चुनाव में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के कुल 386072 मतदाताओं के द्वारा बड़कागांव के 26 प्रत्याशियों का भाग्य का फैसला किया जाएगा। वहीं प्रत्याशियों की किस्मत ईवीम मशीन में कैद हो गया है अब भाग्य का फैसला 23 नवंबर को मतगणना से होगा। चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला देखा गया है। परंतु इसमें मुख्य रूप से भाजपा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी और कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद के बीच लड़ाई नजर आ रही है। इस चुनाव में पचपोनिया वोट निर्णायक हो सकता है। एक खास पार्टी को पचपोनीया मतदाताओं ने जमकर वोटिंग किया है। पिछले बार 2019 में दूसरे पार्टी को किया था। आंकड़ों पर नजर डाले तो 1957 से अब तक हुए चुनाव में जनता पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, और कांग्रेस पार्टी ने लगातार तीन-तीन बार जीतकर इतिहास स्थापित किया है। अब तक लगातार तीन बार से अधिक किसी भी पार्टी ने जीत हासिल नहीं कर पाई है। इस बार अंबा प्रसाद चुनाव जितने में सफलता हासिल करती है तो यह कांग्रेस के लिए चमत्कार से कम नहीं होगा और अंबा प्रसाद इतिहास भी रच सकती है।

## एक नजर

### सपा प्रत्याशी अकेला ने बरही की जनता का जताया आभार

**बरही :** विधानसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी उमाशंकर अकेला ने बरही की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बरही विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने जो विश्वास और समर्थन उन्हें दिया है, उसके लिए वह आभारी हैं। उमाशंकर अकेला ने चुनावी प्रक्रिया को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी मतदाताओं और प्रशासन का धन्यवाद किया। उन्होंने आगे कहा कि जनता का आशीर्वाद उनके लिए बड़ी प्रेरणा का स्रोत है।

### प्रतापपुर के बूथ संख्या 201 पर मतदान का बहिष्कार



**चतरा :** चतरा विधानसभा क्षेत्र के प्रतापपुर प्रखंड के नवरतनपुर के बूथ संख्या 201 पर मतदाताओं ने इस बार वोट बहिष्कार किया है। जिला प्रशासन और प्रखंड प्रशासन के लाख प्रयास के बावजूद शाम 4:00 बजे तक एक भी मतदाता यहां मतदान करने के लिए नहीं पहुंचा। यहां वोट बहिष्कार की चेतावनी ग्रामीणों ने पूर्व में ही दी थी। निर्धारित अवधि तक कोई कार्रवाई नहीं होने के बाद आज मतदान के लिए कोई भी मतदाता बूथ तक नहीं पहुंचे। अहले सुबह ही मतदान कर्मी यहां पहुंच गए थे। सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। शाम 4:00 बजे तक मतदाताओं की राह मतदान कर्मी देखते रहे लेकिन कोई भी यहां वोट देने के लिए नहीं पहुंचा। बताया जा रहा है कि हाल के दिनों में गांव के एक युवक रंजीत यादव की हत्या हो गई थी। हत्यारों की गिरफ्तारी और परिजनों को इंसाफ की मांग को लेकर लोगों ने आंदोलन किया था। प्रखंड और जिला प्रशासन की ओर से उन्हें कई आश्वासन मिले लेकिन अब तक हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने के कारण गांव वालों ने वोट बहिष्कार कर दिया। सूचना मिलने के बाद प्रतापपुर बीडीओ अभिषेक पांडे, सीओ विनोद टुडू, थाना प्रभारी कासिम अंसारी सहित अन्य यहां पहुंचे और ग्रामीणों को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण इनकी बातों को अनसुना कर दिया। बूथ संख्या 201 पर 913 मतदाता हैं।

### अंबा प्रसाद ने परिवार के साथ किया मतदान

**रामगढ़ :** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की विधायक और कांग्रेस उम्मीदवार अंबा प्रसाद ने परिवार के साथ मतदान किया। उन्होंने केरेडारी प्रखंड अंतर्गत पंचायत हेवई के ग्राम पहरा के बूथ नंबर 30 में मताधिकार का प्रयोग किया। साथ ही विधानसभा क्षेत्र की जनता को समर्थन देने के लिए धन्यवाद भी दिया।

### समाजसेवी निशि पांडे ने किया मतदान

**रामगढ़ :** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी निशि पांडे ने बूथ नंबर 279 पर वोट डाला। मतदान के बाद उन्होंने कहा कि हारने वाले लोग बौखलाए हुए हैं। हार की बौखलाहट इस कदर दिख रही है कि उनके परिवार पर व्यक्तिगत हमला किया जा रहा है। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की जनता उनके सारे मंसूबे को जान चुकी है। उन्होंने बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद पर टिप्पणी की और कहा कि वह ना तो अपना घर संभाल सकती हैं और ना ही किसी दूसरे का। पूरे विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी वह कैसे उठाएंगी। अंबा प्रसाद और योगेन्द्र साव पुलिस को गुमराह कर रहे हैं। इन सब बातों को मुझे मजबूरी में समाज के बीच रखना पड़ रहा है। किस तरह अंबा प्रसाद के भाई पर पैसे बांटने के आरोप में ग्रामीणों ने घेरा।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने किया मतदान



**हजारीबाग :** लोकतंत्र के महापर्व पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निर्वहन कर संत रोबर्ट बालिका उच्च विद्यालय बुथ संख्या 288 मतदान केंद्र में में विकसित एवं समृद्ध विधानसभा के निर्माण में मतदान किया। हजारीबाग विधानसभा के तमाम देवतुल्य मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान कर अच्छे जनप्रतिनिधि एवं सुशासन की सरकार बनाने की अपील किया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व पर मताधिकार का प्रयोग कर विकसित एवं समृद्ध विधानसभा बनाने के साथ- साथ सुशासन की सरकार बनाने के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए। इस दौरान मतदान कर हजारीबाग विधानसभा के विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहूंचकर भाजपा कार्यकताओं से जायजा ली। जिसमें हाई स्कूल जबरा बुथ संख्या 293, 294, 295, राजकीय मध्य विद्यालय लाखे बुथ संख्या 374, 377, 372, प्राथमिक उच्च विद्यालय बुथ संख्या 371, बालक उच्च विद्यालय, देवांगना बुथ संख्या 304, 305, 306, संत कॉलम्बस कॉलेज बुथ संख्या 310, 311, 312, हुरहुरू बूथ संख्या 315, संत पाउल स्कूल हुरूहुरू बुथ संख्या 274, 273, 272, विवेकानंद स्कूल बूथ संख्या 267, 268, 269, 270, 271, कुम्हरटोली बुथ संख्या 226, 227, 228, 230, 231, मुनका बगिचा बुथ संख्या 232, 233, 220, 221, 222, 223, 224, कुम्हरटोली बुथ संख्या 210, 211, 212, 209, 208, हुरहुरू बूथ संख्या 315, संत पाउल स्कूल हुरूहुरू बुथ संख्या 274, 273, 272, विवेकानंद स्कूल बूथ संख्या 267, 268, 269, 270, 271 एवं प्राइमरी हिंदी स्कूल खिरगांव बुथ संख्या 256, 257, 258, 259, 260 सहित कई मतदान केंद्र पर पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत कर जायजा ली। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने हजारीबाग विधानसभा के देवतुल्य मतदाताओं का भाजपा पार्टी के प्रति स्नेह, समर्थन एवं विश्वास काफी अभिभूत हुई तथा उन्होंने अपार जनसमर्थन एवं आशिर्वाद के साथ हजारीबाग विधानसभा में कमल खिलने एवं राज्य में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनने की बात कही।

### चौपारण में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं ने की जमकर वोटिंग



**चौपारण :** प्रखण्ड के सभी 170 बूथों पर मतदान शान्तिपूर्ण समपन्न हुआ। इस दौरान युवाओं से लेकर बुजुर्ग मतदाता भी अपने मताधिकार के प्रयोग को लेकर काफी उत्साहित देखे गए। बूथ न 41 में एक बुजुर्ग महिला को गोद में उठाकर परिजनों ने वोटिंग के लिए लाया। वहीं मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में मुस्लिम महिलाएं नाकाब पहन कर वोट देते नजर आए। वोट देने के लिए मतदाता सुबह से ही लंबी लाइन में खड़े दिखे। मतदाताओं ने पहले वोट फिर जलपान की बात कही। वहीं वोटिंग शुरू होने से पहले कुछ बूथों में ईभीएम की खराबी की सूचना मिलने पर सीओ सजंय यादव के द्वारा त्वरित ठीक करवाया गया। वहीं चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश द्वारा प्रखण्ड के अधिकांश बूथों का स्वयं निरीक्षण और सुरक्षा का जायजा लिया गया। प्रखण्ड में इस बार आशा से अधिक 62 .12 प्रतिशत मतदान हुआ। प्रखण्ड 170 बूथों के 137762 मतदाताओं में 85572 मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया। पुरुषों से अधिक 8826 महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 38373 पुरुष ( 54 .25 ) मतदाता और 47199 महिला मतदाता ( 70 .42 ) शामिल हैं। प्रखण्ड के मुर्तिया बूथ न 2 पर सबसे अधिक मतदान 81 .68 जबकि परियोजना + 2 उच्च विद्यालय रामपुर बूथ न 148 में सबसे कम 48 .13 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदाताओं ने किस प्रत्याशियों को कितना अपना मत दिया ये तो 23 नवम्बर को पता चलेगा। फिलहाल सभी 17 प्रत्याशियों का किस्मत ईभीएम में बन्द हो गई है। इधर जोनल मजिस्ट्रेट सीओ सजंय यादव और बीडीओ नितेश भास्कर के अगुवाई में प्रखण्ड में बने कंट्रोल रूम द्वारा सभी बूथों का पल पल निगरानी व खबर ली जा रही थी। वहीं प्रखण्ड में 34 पुरुष और 9 महिला मतदान कमीर्यों को रिजर्व में रखा गया था।

### प्रथम चरण के मतदान में हजारीबाग के तीन विस क्षेत्रों में 59.13 प्रतिशत मतदान

**हजारीबाग :** विधानसभा निर्वाचन 2024 के तहत प्रथम चरण का मतदान 13 नवंबर को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। सभी तीन विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान संपन्न कराया गया। मतदान के समापन के उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि 20 बरकट्ठा,21 बरही,25 हजारीबाग तीन विधानसभा क्षेत्र में शाम 5:00 बजे तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 59 .13 मतदान हुए है। कई बूथों पर मतदाता कतारबद्ध थे जिन्हें मतदान कराया जा रहा है, अभी अद्यतन मतदान प्रतिशत का रिपोर्ट आना शेष हैं। अपराह्न 05 .00 बजे तक 20-बरकट्ठा में 59 .01 ,21-बरही में 61.1,25- हजारीबाग में 57 .65 सहित कुल वोटिंग प्रतिशत 59 .13 हुए है। पूरी निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद विस्तृत रिपोर्ट को एउक(भारत निर्वाचन आयोग) के वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय या विधि व्यवस्था से संबंधित घटना नहीं घटी है। सभी मतदान कर्मी देर शाम तक बाजार समिति, हजारीबाग के स्ट्रॉन्ग रूम में पोल्ड ईवीएम को सुरक्षित जमा कर देंगे।

### बरही विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने जनता का जताया आभार

**बरही :** इंडिया महागठबंधन से बरही विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने चुनाव प्रक्रिया के संपन्न होने के बाद जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के मतदाताओं ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए जो सहयोग दिया है, वह सराहनीय है।अरुण साहू ने अपनी जीत को लेकर आत्मविश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का समर्थन और आशीर्वाद उन्हें पूरी तरह से प्राप्त है। उन्होंने भरोसा जताया कि बरही की जनता ने उन्हें सेवा का अवसर देने का निर्णय लिया है। उन्होंने आगे कहा कि यदि वे चुनाव में विजयी होते हैं, तो क्षेत्र के विकास और जनता के हितों को प्राथमिकता देते हुए कार्य करेंगे।

### भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव ने अपनी जीत का जताया भरोसा

**बरही :** बरही विधानसभा भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव ने विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न होने पर पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान प्रशासन और जनता के सहयोग से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ, जिसके लिए वह सभी संबंधित पक्षों का धन्यवाद करते हैं। मनोज यादव ने अपनी जीत को लेकर भरोसा जताते हुए कहा कि जनता ने विकास और सुशासन के मुद्दे पर उन्हें समर्थन दिया है। उन्होंने दावा किया कि मतगणना के बाद बरही विधानसभा में भाजपा की जीत सुनिश्चित होगी। उन्होंने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह चुनाव उनके लिए सिर्फ एक राजनीतिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनता की सेवा का अवसर है। उन्होंने जनता को विश्वास दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान और क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता होगी।

## एक नजर

### बिना अनुमति के वापस लौटना आईपीएस को पड़ा महंगा, निलंबित

**रांची :** राजस्थान कैडर के आईपीएस किशन सहाय मीणा को बिना अनुमति ड्यूटी से वापस राजस्थान लौटने के मामले में चुनाव आयोग ने कार्रवाई करते हुए उन्हें सस्पेंड कर दिया है। इस संबंध बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार, 2004 बैच के आईपीएस किशन सहाय मीणा को गुमला में पुलिस ऑब्जर्वर के रूप में तैनात किया गया था। उन पर बिना अनुमति के ड्यूटी छोड़ने का आरोप है। अब उनकी जगह दूसरे अधिकारी की तैनाती कर दी गई है। इसकी पुष्टि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने की है।

### अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया मतदान



**रांची :** राज्य के अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा ने रातू रोड रांची के तहसील कचहरी के बूथ संख्या 49 पर मतदान किया। दूसरी ओर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह ने कांके विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नेहरू संस्कृति केंद्र, जवाहर नगर के बूथ संख्या 339 पर मतदान किया।

### हटिया और रांची से महागठबंधन प्रत्याशी पर आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज

**रांची :** भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिलकर रांची व राज्य के अलग-अलग हिस्से में आदर्श आचार संहिता की उल्लंघन के मामले पर अवगत कराया है। दो मामले जिसमें रांची विधानसभा सीट से झामुमो की उम्मीदवार महुआ माजी और हटिया विधानसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार अजय नाथ शाहदेव पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश निर्वाचन पदाधिकारी की ओर से दिया गया है। जबकि दो मामले पर जांच का आदेश दिया गया है। महुआ माजी पर गले में पार्टी का पट्टा और अजय नाथ शहदेव पर मतदाता पर्ची में उनकी तस्वीर होने का आरोप लगा है।

### रांची जिला के अंतर्गत पांच विधानसभा में हुआ 60.49 प्रतिशत मतदान

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में रांची जिला के पांच विधानसभा में बुधवार को मतदान सम्पन्न हुए। मतदान सम्पन्न होने के बाद रांची डीसी वरुण रंजन और रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। डीसी ने कहा मतदान सम्पन्न होने के पश्चात सभी पोल्ड ईवीएम कृषि पंडरा के बज्रगृह में अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के लिए चिन्हित हॉल में जमा किये जा रहे हैं। इसी क्रम में तमाड़ विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कुल 57 मतदान केन्द्रों, कांके विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कुल 21 मतदान केन्द्रों एवं मांडर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कुल 10 मतदान केन्द्रों के पोल्ड ईवीएम सुरक्षा के दृष्टिगत पूर्व गुरुवार बज्रगृह में जमा किये जायेंगे। उन्होंने बताया प्रथम चरण अन्तर्गत अब तक कुल 09 आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामलों में एफआईआर दर्ज हुआ है। प्रथम चरण के मतदान दिवस के दिन रांची जिला अन्तर्गत तीन शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिसपर आवश्यक कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कराया गया है। इसके अलावा हटिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी बूथों पर कांग्रेस प्रत्याशी का चित्र लगा हुआ पर्ची बांटने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई है।

# आईजी, डीआईजी, उपायुक्त, एसपी, एसएसपी और एसडीओ सहित कई ने किए मतदान









प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर बुधवार की सुबह सात से ही राज्य के 43 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान जारी है। इसी दौरान कई पुलिस अधिकारियों ने ड्यूटी पर रहते हुए भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। आईजी अभियान एवी होमकर ने डिबडीह स्थित मतदान केंद्र में मतदान किया जबकि रांची रेंज के डीआईजी अनुप बिरथरे ने भी पत्नी के साथ चिरौंदी के मतदान केंद्र पर जाकर वोट डाला। साथ ही पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) एसएसपी किशोर कौशल भी पत्नी संग मतदान केंद्र पहुंचे और मतदान किया।

रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त वरुण रंजन ने मोरहाबादी के रेड क्रॉस सोसाइटी स्थित मतदान केंद्र पर वोट दिया। डीसी ने रांचीवासियों से भी मतदान करने की अपील की। उन्होंने मतदाताओं से लोकतंत्र को सशक्त बनाने में योगदान देने की अपील की। उपायुक्त ने बताया कि सुबह से ही बड़ी संख्या में मतदाता मतदान के लिए बूथों पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि शाम पांच बजे तक मतदान केंद्रों में मतदान जारी रहेगा, इससे पहले बूथ पर पहुंचकर वोट अवश्य दें। दूसरी ओर, सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने नवीन आरुषि स्कूल स्थित मतदान केंद्र पर मतदान किया। उन्होंने सभी मतदाताओं से भी वोट करने की अपील की। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा और उनकी पत्नी कंचन सिंह ने बुधवार को बरियातू स्थित मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान किया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने रांची के आम जनता से अपील की है कि सभी अपने मताधिकार का जरूर इस्तेमाल करें। निर्भीक होकर घरों से निकले और वोट दें। किसी भी तरह की समस्या होने पर पुलिस को तुरंत सूचित करें। रांची पुलिस द्वारा जिला में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त वरुण रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने हिंदपीढ़ी क्षेत्र के विभिन्न बूथों का बुधवार को निरीक्षण किया। दोनों अधिकारी बुलेट से निरीक्षण करने निकले। दोनों अधिकारियों ने वोट डालने पहुंचे मतदाताओं से बातचीत की। मतदाताओं ने कहा कि वोटिंग में उन्हें किसी प्रकार की समस्या नहीं हो रहीं है। दोनों अधिकारियों ने चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशानुसार वोट कराने का निर्देश वहां मौजूद पदाधिकारियों को दिया।

## जनता को गुमराह करना ही सरकार का काम : सुदेश महतो

**रांची :** सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ और राज्य की अस्मिता को खतरे में डाला है। झूठ की बुनियाद पर पांच साल चली सरकार कुशल नेतृत्व के अभाव में योजनाओं को गांव तक पहुंचाने, गरीबों के जीवन में सुधार लाने, महिलाओं को सुरक्षा देने में, युवाओं के भविष्य को संवारने में विफल रही है। जनता को केवल गुमराह करना हेमंत सरकार का काम है। ये बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली के पतराहातू में आयोजित जन आशीर्वाद सभा में कही। इस दौरान असम के मुख्यमंत्री व झारखंड भाजपा के सह प्रभारी हिमंता विश्व सरमा मुख्य के रूप से शामिल हुए।

# झारखंड में महागठबंधन को मिलेगी भारी जीत : कांग्रेस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने दावा किया कि इस बार झारखंड की जनता भाजपा को सत्ता से बाहर कर महागठबंधन को 75 प्रतिशत से ज्यादा सीटों पर विजय दिलाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा का नफरत और दंगाई भाषा का चुनावी अभियान जनता ने पूरी तरह नकार दिया है। झारखंड के भाईचारे को बरकरार रखने के लिए लोग भाजपा से दूरी बनाएंगे, जो विभाजनकारी नीति पर चलकर सत्ता हासिल करना चाहती है।



### भाजपा के "बांटो और राज करो" नीति का झारखंड में नहीं चला जादू

सोनाल शांति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, हेमंत बिस्वा सरमा, शिवराज सिंह चौहान समेत भाजपा के तीन दर्जन से अधिक नेताओं ने झारखंड की जनता को भड़काने का प्रयास किया, लेकिन जनता ने विकास के मुद्दे को प्राथमिकता दी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा आदिवासी समुदाय का वोट तो लेना चाहती है, पर धार्मिक पहचान देने से कतराती है। साथ ही, पिछड़े वर्गों के आरक्षण में कटौती कर केवल झूठे विकास के वादे कर रही है।

### झारखंड की जनता को सांप्रदायिकता के प्रयोगशाला में बदलने का प्रयास

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा ने "घुसपैठ" नाम का नया एजेंडा लेकर झारखंड में सांप्रदायिकता का जहर घोलने का प्रयास किया है, लेकिन जनता इस बार भाजपा के इस चेहरे पर करारा जवाब देगी। उन्होंने झारखंड के लोगों से लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिकतम भागीदारी की अपील की और कहा कि सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने वाले तत्वों को राज्य में पनपने न दें।

### सांप्रदायिकता से दूर विकास के एजेंडे के साथ खड़ा है झारखंड

सोनाल शांति ने झारखंड के लोगों को लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान करते हुए कहा कि झारखंड को सांप्रदायिकता की प्रयोगशाला न बनने दें और एक विकसित और सकारात्मक उदाहरण के रूप में राज्य को पूरे देश के सामने पेश करें।

# चुनाव में नक्सली डर पर भारी पड़ा लोकतंत्र के पर्व का उत्साह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** विधानसभा चुनाव में राज्य के अति नक्सल प्रभावित माने जाने वाले क्षेत्रों में पूर्व के भय और दहशत पर मतदाताओं का उत्साह भारी पड़ा। मतदान प्रारंभ होने के साथ ही मतदाता लोकतंत्र में आस्था दिखाते हुए घरों से निकलकर मतदान केंद्र पर कतारबद्ध होकर मतदान में हिस्सेदारी निभाने को आतुर दिखे। पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या-254 प्राथमिक विद्यालय कोलबंगा तथा मतदान केंद्र संख्या-255 उत्क्रमित



विद्यालय रबांगा के क्षेत्र में नक्सलियों के द्वारा मतदान बहिष्कार के संबंध में पोस्टरबाजी और मतदाताओं को धमकी की भी सूचना प्राप्त हुई। सुरक्षा बलों द्वारा सफलतापूर्वक पोस्टर हटा दिया गया और शांतिपूर्ण मतदान चल रहा है। यहां के मतदाता सुरक्षाबलों की तैनाती में निडर होकर मतदान कर रहे थें। गुमला जिले के कुरुमगढ़ के 7 मतदान केंद्र ऐसे हैं, जहां झारखंड राज्य गठन के बाद पहली बार मतदान हो रहा था। अति उग्रवाद प्रभावित होने के कारण मतदाता मताधिकार से वंचित रह जाते थे। इन सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता पहली बार मताधिकार का इस्तेमाल कर उत्साहित थें। नक्सलियों के गढ़ कहे जाने वाले बूढ़ा पहाड़ के वोटर लोकतंत्र में विश्वास दिखा रहा था। एक समय जहां नक्सलियों के डर से लोग घर से बाहर नहीं निकलते थे, वहीं आज भारी संख्या में उत्साहित होकर मतदान किए।

## हिंदपीढ़ी क्षेत्र में बूथ निरीक्षण को पहुंचे डीसी

**रांची :** उपायुक्त रांची वरुण रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा द्वारा हिंदपीढ़ी क्षेत्र के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया गया। वरुण रंजन एवं चंदन सिन्हा ने वोट डालने पहुंचे मतदाताओं से बातचीत की। मतदाताओं ने बताया कि वोटिंग में उन्हें किसी प्रकार की समस्या नहीं हो रही है। पदाधिकारी द्वारा चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार वोट कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। बताते चलें कि बूथों पर चल रही मतदान प्रक्रिया के निरीक्षण के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची और वरीय पुलिस अधीक्षक रांची बाइक से निकले।

# इंडी गठबंधन दोबारा बनायेगी सरकार : सुप्रियो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में इंडी गठबंधन दोबारा सरकार बनायेगी। यह बात बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कही। उन्होंने कहा कि छठे झारखंड विधानसभा के गठन के लिए बुधवार को प्रथम चरण के 43 सीटों पर झारखंड के मूलवासी ने स्पष्ट जनादेश एवं आशीर्वाद देकर यह स्पष्ट कर दिया कि हेमंत सोरेन के




नेतृत्व में दोबारा दो तिहाई बहुमत के साथ झामुमो, राजद, कांग्रेस, माले सरकार बनायेगी।

उन्होंने कहा कि हम अपने सभी संकल्पित निर्णयों को क्रियान्वित करेंगे। खास कर रांची, हटिया, जमशेदपुर, आदित्यपुर, चाईबासा, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, चतरा, चांडिल, मानगो, जुगसलाई, घाटशीला, चाकुलिया एवं बहरागोड़ा के प्रबुद्ध मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। क्योंकि यह पहला मौका है, जब इस मिथक को गलत ठहरा दिया गया है कि झामुमो को शहर के लोग पसंद नहीं करते हैं। झामुमो पूरे झारखंड राज्य के गांव टोलो से लेकर शहर के मुहल्ले एवं गलियों में समान रूप से लोगों के नित्य जीवन में जरूरी है और समाज का सबसे विश्वसनीय आवाज है। सुप्रियो ने कहा कि आइये हम सब मिल कर इसी तरह आगामी 20 नवंबर को सुबह के 7 बजे से पंक्तिद्ध होकर मतदान करें और झारखंड विरोधी एनडीए को इस राज्य से सदा के लिये विदा करें।

## संक्षिप्त खबरें

### हटिया में शांतिपूर्ण वोटिंग पर अजय नाथ शाहदेव ने जताया आभार



**रांची :** हटिया विधानसभा में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होने पर कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव ने सभी मतदाताओं, चुनाव आयोग, प्रशासन, मीडिया के साथी, कार्यकताओं, समर्थकों और शुभचिंतकों का आभार जताया है। कहा कि रिजल्ट तक सतर्क रहने की जरूरत है। शाहदेव ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी ने अपना अतुलनीय योगदान दिया जिससे शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न हुआ। सभी ने काफी मेहनत की इस महापर्व को सफल बनाने में। शाहदेव ने आज सबसे पहले अपनी धर्मपत्नी के साथ मतदान किया। फिर पूरे दिन विधानसभा क्षेत्र का दौरा करते रहे। सभी बूथों में जाकर कार्यकताओं से मिलते रहे और सभी का उत्साहवर्धन भी किया। उन्होंने कहा कि अभी चुनाव संपन्न हुआ है पर रिजल्ट के दिन तक हमें सतर्क रहना है। इवीएम की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चौकस रहना है। उन्होंने शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सभी का धन्यवाद किया।

### श्रीश्याम मंदिर में खाटूनरेश को चढ़ाया गया प्रसाद



**रांची :** हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में बुधवार को सायंकाल खाटूनरेश को बाबा का प्रियभोग खीर - चूरमा का प्रसाद चढ़ाया गया।

श्रीश्याम मित्र मण्डल के उपाध्यक्ष श्रवण ढाढ़ंनिया ने अपनी धर्मपत्नी अंजू ढाढ़ंनिया के साथ ठाकुर जी को भोग अर्पित कर बाबा के दरबार में मत्था टेका। ज्ञातव्य है कि प्रत्येक माह की दोनों द्वादशी (बारस) के दिन श्याम बाबा को खीर-चूरमा का भोग अर्पित कर भक्तो को वितरित किया जाता है। श्रीश्याम जयन्ती के दूसरे दिन बड़ी द्वादशी का श्याम जगत में विशेष महत्व माना जाता है। मंदिर की श्रीश्याम रसोई में मंदिर के आचार्यो ने श्रद्धापूर्वक खीर-चूरमा का महाप्रसाद निर्मित किया। भक्तजन श्रृंगार दर्शन कर भाव विभोर हो रहे थे। भोग लगे प्रसाद को भक्तो के बीच वितरित किया गया। जय श्री श्याम के जयघोष से भक्तजन एक दूसरे को ठाकुरजी के जन्मोत्सव की बधाई दे रहे थे। इस अवसर पर मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढाढ़ंनिया, प्रदीप राजगढ़िया, गौरव अग्रवाल मोनू, अनिल नारनोली, पंकज गाड़ोदिया, रतन शर्मा, संजय सराफ, वेदभूषण पप्पू जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### एनडीए गठबंधन की दो तिहाई से अधिक सीटों पर होगी जीत : प्रतुल



**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आज मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि पहले चरण के 43 सीटों में एनडीए गठबंधन दो तिहाई से अधिक सीटों पर बड़ी जीत प्राप्त करेगा। प्रतुल ने कहा कि इस चुनाव के दौरान पूरे क्षेत्र में जनता में उत्साह था, शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक लोग परिवर्तन के नाम पर वोट देते दिखें। प्रतुल ने कहा कि जिस तरीके के रुझान मिल रहे हैं, उससे यह स्पष्ट है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा अपनी अनेक परंपरागत सीटों पर भी हारने की ओर अग्रसर है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार, पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में इस बार जो वोटों का प्रतिशत बढ़ने की प्रबल संभावना है, यह परिवर्तन का सूचक है। उन्होंने कहा कि रांची और हटिया के गठबंधन प्रत्याशियों के खिलाफ शिकायतें मिली थी कि वह मतदान केंद्र के अंदर भी मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे थे, इसकी शिकायत भी चुनाव आयोग में की गई। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव आयोग, सुरक्षा कर्मी, पुलिस प्रशासन का शांतिपूर्वक मतदान कराने के लिए साधुवाद करती है, चुनाव आयोग ने बहुत ही बेहतर व्यवस्था में चुनाव कराया, कई अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में भी अब तक किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। जो अत्यंत प्रशंसनीय है, बूथों में भी उत्तम व्यवस्था देखने को मिले। प्रतुल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गण पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ समेत तमाम वरिष्ठ नेताओं ने भी मतदान कर इस परिवर्तन की लहर में अपनी भागीदारी निभाई।

### रातू में शाम 5.40 बजे तक लगी रही लाइन



**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रातू प्रखंड में कुल 1,32071 मतदाता है। जिसमें 50866 पुरुष और 52466 महिला मतदाता हैं। सभी बूथों में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। महिला पुरुष के लिए अलग-अलग लाइन बनाई गई थी। बूथ के अंदर और बाहर पुलिस बल तैनात की गई थी। बूथ के आसपास ज्यादा भीड़ न उमड़े इसका भी ख्याल रखा जा रहा था। हुरहुरी पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय में दो बूथ संख्या है। जिसमें हुरहुरी पंचायत में भी लंबी लाइन लगी थी। पूर्व पंचायत समिति सदस्य खलिल अंसारी, कांग्रेस नेता हाजी मंसुर व स्थानीय बिनोद साव ने कहा कि हुरहुरी पंचायत में बूथ संख्या बढ़ाया जाए। क्योंकि हुरहुरी गांव में वोटरों की संख्या 2750 है। 2014 से इस पंचायत में पंचायत चुनाव, लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में पांच बजे से पहले मतदान नहीं होता है। प्रत्येक चुनाव में 5-7 बज जाता है। उन्होंने ज्यादा वोटर होने के कारण बूथ संख्या बढ़ाने की मांग की।

### गृहमंत्री आज डुमरी और गांडेय में करेंगे चुनावी सभा

**रांची :** राज्य में दूसरे चरण का चुनाव 20 नवंबर के नजदीक आते ही सभी दलों के प्रत्याशियों और उनके स्टार प्रचारकों के द्वारा जोर आजमाइश लगातार जारी है। गुरुवार को यानी 14 नवंबर को गृह मंत्री एनडीय प्रत्याशियों के लिए तीन चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। जिसमें गिरिडीह, डुमरी और गांडेय के एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में लोगों से वोट की अपील करेंगे। डुमरी विधानसभा अंतर्गत नावाडीह प्रखंड के उपरघाट स्थित कंजकिरो मैदान में गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और आजसू सुप्रिमो सुदेश महतो एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी के समर्थन में सभा को संबोधित करेंगे।

# हमने भाजपा को जड़ से उखाड़ फेंकने का लिया है संकल्प : हेमंत सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**निरसा :** निरसा में आज सीएम हेमन्त सोरेन ने चुनावी सभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने तीन तारा और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अरूप चटर्जी के पक्ष में चुनावी सभा की। इस दौरान सीएम हेमन्त ने कहा कि यहां उमड़ा जनसैलाब बता रहा है कि अरूप को जनता का भरपूर आशीर्वाद मिलेगा। कहा कि बेशर्म पॉकेटमार भाजपा ने तो निरसा में ही अपने नेता का ही जेब कतर दिया था। हेमंत ने कहा, 20 वर्षों में कभी भी भाजपा ने हमारी माताओं-बहनों और राज्यवासियों के लिए कोई काम नहीं किया। जब से हमारी सरकार बनी विपक्ष तब से ही इसे गिराने की साजिश में लग गया। फिर कोरोन ने हमारे दो से ढ़ाई साल बर्बाद किये। हमें झूठी साजिश रचकर जेल में डाल दिया गया और अब समय से पहले चुनाव हो रहा है। कहा, हमारी सरकार को कार्यकाल भी पूरा नहीं करने दिया गया। हेमन्त ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा, झारखंड के लाखों सरकारी कर्मचारियों को ओपीएस का सम्मान देकर हमने उनके बुढ़ापे की लाठी मजबूत की है। मंईयां सम्मान योजना से महिलाओं की आर्थिक हालत को मजबूत किया है और आगे भी करने वाले हैं। कहा, भाजपा ने तो कर्मचारियों को असहाय कर उनके हक का पैसा बाजार में लगा रखा था। चंदा चोर भाजपा नए-नए तरीके ढूंढ कर लोगों को लूटने का षड्यंत्र रचती है।इससे पहले सीएम हेमंत सोरेन ने आज सिंदरी में चुनावी सभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने महागठबंधन से भाकपा माले प्रत्याशी चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो के पक्ष में चुनावी सभा की और लोगों से वोट की अपील की। सीएम ने कहा, हम अपनी लाखों मंईयां को सम्मान दे रहे हैं, उन्हें योजना से जोड़ रहे हैं। सम्मान राशि की चार कि स्त चले गयी है तो भाजपा अपने गैंग से इस योजना को रोकने के लिए ढक्छ करवा रही है। सुना है कल ही हाईकोर्ट में इसकी सुनवाई है। उन्होंने सवाल किया कि बीजेपी अब और कितना नीचे गिरेगी। सीएम ने कहा कि सरकार बनते ही कोरोना से हमें जूझना पड़ा। ढाई साल तक कोरोना से हम लडाई लड़ते रहे। इसके बाद हमने राज्य के विकास के लिए काम करना शुरू किया तो विपक्ष हमारी सरकार को ही गिराने की साजिश में लग गया। इसमें सफल नहीं हो पाया तो मुझे झूठे मामले में जेल में डाल दिया गया। इसके बाद समय से पहले चुनाव। कहा कि ये सारी साजिशें एक चुनी हुई सरकार को बाधित करने और राज्य को विकास से रोकने की है।

## एक नजर

### झामुमो प्रत्याशी उमाकांत रजक के पक्ष में किया जनसंपर्क



**बोकारो :** चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी उमाकांत रजक के पक्ष में झामुमो के वरीय नेता पंचम गोप ने दर्जनों समर्थकों के साथ शहीद सुदर्शन भगत जोन के बेलुंजा, बिजुलिया पंचायत के गांव व टोला में दौरा कर मतदान करने का अपील किया। उन्होंने कहा उमाकांत रजक अपने विधायक व मंत्रीतत्वकाल चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र में विकास का काम किया है। हेमंत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं बताया। तथा चुनाव चिन्ह तीर धनुष को दिखाते हुए वोट देने की अपील किया। मौके पर अश्विनी कुमार महथा,टिंकर सिंह, आपका राजवार, सहीत झामुमो व कांग्रेस के दर्जनों लोगों शामिल थे।

### भाजपा बिजुलिया मंडल की हुई बैठक

**बोकारो :** चंदनकियारी विधानसभा के भाजपा बिजुलिया मंडल की बैठक बिजुलिया मोड़ पर मंडल अध्यक्ष बबलु कुमार चौबे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप विधायक सह प्रत्याशी अमर कुमार बाउरी के प्रतिनिधि बिनोद गोराईं, प्रताप बाउरी व मंडल प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष गौर राजवार उपस्थित थे। निर्णय लिया गया कि 16 नंवबर को बिजुलिया में गो-गो दीदी सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। आयोजन को लेकर रणनीति व विचार विमर्श किया गया। सम्मेलन में विधानसभा प्रत्याशी व विधायक अमर कुमार बाउरी उपस्थित होगें। बैठक में डा० लखन खावास, अभिजित खावास, श्याम पैतंडी, सुदाम महथा, आशुतोष दुबे, रीषीकेश सिंह, रघुनाथ सिंह, गौतम शर्मा, भानुप्रताप शर्मा सहित सैकड़ों भाजपा व आजसु कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बोकारो के प्राचार्य डॉ. गंगवार को मिला सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक नेतृत्व सम्मान

**बोकारो:** गुणवत्तापूर्ण उत्कृष्ट शिक्षा तथा बच्चों के समग्र विकास की दिशा में लगभग साढ़े तीन दशक से सक्रिय योगदान दे रहे दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार की उपलब्धियां में एक और नया आयाम जुड़ गया है। डॉ. गंगवार को एमएसएमई , नीति आयोग, भारत सरकार से संबद्ध सीईडी इंडिया फाउंडेशन की ओर से नई दिल्ली में सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक नेतृत्व सम्मान से नवाजा गया। फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित आत्मनिर्भर डिजिटल भारत समिट 2024 के दौरान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों व उनके योगदान के लिए 'स्कूल चेंजमेकर' की स्पेशल कैटेगरी में 'बेस्ट एजुकेशनल लीडरशिप अवार्ड' से सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्यमंत्रीदयाशंकर मिश्र 'दयालु' के हाथों उन्होंने यह सम्मान ग्रहण किया। समिट में सीईडी इंडिया के चेयरमैन डॉ. प्रियदर्शी नायक, नेशनल इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन (निसा) के अध्यक्ष कुलभूषण शर्मा, एशियन एकेडमी आफ फिल्म एंड टेलीविजन, नोएडा फिल्म सिटी के संस्थापक अध्यक्ष एवं केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) के सहायक आयुक्त डॉ. संदीप मारवाह मुख्य रूप से उपस्थित थे। बुधवार को विद्यालय में आयोजित एक विशेष असेंबली के दौरान प्राचार्य डॉ. गंगवार को मिली उक्त उपलब्धि की घोषणा की गई। उप प्राचार्य अंजनी भूषण, मनीषा शर्मा एवं शालिनी शर्मा ने संयुक्त रूप से यह सम्मान सांकेतिक रूप से प्राचार्य डॉ. गंगवार को सुपुर्द करते हुए समस्त विद्यालय परिवार की ओर से बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग की मौत का डालसा ने लिया स्वतः संज्ञान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** दुष्कर्म किए जाने से आहत होकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने के मामले में डालसा ने स्वतः संज्ञान लिया है। धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी ने अविलंब कारवाई का आदेश डालसा सचिव को दिया। डालसा सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने अविलंब एमपीएल ओ पी प्रभारी को पत्रांक संख्या 3309/24 दिनांक 12 नवंबर 24 के द्वारा मामले की तहकीकात कर कार्रवाई करने का आदेश दिया। आदेश के आलोक मे पुलिस ने पीड़िता के मां के शिकायत पर बापी नंदी के विरुद्ध पोक्सो एक्ट , व आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कर ली हैं। इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा राकेश रोशन ने बताया कि 15 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध किया गया जिसके कारण पीड़िता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली और दबंगों द्वारा पीड़िता के पिता को धमका कर मामले को दबाने का प्रयास किया गया इसकी जानकारी जब समाचार पत्रों के माध्यम से मिली इस मामले पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर कारवाई का आदेश दिया था । पीड़िता के परिवार को न्याय मिले इसके लिए डालसा परिवार की पूरी मदद करेगा। समाज के किसी भी क्षेत्र मे रह रहे आम जनता तक त्वरित व सुलभ न्याय पहुंचे इसके लिए डालसा की टीम तत्परता के साथ कार्यरत है।

## बोकारो से स्वेता सिंह की जीत सुनिश्चित : राजद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** चुनाव के महापर्व में इंडिया गठबंधन को विजय बनाने के लिए राजद ने कमान थाम अपने जिला कार्यालय में कांग्रेस प्रत्याशी श्वेता सिंह को सम्मानित करते हुए चुनावी समर मे विजय होने का आशीर्वाद दिया आज की चुनावी सभा का संचालन करते हुए राजद प्रदेश महासचिव घनश्याम चौधरी ने कहा कि झुग्गी झोपड़ी खटाल फुटपाथ के गरीब जनता लेकिन स्वाभिमानी निवासी 2011 का वह मंजर नहीं भूल है जब अर्जुन मुंडा की भाजपा सरकार ने पूरे झारखंड में झुग्गी झोपड़ी खटाल फुटपाथ को उजाड़ने के लिए सैकड़ो की संख्या में पुलिस बल के साथ डोजर डंपर भेजा था और लालू यादव के वीर सिपाही राजद जिला अध्यक्ष बुद्ध नारायण यादव ने गरीबों के झोपड़िया और आशियाना बचाने के लिए अपनी जान की बाजी लगा दी थी लगभग 300 राउंड गोली चली थी तीन व्यक्ति को गोली लगी थी तथा एक गाय की भी गोली लगने से मौत हुई थी अगर उस समय सेक्टर 9 खटाल के जवानो ने मोर्चा नहीं लिया होता तो पूरे बोकारो शहर से झुग्गी झोपड़ी खटाल और फुटपाथ का नामो निशान मिट जाता अतः राजद की अगुवाई में बने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताना हम सभी राजद नेताओं कार्यकताओं का धर्म है और धर्म एवं अधर्म की इस लड़ाई में जीत धर्म की होगी। इस अवसर पर दर्जनों महिलाओं एवं पुरुष राजद कार्यकताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी श्वेता सिंह का शानदार स्वागत करते हुए विजयी दिलाने का वचन दिया। जिला अध्यक्ष बुद्ध नारायण यादव ने कार्यकताओं का आह्वान करते हुए कहा कि हम श्री कृष्ण के वंशज हैं और चुनाव रूपी महाभारत में जब लालू जी के आदेश से हम लोगों ने चुनावी कमान थाम लिया है तो जीत निश्चित रूप से श्वेता सिंह का ही होगा दुर्योधन रूपी भाजपा जो नफरत की खेती कर जहर का बीज बो रही हैं उनके मुंह से बेटी रोटी और माटी की बात बेईमानी ही लगती है। कांग्रेस प्रत्याशी श्वेता सिंह ने कहा कि अगर हमें झुग्गी झोपड़ी खटाल फुटपाथ के गरीबों का आशीर्वाद मिलता है तो जीवन पर्यंत मै उनकी सेवा करती रहूंगी तथा इन लोगों के इस कर्ज को खुशियों की सौगात सहित वापस करूंगी। सैकड़ो की संख्या में उपस्थित राजद के खटाल एवं झोपड़ी के कार्यकताओं ने कसम खाई है।

## कसमार में आज कल्पना सोरेन करेंगी चुनावी सभा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन गोमिया विधानसभा सीट से पार्टी के प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद के समर्थन में गुरुवार को प्रचार करेंगी। उनकी चुनावी सभा कसमार प्रखंड के मंजुरा के सपाहीटांड़ खेल मैदान में होगी। झामुमो प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद ने बुधवार को सभा स्थल पहुंचकर जायजा लिया। मैदान में बन रहे हेलीपैड, मंच सहित वहां पेयजल, वाहन पार्किंग व अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। कहा कि कार्यक्रम में इंडिया गठबंधन के साथी दलों के कई नेता व मंत्री शामिल होंगे। उन्होंने कार्यकताओं को तैयारी से संबंधित जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि पूरे गोमिया विधानसभा क्षेत्र में इस बार बदलाव की लहर चल रही है। जनता ने उन्हें समर्थन देने का मन बना लिया है। इसलिए प्रखंड, पंचायत से लेकर बूथ कमेटी के सभी कार्यकताओं को कमर कसकर जनसंपर्क अभियान और तेज करना है। मौके पर गुणानंद महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम, शेरे आलम, सोहेल अंसारी, शेखावत अंसारी, मेहरुल होदा, कुलदीप करमाली, अब्बास अंसारी, राजेश कपरदार, मनोहर मुर्मू, तनवीर आलम, विनीत जायसवाल, बाबर अंसारी, सुभाष ठाकुर, विनय कपूर, फारुख अंसारी, रिजवान अंसारी, इरफान समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### चंदनकियारी से प्रत्याशी उमाकांत रजक के पक्ष में जनसंपर्क

**बोकारो :** चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी उमाकांत रजक के पक्ष में झामुमो नेता पंचम गोप ने अपने समर्थकों के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने शहीद सुदर्शन भगत जोन की बेलुंजा व बिजुलिया पंचायत के गांव-टोला में जाकर लोगों से उमाकांत रजक के पक्ष में मतदान करने का अपील की। कहा उमाकांत रजक ने अपने विधायक व मंत्री काल में चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र में विकास के महत्वपूर्ण काम किया थे। उन्होंने हेमंत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जनता को बताया।

## जनता के आशीर्वाद से निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव की जीत पक्की : हंजला बिन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** जनता जनार्दन के आशीर्वाद से निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव की जीत पक्की है उक्त बातें आज हंजला बिन हक ने निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव के माथाडीह चुनाव कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि बाघमारा की जनता के साथ है रोहित यादव। बाघमारा की गरीब जनता,दबे कुचले पिछड़े जो कभी घर से बाहर नही निकले वैसे लोग रोहित यादव के पक्ष में गोलबंद है,बाघमारा की जनता के आशीर्वाद से 3 बार विधायक व इसबार धनबाद का सांसद बना है ,जिनका इतना घमंड बढ़ गया है कि जनता का फोन भी नही उठाते है, कार्यकताओं को दिग्भर्मित करके रखते है, हंजला ने कहा कि रोहित यादव गरीबो के सुख दुख के साथी है,उनको बाघमारा की हर वर्ग की जनता आशीर्वाद प्राप्त है,अमित शाह, राहुल गाँधी व हेमंत सोरेन कोई भी बाघमारा की जनता की प्यास नही बुझा सकते,रोहित यादव को हराने के लिये जलेश्वर महतो चुनाव मैदान में है,मुसलमानों का वोट रोहित यादव के लिये शिफ्ट हो गया है,दोनों एक टीम है,एक तरफ 3 बार हारने वाले दूसरे तरफ घमंडी जो जनता का फोन नही उठाते है। ढुलू महतो के कार्यकर्ता खून के आंसू रो रहे है,रोहित यादव किसी टीम में नही है वे जनता के हितैषी है, इसलिये बाघमारा विधानसभा क्षेत्र की जनता ने बदलाव करने का मन बना लिया है।बहुत जल्द देखने को मिलेगा। मौके पर पूर्व मुखिया सीताराम भुइँया, विशाल सिंह, दीपक सिंह, फैयाज अहमद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## देवलटांड जहां मतदान के दिन दिखती है सामाजिक समरसता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरायकेला :** ईचागढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के देवलटांड गांव में मतदान के दिन सामाजिक समरसता की मिसाल देखने को मिलती है। चुनाव के दौरान गांव के लोग चाहे किसी भी दल या उम्मीदवार का समर्थन कर रहे हों, मतदान के बाद सभी फिर से एकजुट हो जाते हैं। यहां एक अनोखा रिवाज चलता आ रहा है। मतदान के दिन मतदाताओं को गांव के युवा समिति द्वारा नाश्ता कराया जाता है।

**कई वर्षो से चला आ रहा है यह रिवाज**

मतदान केंद्र के बाहर लगे अस्थायी होटलों में नाश्ते का प्रबंध रहता है। मतदाता ने चाहे किसी भी उम्मीदवार को वोट दिया हो, चाहे किसी भी दल का समर्थक हो, सभी मतदान करने के बाद होटल में एकसाथ बैठकर नाश्ता करते है। राशि का भुगतान गांव की युवा समिति द्वारा किया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की एकता के लिए यह रिवाज बीते कई वर्षों से चला आ रहा ह।

**बूथ खर्च के लिए मिली राशि से होता भुगतान**

चुनाव में मतदान के दिन बूथ खर्च के रूप में विभिन्न प्रत्याशी अपने कार्यकताओं को कुछ राशि देते हैं. देवलटांड के युवा विभिन्न उम्मीदवारों से मिली राशि को एक जगह जमा करते हैं और उससे सभी मतदाताओं को नाश्ता कराते हैं। इससे जहां लोगों में मतदान करने को लेकर उत्साह रहता है वहीं लोगों के बीच आपसी एकता बनी रहती है। यहां चुनाव खत्म होने के साथ ही लोग अपने नेता व पार्टी को भूलकर आपसी सामंजस्य से काम करने लगते हैं। गांव के लोग मतदान के प्रति सजग

ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के दौरान नेता एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हैं। कई बार देखा जाता है कि आरोप लगाने वाले नेता ही कुछ दिनों में उसी पार्टी का दामन थाम लेते हैं। ऐसे में उनके कार्यकर्ता एक-दूसरे से मुंह दिखाने लायक नहीं रहते हैं। इसलिए देवलटांड में मतदान के बाद से ही राजनीति खत्म हो जाती है. गांव के लोग मतदान के प्रति सजग हैं। मतदान करने के लिए यहां अधिकांश लोग अपने घरों से बाहर निकलकर मतदान केंद्र तक पहुंचते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर आयुक्त ने हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रथ को किया रवाना



**धनबाद:** स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने आज नगर निगम कार्यालय से भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथ को रवाना करने के बाद नगर आयुक्त ने कहा कि विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने तथा 20 नवंबर को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रचार रथ को रवाना किया गया है। प्रचार रथ धनबाद सदर में भ्रमण करेगा। लोगों को सशक्त लोकतंत्र के गठन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करेगा। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद के सहायक अधिकारी राज किशोर पासवान मौजूद थे।

### डीडीसी ने किया प्रशिक्षण व फैसिलिटेशन सेंटर का निरीक्षण



**धनबाद:** उप विकास आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग श्री सादात अनवर ने बुधवार को भुदा स्थित गुरु नानक कॉलेज में मतदान पदाधिकारियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण एवं फैसिलिटेशन सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे मतदान पदाधिकारियों को त्रुटि रहित चुनाव संपन्न कराने के लिए अच्छे से ईवीएम की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने सहित अन्य बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर अपर समाहर्ता सह निवार्ची पदाधिकारी 38 - सिंदरी विधानसभा विनोद कुमार, अपर नगर आयुक्त सह नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग कमलेश्वर नारायण, सहायक नगर आयुक्त सह नोडल पदाधिकारी पोस्टल बैलट कोषांग प्रसून कौशिक, केंद्र के प्रशिक्षण प्रभारी शनि कुमार, पुष्कर चंद्र झा, सीडीपीओ अलका रानी व अन्य लोग उपस्थित थे।

### रेलवे यूनियन का चुनाव प्रचार जोरों पर



**धनबाद:** धनबाद रेलवे मण्डल में यूनियनों की मान्यता प्राप्त करने के लिए 4, 5 और 6 दिसंबर को पूरे पूर्व मध्य रेलवे जोन में होने वाले चुनाव के प्रचार प्रसार ने जोर पकड़ लिया है। जोन की सबसे बड़ी यूनियन ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के सभी शाखाओं द्वारा पूरे धनबाद मंडल में बैनर पोस्टर लगाना शुरू कर दिया गया है। आपको बता दें कि इस मान्यता के लिए चुनाव मैदान में धनबाद मंडल सहित पूर्व मध्य रेलवे जोन में छः यूनियन ने नामांकन दाखिल किया है। जिसमें ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन पिछले दो बार से एकमात्र मान्यता प्राप्त करने वाली यूनियन रही है। पिछले वर्षों में ईसीआरकेयू ने काफी सक्रियता के साथ रेलकर्मियों के अनेकों हितकारी कार्यों को पूरा कर दिखाया है। अपने कार्यों और अनुशासित और समर्पित कार्यकताओं के बल पर ईसीआरकेयू हैट्रिक करने के लिए मैदान में है। ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन एकमात्र ऐसी यूनियन है जिसका संगठन धनबाद मंडल में 14 शाखा पूर्ण रूप से कार्यरत हैं। इनका फेडरेशन ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन पिछले 100 वर्षो से मजदूर हितों के कार्य करते आ रहे हैं । इसलिए रेल मजदूरों की आस्था ईसीआरकेयू पर सबसे ज्यादा है। धनबाद मंडल के चौदह शाखाओं के शाखा अध्यक्ष एवं सचिव के नेतृत्व में बैनर और पोस्टर लगाने का काम पूरे जोर-शोर से चल रहा है।धनबाद मंडल में ईसीआरकेयू के समस्त शाखा अध्यक्ष और शाखा सचिवों में एन के खवास,जे के साव,बी के दुबे,आर के सिंह,वी के डी द्विवेदी, उमेश कुमार सिंह, एस एन वर्मा, सी पी पाण्डेय,अनील कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, एस के सांगा,आर एन चौधरी, श्रीमती रेखा पाण्डेय,अजीत कुमार, पी के गांगुली,महेन्द्र प्रसाद महतो,ए के तिवारी,चंदन शुक्ल,आई एम सिंह,पी के सिन्हा,ए के भगत,बृज किशोर साव,अभय कुमार,बी बी सिंह और विश्वजीत मुखर्जी सहित समस्त सक्रिय कार्यकर्ता अपनी अथक भूमिका निभाने में लगे हुए हैं।

### अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड जूडो में एमजीएम स्कूल के बच्चों ने जीते 12 मेडल



**बोकारो :** एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक फादर डा.जोशी वर्गीस ने कहा कि छह से नौ नवंबर तक सीएमएस स्कूल लखनऊ में अंतरराष्ट्रीय ओलिंपियाड जूडो में स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 मेडल जीते। इस प्रतियोगिता में सिद्धार्थ कुमार ने स्वर्ण पदक हासिल किया। सक्षम कुमार सिंह, प्रिंस कुमार पांडेय, प्रियदर्शिनी सिंह, स्नेहा कुमारी व साक्षी श्रीवास्तव ने रजत एवं हर्षवर्द्धन सिंह, सुरभि कुमारी, जेबा नाज, जयंत कुमार, सर्वज्ञ केसरी व आयुष कुमार ने कांस्य पदक हासिल किया। कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के शारीरिक व मानसिक विकास में सहायक है। यह जीवन में आगे बढ़ने की सीख देता है। इससे विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। खेलकूद विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करता है। इसलिए विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। शिक्षकों की देखरेख में विद्यार्थी राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में सफलता का परचम लहरा रहे हैं। इन्होंने विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक फादर डा.जोशी वर्गीस, उप प्रधानाध्यापक राखी बनर्जी, एकेडमिक इंचार्ज जार्ज जोसफ, हेड मिस्ट्रेस सपना जोशी, क्रीड़ा शिक्षक राजीव कुमार सिंह, मीनाक्षी कुमारी, राजेश्वर सिंह, सौरभ कुमार, मो.मौसीन व वंदना कुमारी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ महिला की मौत

**सरिया ( गिरिडीह) :** बुधवार की दोपहर 2 बजे सरिया रेलवे फाटक के समीप मालवाहक ट्रेन की चपेट में आकर 70 वर्षीय अधेड़ महिला की मौत हो गया । मृतक महिला की पहचान बिरनी थाना क्षेत्र कपिला निवासी स्वर्गीय बुटन मिया की पत्नी नबीबीन खातून के रूप में किया गया। स्वजनों के अनुसार बताया गया कि मृतक महिला मानसिक रूप से बीमार थी और संभवत इसी क्रम में वह रेलवे ट्रैक में ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गया। घटना धनबाद रेल मंडल के हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन अंतर्गत पोल संख्या 345/ 36 एवं 346/37 के बीच की घटना है। घटना की सूचना मिलते ही हजारीबाग आर पी एफ एवं गोमो जीआरपी की टीम ने अपने कब्जे में ले ली।

### चतरा में वोट देने के बाद बुजुर्ग लोक गायिका की मौत

**चतरा :** जिले के सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के पत्थलगडा प्रखंड के सिंघानी निवासी लोक गायिका के रूप में चर्चित 90 वर्षीय सरस्वती देवी का निधन हो गया। नरसिंह की माई के नाम से चर्चित सरस्वती देवी आसपास के क्षेत्र में लोक गायिका के रूप में प्रसिद्ध थी। आज सिंघानी के बूथ संख्या 143 में मतदान करने के बाद दोपहर में उनका निधन हो गया। परिजन मतदान कराने के लिए बूथ ले गए थे। मतदान करने के बाद घर ले आए। एक-दो घंटे के बाद उनका निधन हो गया। उनके पुत्र उपेंद्र पांडे ने कहा कि उनकी मां कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रही थीं। लोकतंत्र के इस पर्व में मतदान को लेकर वे उत्सुक थीं। मतदान के बाद चल बसीं।

### सीआरपीएफ के जवान को लगी गोली

**लातेहार :** झारखंड के लातेहार जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र के लाभर पिकेट में तैनात सीआरपीएफ जवान संतोष कुमार यादव को बुधवार की सुबह मिस फायरिंग के कारण गोली लग गई,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गोली लगने के बाद जख्मी जवान को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पलामू रेंज के डीआईजी वाईएस रमेश,सीआरपीएफ के डीआईजी पंकज कुमार अस्पताल पहुंचे और जवान का हाल—चाल जाना। जवान को इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। जख्मी जवान संतोष कुमार यादव बिहार के रहने वाले हैं। पलामू डीआईजी वाईएस रमेश ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर लाभर में सीआरपीएफ की तैनाती की गई थी। एक्सीडेंटल फायरिंग की घटना हुई, जिसमें सीआरपीएफ जवान को गोली लग गई। जवान को एयरलिफ्ट कर रांची भेजा जा रहा है।

### ट्रांसजेंडर मतदाताओं ने डाले वोट



**रामगढ़ :** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में 11 ट्रांसजेंडर भी हैं, जो मतदाता सूची में शामिल हैं। बुधवार को वह भी अपने मतदान केंद्र पर पहुंचे और लोकतंत्र के इस उत्सव में भाग लिया। ट्रांसजेंडर ने इस दौरान अपनी सेल्फी भी सोशल मीडिया पर शेयर की है। उन्होंने कहा कि सरकार ने उन्हें देश का नागरिक होने का गौरव दिया है। आज वह भी अपने पसंद के उम्मीदवार का चुनाव कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि आज उन्हें समाज की कई कुरीतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन उनका भविष्य भी स्वर्णिम हो सकता है।

# चैनपुर में दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं ने मतदान कर दिया जागरूकता का संदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड में वृद्ध मतदाता जागरूक मतदाता होने का संदेश देते नजर आए। सुबह में मतदान शुरू होने के पहले ही वो उत्साहित होकर मतदान केंद्र पहुंचे और वोट डाल कर अपने कर्तव्य का निर्वहन किया। उन्होंने सभी लोगों से घरों से निकल कर मतदान करने की अपील की। चैनपुर प्रखंड में मतदाताओं में वोट को लेकर उत्साह चैनपुर प्रखंड अन्तर्गत कई मतदान केंद्रों पर भी आज सुबह सात बजे से मतदान को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। सभी मतदान केंद्रों पर जिला प्रशासन की ओर से आवश्यक आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कई बूथों पर लंबी कतारें देखी जा रही है। पहली बार वोटर बने अमन कुमार ने खुशी से किया मतदान। इस चुनाव में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले चैनपुर के युवा अमन कुमार मतदाता के चेहरे पर खुशी ही लोकतंत्र में भागीदारी निभाने की महत्व को बंया कर रही है। पहली बार वोटर बने अमन कुमार ने बताया कि राज्य की तरक्की को ध्यान रखते हुए वोट दिया है। उन्होंने समाज के हर वर्ग को मतदान करने की अपील किया। अमन कुमार ने बताया कि लोकतंत्र की भागदारी में हिस्सा लेने में अद्भुत आनंद मिली।

## चतरा में मतदान के दौरान ईवीएम में आई खराबी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा :** मतदान के दौरान सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के पत्थलगडा प्रखंड के दो स्थानों में ईवीएम में खराबी आ गई। सूचना मिलने के बाद बीडीओ कलिंद्र साहू, सीओ उदल राम और थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी मतदान केंद्र पहुंचे और उन्होंने ईवीएम को बदलवाया। पत्थलगडा के तेतरिया बूथ संख्या 146 में सुबह 7:30 के आसपास ईवीएम खराब हो गया। यहां काफी संख्या में मतदाता कतार में लगे थे। यहां 13 मतदान हो गया था। इसके बाद नया ईवीएम को जोड़ा गया। इसके अलावा सिरकोल के बूथ संख्या 151 में भी दोपहर 2:30 बजे के आसपास खराबी आ गई। इस समय तक यहां 457 लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया था। आधा घंटा मतदान बाधित रहा। इसके बाद ईवीएम को बदला गया। मॉक पोल के दौरान सिंघानी बूथ संख्या 143 और खैरा के बूथ संख्या 155 में भी खराबी आ गई। दोनों स्थानों में ईवीएम को बदल दिया गया।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पांकी विस के विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू) :** जिले के पांचो विधानसभा में शांतिपूर्ण मतदान जारी है। इस क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पांकी विधानसभा अंतर्गत तरहसी व पांकी के कई बूथों के निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तरहसी व पांकी के विभिन्न बूथों पर चल रहे मतदान कार्यों का जायजा लिया।मतदान में तेजी बना रहे इसे लेकर संबंधितों को निर्देशित किया। मॉडल बूथ पर आनेवाले मतदाताओं का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया स्वागत पांकी के रणभेरी में बने मॉडल बूथ पर मतदान हेतु आ रहे फर्स्ट वोटर व वृद्ध मतदाताओं को जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कॉफी मग देकर उनका सम्मान किया।इसी तरह उन्होंने तरहसी में बने बूथों में चल रहे मतदान का भी अवलोकन किया। डीईओ ने आमजनों संग कपूर्री ठाकुर चौक पर कुल्हड़ के चाय का आनंद लिया, लोगों से बूथ पर जाकर मतदान करने की अपील कीप्रातः बूथों का निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पांकी के लोकप्रिय चौराहा कपूर्री ठाकुर चौक पर कुल्हड़ के चाय का आनंद स्थानीय आमजनों संग लिया। इस दौरान उन्होंने सभी से कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा सभी बूथों पर प्रयाप्त व्यवस्था की गयी है जहां आप सभी भयमुक्त होकर अपना मतदान कर सकते हैं।

## भाजपा समर्थक एवं होटल कारोबारी के साथ मारपीट, तीन गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** जिले के तरहसी थाना क्षेत्र अंतर्गत भाजपा उम्मीदवार शशिभूषण मेहता का समर्थन कर रहे कारोबारी रामदास साहू से मंगलवार रात मारपीट की गई। उनके सिर में गंभीर चोट आयी है। उन्हें मेदिनीनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के समर्थकों पर हमले का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में रामदास साहू के बयान पर तरहसी थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार, बेदानी मोड़ से सटे पंचायत भवन के पास जब रामदास साहू ग्रामीणों से बात कर रहे थे, तभी बबलू सिंह समेत पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह के 40 से 50 समर्थके वहां पहुंचे एवं उन पर हमला कर दिया। जमकर मारपीट की, जिससे उनका सिर चोटिल हो गया। बाद में उन्हें मरा समझ कर छोड़ दिया। उनके कई आभूषण आदि लूट लिए गए। घटना की सूचन मिलने पर पांकी विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार शशिभूषण मेहता एवं भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने घटना की जानकारी ली और अपनी देखरेख में रामदास साहू का इलाज करवाया। उन्होंने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि इससे साबित होता है कि पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह हार से हताश होकर ऐसी वारदात को अंजाम दिलवा रहे हैं। पुलिस मामले में कार्रवाई कर पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाए। लेस्लीगंज के एसडीपीओ ने बुधवार को बताया कि मनातू के पदमा निवासी रामदास साहू के लिखित आवेदन पर तरहसी निवासी और पांकी के पूर्व विधायक स्वर्गीय विदेश सिंह के पुत्र बबलू सिंह और राकेश सिंह, बेदानी के अजय मिश्रा, गुड्डू मियां और सिड्डू मियां, ताराचंद यादव, राजेश यादव ग्राम नौडीहा के खिलाफ नामजद और 40-50 मोटरसाइकिल सवारों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है है। मामले में कार्रवाई करते हुए तीन नामजद आरोपितों को पकड़ा गया है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। इधर, जिला प्रशासन के द्वारा पांकी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार शशि भूषण मेहता और निर्दलीय प्रत्याशी पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू की सुरक्षा की दृष्टि से निगरानी की जा रही है। दोनों ही प्रत्याशियों पर एसएसटी की पैनी नजर रहेगी। उनकी प्रत्येक गतिविधियों को प्रशासन द्वारा लगातार ट्रैक किया जा रहा है।

## पलामू में मतदान केंद्रों पर वोटरों का सहारा बने नन्हे मददगार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** चुनाव आयोग ने 2024 के विधानसभा चुनाव में मतदान प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए कई पहल की है। मतदान केंद्रों पर वोटरों की मदद के लिए नन्हे मददगारों का सहारा ले रही है। यह नन्हे मददगार स्कूली छात्र हैं। जहां मतदान केंद्र बनाया गया है, वहीं पढ़ाई भी करते हैं। यह सभी आठवीं से दसवीं क्लास तक पढ़ाई करने वाले छात्र हैं। पलामू में 1796 मतदान केंद्र बनाये गये हैं, जहां नन्हे मददगारों को रखा गया। पांकी विधानसभा क्षेत्र के लेस्लीगंज में पड़ने वाले मुरमुसी विद्यालय मतदान केंद्रों पर बुधवार को नन्हें मददगार नजर आए। नन्हे मददगारों को चुनाव आयोग की तरफ से वॉलंटियर कार्ड के रूप में पहचान पत्र भी दिया गया था। छात्रों ने कहा कि उन्हें वोटरों की मदद करने के लिए रखा गया है। वह वोटरों को मतदान केंद्र में ले जाने में मदद कर रहे हैं। साथ ही भीड़ होने पर मतदाताओं को लाइन में लगा रहे हैं। इसके अलावा दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को केंद्रों तक पहुंचा रहे हैं। वॉलंटियर काजल कुमारी दसवीं क्लास में पढ़ाई करती हैं। उन्हें वोटरों की मदद के लिए मतदान केंद्र में रखा गया। वैसे वोटर जिनका मतदान केंद्र का पता नहीं चल पा रहा था, उनकी मदद कर रही थी। वॉलंटियर अस्मिता ने कहा कि वह लाइन लगवाने का काम कर रही है। साथ ही बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को केंद्र तक ले जा रही है। अस्मिता दसमी क्लास की छात्र है।

# मतदान में कोडरमा के ग्रामीण आगे, शहरी पीछे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में वोटिंग सम्पन्न हो गया। इस बार झुमरीतिलैया शहरी क्षेत्र के और कोडरमा में वोटरों की कतार देखने को नहीं मिली। कुछ जगहों पर ईवीएम के खराब होने की सूचना पर उसे बदला गया। वोटिंग को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। ग्रामीण इलाकों में महिलाएं और पुरुष कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते देखे गए। कोडरमा विधानसभा से कुल 13 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, जिनके भाग्य का फैसला करने के लिए लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया। कोडरमा में 429 केंद्र बनाये गये थे। सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये। इस दौरान मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। जिला प्रशासन ने बूथों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी। विशेष सुविधा वाले आदर्श मतदान केंद्र भी बनाए गए थे, जहां मतदाताओं का स्वागत किया गया। कोडरमा सांसद व केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने चाराडीह में वोट दिया जबकि भाजपा प्रत्याशी और विधायक डॉ नीरा यादव ने परिवार के साथ इंदरवा के झरीटांड़ बूथ संख्या 239 पर पहुंचीं और मताधिकार का प्रयोग किया। निर्दलीय शालिनी गुप्ता ने नवलशाही और राजद प्रत्याशी सुभाष यादव ने झुमरीतिलैया में वोट डाले। बीएलओ द्वारा चुनाव के दौरान विशेष प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रभावित करने को लेकर ग्रामीणों ने जिला निवार्ची पदाधिकारी के नाम सेक्टर मजिस्ट्रेट को आवेदन दिया। आवेदन में कहा है कि सकलदेव प्रसाद बूथ संख्या 190 के बीएलओ है। साथ ही मध्य विद्यालय चंदवारा में पारा शिक्षक के रूप में कार्यरत है। चुनाव के दौरान वे अपने कर्तव्यों का उलंघन करते हुवे मतदान केंद्र से बाहर आकर दल विशेष प्रत्याशी के समर्थन में मतदाताओं को प्रभावित कर रहे थे। आवेदन में कई ग्रामीणों ने हस्ताक्षर किया है। इस बाबत सेक्टर मजिस्ट्रेट संजय कुमार ने बताया कि प्राप्त आवेदन की जानकारी दूरभाष द्वारा अंचलाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी को दे दी गयी है। अग्रेतर कारवाई के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी को भी सूचना दे दी गयी है।

**डीसी, एसपी, डीडीसी ने किए मतदान**

कोडरमा प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल, कोडरमा स्थित मतदान केंद्र में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी मेघा भारद्वाज ने मतदान किया। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि घर से निकलकर ज्यादा से ज्यादा मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व का सहभागी बनें। प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल में पुलिस कप्तान अनुदीप सिंह ने पत्नी भावना के साथ मताधिकार का प्रयोग किया। डीडीसी ऋतुराज ने आदर्श मतदान केंद्र, कोडरमा में पहुंचकर मतदान किया। मतदान करने के बाद डीडीसी ऋतुराज ने सभी मतदाताओं से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें और इस लोकतंत्र के महापर्व का सहभागी बनें। मरकच्चो प्रखंड के विभिन्न सुदूरवर्ती क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण रहा। यहां मरकच्चो प्रखण्ड में सात बजे से नौ बजे तक 15.99 प्रतिशत जबकि 11 बजे तक 33.83 प्रतिशत मतदान हुआ था। दोपहर एक बजे दोपहर तक 47.85 प्रतिशत वोटिंग और तीन बजे तक 58.82 प्रतिशत मतदान हुआ था। वोट के लिए नए मतदाताओं और महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया जबकि कई बूथों पर दिन भर लोग वोट डालने के लिए आते जाते रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पार्टी के गठबंधन और मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति से क्षुब्ध वरिष्ठ कांग्रेसियों ने दिया सामूहिक इस्तीफा



**सरिया(गिरिडीह) :** सरिया में बुधवार को वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने सामूहिक इस्तीफा दिया। इसकी घोषणा इन्होंने प्रेसवार्ता कर किया । इस्तीफा देनेवालों में कांग्रेस पार्टी से वर्ष 2000 ईस्वी में बगोदर विधानसभा से चुनाव लड चुके व पूर्व युवा प्रदेश सचिव दीपक सिंह लड्डा उर्फ दीपक महेश्वरी, कांग्रेस के गिरिडीह जिला के वर्तमान महासचिव अशोक मंडल, कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के सरिया प्रखण्ड अध्यक्ष पप्पू सोनार व सेवादल के विधानसभा प्रभारी पप्पू राणा समेत अन्य लोग शामिल हैं। इन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी फिलहाल गठबंधन और मुस्लिम तुष्टिकरण नीति पर चल रही है और अपने पुराने कार्यकताओं की अवहेलना कर रही है। लोकसभा चुनाव में गठबंधन दल के प्रत्याशी द्वारा हमलोगों की अवहेलना की गई और विधानसभा चुनाव में वही किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा पूरे गिरिडीह जिला और पूरे कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के किसी भी विधानसभा से प्रत्याशी ना देकर कांग्रेस मुक्त किया है । जिससे हम सभी निष्ठावान कार्यकर्ता पूरी तरह आहत और क्षुब्ध हैं। हम किसी भी प्रकार बगोदर विधानसभा में वर्तमान गठबंधन को स्वीकार नहीं कर पा रहें हैं। इसलिए अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए हम सभी कांग्रेसी नेताओं ने अपने अपने पदों व पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूँ। इसकी लिखित सूचना झारखंड प्रदेश कमिटी और अध्यक्ष अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी को भेज दियें हैं। इन्होंने कहा कि हमलोगों ने लगातार 40 वर्षों तक कांग्रेस पार्टी में पूर्ण समर्पण भाव से रहे लेकिन अब संभव नहीं है। आगे कहा कि वे शीघ्र ही अपने दर्जनों समर्थकों से राय मशवरा कर किसी अन्य राष्ट्रीय पार्टी में शामिल होंगे।

### दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को पलामू पुलिस का मिला सहयोग



**मेदिनीनगर (पलामू) :** विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए बड़ी संख्या में मतदाता मतदान केंद्र पहुंच रहे हैं। इस बार खास बात यह है कि दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाने में पुलिस विशेष सहयोग कर रही है। पुलिसकर्मी दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को सहारा देकर मतदान केंद्र तक पहुंचा रहे हैं। ताकि वे आसानी से अपना मत डाल सकें। इसके अलावा, पुलिस यह सुनिश्चित कर रही है कि मतदान केंद्र पर सभी मतदाताओं को बिना किसी परेशानी के वोट डालने का अवसर मिले।

### जिला कंट्रोल रूम से हर मतदान केंद्र की निगरानी, एसपी ने संभाली कमान



**मेदिनीनगर(पलामू) :** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से कराने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क है। पुलिस जिला कंट्रोल रूम में पूरे क्षेत्र की मॉनिटरिंग की जा रही है, जहां एस पी महोदया खुद निगरानी की कमान संभाली हुई हैं। कंट्रोल रूम से सभी मतदान केंद्रों पर संचार उपकरणों के माध्यम से हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना पर तुरंत प्रतिक्रिया दी जा सके। एसपी के नेतृत्व में सुरक्षा दल किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के चलते मतदाता बेझिझक मतदान कर रहे हैं और चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से जारी है।


### लोहरदगा में कड़ी सुरक्षा और उत्साह के माहौल में मतदान संपन्न

**लोहरदगा :** जिले में विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। आज सुबह से ही लोहरदगा शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाकों में लोग वोट देने के लिए घरों से निकलकर मतदान केंद्रों पर पहुंच रहे थे। मतदान शुरू होने के पहले ही बूथों पर मतदाताओं की कतार लग गई थी। शहरी क्षेत्र एवं सुदूरवर्ती इलाकों में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो इसके लिए जिला प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए गए थे। जिले के उपायुक्त डॉक्टर प्रसाद कृष्ण वाघमारे एवं एसपी हारीश बिन जमा पूरी व्यवस्था पर नजर रखे हुए थे। मतदान के लिए प्रतिनियुक्त अधिकारी लगातार बूथों का भ्रमण कर रहे थे। विधानसभा चुनाव में सांसद सुखदेव भगत ने परिवार के साथ मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान किया। पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने मतदान किया। नगर परिषद के पूव डिप्टी चेयरमैन बलराम कुमार ने परिवार के साथ वोट डाला। इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार डॉ रामेश्वर उरांव बूथों का भ्रमण कर पूरी स्थिति का जायजा लेते रहे। एनडीए उम्मीदवार नीरू शांति भगत ने मतदान किया एवं बूथों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया।

### हेमन्त सरकार ने जनता को सिर्फ छला है : नेहा महतो

**डुमरी :** डुमरी विधानसभा के नावाडीह प्रखंड में एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी के पक्ष में आयोजित जनसंपर्क पदयात्रा में नेहा महतो ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा। नेहा ने हेमंत सरकार पर जनता को छलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि युवाओं को 5 लाख नौकरी, बेरोजगारी भत्ता, महिलाओं को चूल्हा खर्च और स्थानीय नीति के वादों के साथ सत्ता में आई हेमंत सरकार ने जनता को निराश किया है। वादाखिलाफी की। इस सरकार की विश्वसनीयता पर जनता सवाल उठा रही है और राज्य को फिर से विकास के मार्ग पर लाने के लिए एनडीए सरकार की जरूरत है। एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी ने इस अवसर पर डुमरी विधानसभा के सर्वांगीण विकास की बात की। कहा कि युवाओं के लिए रोजगार, शिक्षा और बुनियादी सुविधाएं उनकी प्राथमिकता हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अभाव में पलायन करना पड़ रहा है, जो हेमंत सरकार की असफलताओं का प्रतीक है। उन्होंने डुमरी प्रखंड में एक पॉलीटेक्निक कॉलेज और डिग्री कॉलेज स्थापित करने का संकल्प भी व्यक्त किया। नेहा महतो ने कहा कि हेमंत सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार और अराजकता ने विकास की रफ्तार को बाधित किया है। जनता अब इस स्पीड ब्रेकर बनी सरकार को हटाने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि डुमरी विधानसभा की जनता एनडीए के समर्थन में है और एनडीए की सरकार बनने पर क्षेत्रवासियों की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।

# सामयिकः हाथी हमारा अब नहीं साथी



पंकज चतुर्वेदी

जानना जरूरी है कि हाथियों को 100 लीटर पानी और 200 किलो पत्ते, पेड़ की छाल आदि की खुराक जुटाने के लिए हर रोज 18 घंटों तक भटकना पड़ता है। हाथी दिखने में भले ही भारी-भरकम हैं, लेकिन उनका मिजाज नाजुक और संवेदनशील होता है। थोड़ी थकान या भूख उसे तोड़ कर रख देती है। ऐसे में थके जानवर के प्राकृतिक घर यानी जंगल को जब नुकसान पहुंचाया जाता है तो मनुष्य से उसकी भिडंत होती है।

दीपावाली के ठीक एक दिन पहले मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ में एक साथ दस हाथियों के मारे जाने से दुनिया सन्न है। इनमें नौ मादा थीं और दो गर्भवती। और इस तरह दो हाथियों की मौत भ्रूण में भी हो गई। इसके ठीक तीन दिन पहले पास के छत्तीसगढ़ में रायगढ़ जिले में तीन हाथी मारे गए तो कहा गया कि उन पर 11 केवीए की बिजली का तार गिर गया था। रविवार रात छत्तीसगढ़रू में हाथियों के दल से 1 हाथी के बिछड़ने की जानकारी मिली और सोमवार सुबह जंगल के किनारे स्थित धान के खेत में हाथी का शव मिला। हाथी का शव मिलने के बाद वन विभाग ने जांच शुरू की तो खुलासा हुआ कि खेत के चारों तरफ बिजली का तार लगाया गया था।

खेत मालिक ने हाथी को मारने के लिए हाईवोल्टेज बिजली तार में क्लच वायर से जोड़ कर करंट लगाया था जिसकी चपेट में आने से नर हाथी की मौत हो गई। इस खुलासे के बाद वन विभाग ने आरोपी मुरका निवासी रामबक्स को गिरफ्तार कर लिया। इसी राज्य में 12 नवम्बर को बेहद मार्मिक घटना सामने आई जब रायपुर में सीतानदी-उदंती टाइगर रिजर्व में हाथी का एक बच्चा पोटाश बम से घायल हो गया। उसके मुंह और पैर से खून बह रहा था और वह जलन से बचने को इधर-उधर पानी में शरीर डाल रहा था। यह बम जंगली सुअरों के शिकार के लिए उपयोग किया जाता है। दुर्भाग्य है कि बांधवगढ़ में इतनी बड़ी संख्या में हाथी की मौत के बाद भी प्रशासन सतर्क नहीं हुआ और गुस्साए हाथियों ने वहीं गांव के तीन लोग कुचल कर मार डाले। बीते कुछ सालों में हाथी के पैरों तले कुचल कर मरने वालों की संख्या बढ़ी है। ओड़िशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, असम , केरल, कर्नाटक सहित 16 राज्यों में बिगडैल हाथियों के कारण इंसान से टकराव बढ़ रहा है। इस झगड़े में हाथी भी मारे जाते हैं। यह बात तो स्पष्ट हो गई है कि बांधवगढ़ में बड़ी संख्या में हाथियों की मौत कुछ विषाक्त खाने से हुई है। शक इस बात से खड़ा होता है कि राज्य सरकार के कुछ अफसर इसे तुरत-फुरत जहरीली कुटकी खाने से मौत निरूपित कर रहे थे लेकिन जब मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस बात से असहमति जताई कि जंगल का जानवर क्या किसी वन-उत्पाद खाने से मरेगा तो हड़बड़ाहट हुई। वन महकमे के अफसर सस्पेंड हुए।



भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई), बरेली की ओर से मप्र वन विभाग को सौंपी गई रिपोर्ट में हाथियों के विसरा में माइक्रो टॉक्सिन साइक्लोपियाजोनिक एसिड मिलने की पुष्टि हुई है। एपीसीसीएफ और मप्र वन विभाग की ओर से गठित एसआईटी के प्रमुख एल कृष्णमूर्ति के मुताबिक, आईवीआरआई ने विसरा सैंपल की विषाक्तता रिपोर्ट से पता चलता है कि हाथियों ने बड़ी मात्रा में खराब कोदो पौधे/अनाज खाए थे। हालांकि, विसरा सैंपल में मिला साइक्लोपियाजोनिक एसिड कितना जहरीला था और कितनी मात्रा में था, क्या यही मौत का कारण हो सकता है- इसकी आगे जांच अभी जारी है।

दुर्भाग्यपूर्ण है कि मध्य प्रदेश में जंगल और वनोपज आय के बड़े माध्यम हैं, लेकिन बाघ के लिए जम कर खर्च करने वाली सरकार हाथी के लिए लापरवाह रही है। प्रदेश में हाथियों के प्रबंधन के लिए सिर्फ एक करोड़ सालाना का बजट वन विभाग के पास है। प्रोजेक्ट टाइगर पर प्रदेश का बजट 200 से 300 करोड़ के बीच रहता है, लेकिन हाथियों के प्रबंधन पर प्रोजेक्ट एलिफेंट के लिए वन विभाग ने इस साल 66 लाख रुपये रखे। प्रोजेक्ट एलिफेंट की शुरूआत 1992 में भारत सरकार के पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा शुरू की गई थी जो अभी देश के 16 राज्यों में चल रहा है। हाथियों की संख्या में बढ़ोतरी और इनके शिकार को रोकने के लिए शुरू की गई योजना में प्राकृतिक आवासों को सुधारना, हाथी-मानव संघर्ष को नियंत्रित करना सहित कई काम किए जाते हैं लेकिन वन विभाग के पास बजट होता नहीं है।

वन पारिस्थितिकी तंत्र और जैव विविधता को सहेज कर रखने में गजराज की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। पर्यावरण-मित्र पर्यटन और प्राकृतिक आपदाओं के बारे में पूवार्नुमान में भी हाथी बेजोड़ हैं। जंगली हाथियों के बस्तियों में घुसने को किसी राज्य की सीमा से बांधा जा नहीं सकता। आंकड़ों पर गौर करें तो स्पष्ट होता है कि करीबी राज्य ओडिशा के हालात हाथियों को लेकर इतने खराब हैं कि दंतैल और गुस्सैल हो गए जंगली हाथी छत्तीसगढ़ और झारखंड में अपनी खीज मिटा रहे हैं। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस, बैंगलुरु के एक अध्ययन में बताया गया था कि ओडिशा में उपलब्ध जंगल और संसाधन में अधिकतम 1700 हाथी भली प्रकार जी सकते हैं, जबकि आज यहां गजराज की संख्या 2100 से अधिक है। इस तरह 400 से अधिक हाथियों के लिए भोजन, पानी और आने पयार्वासीय संकट सामने दिख रहा है। सरकारी रिकार्ड में है कि 2017-18 और 4 नवम्बर, 2024-25, ओडिशा में 634 मारे गए, जिनमें 22 का शिकार हुआ, एक को जहर दिया गया 91 जानबूझकर बिजली के झटके से, 32 आकस्मिक बिजली करंट से मारे गए, जबकि 28 हाथी रेल से टकरा कर काल के गाल में गए। इसी साल 58 हाथियों की संदिग्ध मौत हुई, जिसकी जांच के लिए सरकार ने आदेश दिए हैं।

जानना जरूरी है कि हाथियों को 100 लीटर पानी और 200 किलो पत्ते, पेड़ की छाल आदि की खुराक जुटाने के लिए हर रोज 18 घंटों तक भटकना पड़ता है। हाथी दिखने में भले ही भारी-भरकम हैं, लेकिन उनका मिजाज नाजुक और संवेदनशील होता है। थोड़ी थकान या भूख उसे तोड़ कर रख देती है। ऐसे में थके जानवर के प्राकृतिक घर यानी जंगल को जब नुकसान पहुंचाया जाता है तो मनुष्य से उसकी भिडंत होती है। 2018 में पेरियार टाइगर कन्जर्वेशन फाउंडेशन ने केरल में हाथियों के हिंसक होने पर एक अध्ययन किया था। अध्ययन रिपोर्ट में पता चला कि जंगल में पारंपरिक पेड़ों को काट कर उनकी जगह नीलगिरी और बबूल बोने से हाथियों का भोजन समाप्त हुआ और यही उनके गुस्से का कारण बना। पेड़ों की ये किस्म जमीन का पानी भी सोखती हैं, सो हाथी के लिए पानी की कमी भी हुई। पयार्वरण-मित्र पर्यटन और और प्राकृतिक आपदाओं के बारे में पूवार्नुमान में भी हाथी बेजोड़ हैं। हाथी की उपस्थिति स्वस्थ जंगल की निशानी है, अच्छा जंगल धरती पर इंसान के लिए अनिवार्य है। अब सरकार और समाज, दोनों को हाथी की समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनना होगा ।

(लेख में विचार निजी हैं)

## संपादकीय

### प्राथमिकताएं बदलिए

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के तीन महीने बाद भी राजनीतिक अस्थिरता और अराजकता का दौर जारी है। अमेरिका के जो बाइड़न प्रशासन के समर्थन से सत्ता की बागड़ोर संभालने वाले मोहम्मद यूनुस प्रभावशाली ढ़ंग से चुनौतियों का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं। नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस राजनीति में लोकतांत्रिक और मानवतावादी मूल्यों की स्थापना नहीं कर पा रहे हैं। अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रहे यूनुस प्रतिशोध की राजनीति में लिप्त हैं। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने उनके कारनामों की जांच करने के बाद उन्हें हाशिये पर कर दिया था। अब यूनुस को शेख हसीना से प्रतिशोध लेने का अवसर मिला है। उनकी अंतरिम सरकार अपदस्थ प्रधानमंत्री हसीना और प्रशासन के अन्य लोगें को भारत से वापस लाने के लिए इंटरपोल से मदद मांगने की तैयारी में है। सरकार का विश्वास है कि विरोध प्रदर्शनों के दौरान करीब 753 लोग मारे गए। इस घटना को यूनुस ने मानवता के विरुद्ध अपराध करार दिया है और हसीना और उनकी पार्टी के नेताओं के विरुद्ध 60 से ज्यादा शिकायतें दर्ज कराई गई हैं दूसरी ओर, हसीना के देश छोड़ने के तीन महीने बाद उनकी पार्टी अवामी लीग एकजुट होने के प्रयास कर रही है। इसी क्रम में अवामी लीग ने रविवार को ढ़ाका के नूर हुसैन स्क्वायर पर विरोध मार्च निकालने का आह्वान किया था। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और जमात-ए-इस्लामी के कार्यकताओं ने सरकार और पुलिस प्रशासन की शह पर अवामी लीग के नेताओं और समर्थकों की पिटाई की। लोकतंत्र में जितना महत्त्वपूर्ण सत्ता पक्ष होता है, उतना ही विपक्ष भी होता है। अगर देश में लोकतंत्र स्थापित करना है तो यूनुस की सरकार को अपनी प्राथमिकताएं बदलनी होंगी। अल्पसंख्यक समुदाय विशेषकर हिन्दुओं पर होने वाले अत्याचार से विश्व समुदाय चिंतित है। अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति ड़ोनाल्ड़ ट्रंप ने मतदान से पहले दीवाली के अवसर पर कहा था कि 'मैं हिन्दुओं, ईसाइयों और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ बर्बर हिंसा की निंदा करता हूं, जिन पर बांग्लादेश में भीड़.द्वारा हमला किया जा रहा है और लूटपाट की जा रही है।' जाहिर है कि दुनिया के एक बड़े.नेता की इस टिप्पणी से बांग्लादेश और यूनुस की छवि कलंकित हुई है। बांग्लादेश में शांति और राजनीतिक स्थिरता आवश्यक है। राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से न तो लोकतंत्र स्थापित होगा और न देश बचेगा।



## चिंतन-मनन

### सफलता का मार्ग

संग्रह की वृत्ति बहिमरुखता का लक्षण है। साधक क्षणजीवी होता है। अतीत की स्मृति और भविष्य की चिंता वह करता है जो आत्मस्थ नहीं होता। वर्तमान में जीना आत्मस्थता का प्रतीक है। एक साधक कल की जरूरत को ध्यान में रखकर संग्रह नहीं करता, पर एक व्यवसायी सात पीढ़ियों के लिए पूरी व्यवस्था जुटाने में संलग्न रहता है। यह बात सही है कि साधक अशरीरी नहीं होता, शरीर की अपेक्षाओं को वह गौण नहीं कर सकता; पर दैहिक अपेक्षाओं को लेकर वह मूढ़ नहीं हो सकता। उसका विवेक जागृत रहता है। वह अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखता है और आकांक्षाओं पर नियंत्रण रखता है।

कभी-कभी साधक के जीवन में भी स्वच्छंदता, सुविधावाद और संग्रहवृत्ति जाग सकती है। प्रश्न उठता है कि इन वृत्तियों का उत्स क्या है? कौन-सी अभिप्रेरणा इन्हें उभरने का अवसर देती है? मेरे अभिमत से इन तीन संस्कारों का उद्भव तीन आकारों से होता है। वे तीन आकार हैं- अहं, अश्रम और असंतोष। स्वच्छंदता की मनोवृत्ति वहीं सक्रिय होती है, जहां अहंकार का नाग फन उठाए रखता है। अहंवादी व्यक्ति स्वयं को सब कुछ समझता है। उसे अपने सामने अन्य सभी लोग बौने दिखाई देते हैं। ऐसी स्थिति में वह न तो किसी से मार्गदर्शन ले सकता है और न किसी के नियंत्रण में रह सकता है।

सुविधावाद का भाव वहां विकसित होता है जहां व्यक्ति श्रम से जी चुराता है, अपनी क्षमता का उपयोग नहीं करता और पुरुषार्थ में विश्वास नहीं करता। अश्रम का बीज ही आगे जाकर सुविधावाद के रूप में पल्लवित होता है। इस दृष्टि से साधना के साथ श्रमशीलता की युति आवश्यक है। संग्रह वृत्ति का बीज है असंतोष। जिस व्यक्ति को पदार्थ में संतोष नहीं होता, वह संग्रह करने की बात सोचता है। जिस समय जैसा पदार्थ उपलब्ध होगा, उसी से आवश्यकता की पूर्ति हो जाएगी- यह विधायक चिंतन असंतोष की जड़ को काट सकता है और संग्रह की मनोवृत्ति को बदल सकता है। साधना की सफलता स्वच्छंदता, सुविधावाद और संग्रहवृत्ति में नहीं है।

# बाल दिवस पर विशेष : बालश्रम की भट्ठी में झुलसता देश का भविष्य..?




राकेश अचल

बेशक देश आजाद हो चुका है मगर देश का आधार माने जाने वाले बच्चे आज भी बाल मजदूरी की जजीरों से आजाद नहीं हो पाए हैं,बाल मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। बालश्रम की भट्ठी में बचपन झुलस रहा है मगर जनता के मसीहा बेखबर हैं।14 नंवम्बर 2024 को बाल दिवस मनाया जा रहा है।मगर ऐसे आयोजन औपचारिकता भर रह गये है। जिन बच्चों के हाथों में किताब, कापी, पैंसिल होनी चाहिए वे हाथ जोखिम उठा रहे हैं मजदूरी कर रहे हैं गैंती-बेलचा चला रहे हैं नन्हे हाथों में छाले आ जाते हैं जब यह मजदूरी करते हैं।भारतीय संविधान की अनुच्छेद 24 के अर्न्तगत बालश्रम अबैध घोषित है। मगर कानून फाईलों की शोभा बढा रहे हैं। समझ नहीं आता कि जिनके अभी खेलने कूदने के दिन हैं वे ऐसे काम करते हैं कि रुह कांप उठती हैं। बालश्रम की समस्या हमारे देश में नई नहीं हैं।यह समस्या बेहद गंभीर स्थिति में पहुंच चुकी है।देश में बाल मजदूरों की संख्या निरंतर बढती जा रही है।देश में समय पर बाल मजदुरी के हजारों मामले प्रकाश में आते रहते है।देश में बाल मजदूरी के आंकडे चैंकाने वाले है ।प्रतिदिन कही न कही बाल मजदूरों को रिहा करवाया जाता है। चाय की दुकानों ,ढाबों ,होटलों, उद्योगों और घरों में भी 18.18 घंटे काम लिए जाने की घटनाएं तो आम हैं ही ,इन्हे इसके बदले दिया जाने वाला मेहनतनामा भी कम होता है। प्रतिदिन देश में बालमजदूरों को रिहा करवाया जाता है।अगर इस पर सख्त कानून बनाया जाए तो यह बालमजदूरी पर रोक लग सकती है ।,देश का भविष्य कहलाले वाले इन नौनिहालों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता है ,यह किसी भी सभ्य समाज और कानून में मान्य नहीं होना चाहिए। हर रोज एसे मामले समाचारों की सुखि।यां बनती है।ऐसे मामलो को पर कुछ दिन कारबाई होती है उसके बाद वही परिपाटी चलती रहती है।बाल मजदूर पिसते रहते है।जनमानस को भी बाल मजदूरी के ऐसे मामलों की शिकायत प्रशासन से करनी चाहिए ताकि उनका शोषण रोका जा सके। देश के प्रत्येक राज्य में ऐसे मामले घटित होते रहते है।अगर प्रशासन सर्तकता से इन पर संज्ञान ले तब इस पर रोक लग सकती है।कानूनों की अवहेलना करने वालों पर शिंकजा कसा जाए।मालिको को हवालातों में डाला जाए जो बच्चों का शोषण कर रहे है।प्रशासन को छापेमारी करके इन बच्चों को छुडाना चाहिए। आखिर कब तक बालश्रम कानून की धज्जियां उडती रहेगीं। बाल मजदूरी एक कड़वी सच्चाई है इससे सरकारों को अनदेखा नहीं करना चाहिए अपितू सख्त कानून बनाकर इसका खात्मा करना चाहिए। जिनके अभी खेलने कूदने के दिन हैं वे ऐसे काम करते हैं कि रुह कांप उठती हैं। बाल मजदूरी आज एक बहस का विषय बनता जा रहा है, कानूनों का मजाक उडाया जा रहा है सरकारें भी कानून बनाकर इतिश्री कर लेती है यदि शिकजा कसा जाए तो इस पर कुछ हद तक रोक लग सकती है।,श्रम विभाग व्दारा भी कभी कभार छापामारी की जाती है मगर फिर वही सिलसिला चलता रहता है।सरकारें मूकदर्शक बनी हुई हैं,यदि सरकारों को जरा भी सदमा होता तो इस प्रथा पर जरूर रोक लगाती। यह समस्या विश्वव्यापी है। आज पटाखा फैक्टरियों,चूडियों के उद्योगों में ,गलीचा बनाने वाले उद्योगों में बाल मजदूरों की संख्या ज्यादा है।देश में समय पर बाल मजदूरों को सामाजिक संस्थाओं द्वारा छुडाया जाता है । उतरप्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडू ,गुजरात, आन्ध्रप्रदेश,हिमाचल प्रदेश में उद्योगों में अधिकतर काम बालश्रमिकों के कधों पर हैं।बालश्रम का यह अवैध धंधा बडे पैमाने पर पनपता जा रहा है।समाज को इस पर मंथन करना होगा।अगर समय रहते इस पर रोक न लगाई तो भविष्य में हालात बेकाबू हो सकते है।देश में खैनी, जरदा, तम्बाकू, गुटका,बीडी, व अन्य नशीले पदार्थों के उद्योगों में बालश्रमिक ही इन को बनाते हैं। माचिस ,आतिशबाजी, के उद्योगों में इनका शोषण किया जाता है। इनके मालिक इनको भर पेट खाना तक नहीं खिलाते है जिस कारण कई बाल मजदूर बीमार हो जाते है और असमय काल का ग्रास बन जाते हैं इनके मालिको द्वारा इनके स्वास्थ्य की जांच तो दूर की बात है।बाल मजदूरी गरीबी की वजह से पैदा होती हैं। परिवार पालने के लिए दिन रात काम करते हैं इन बाल मजदूरों को आराम तक का समय भी नहीं मिलता है । बालश्रम के उन्मूलन के लिए सरकार को प्रभावी कदम उठाने चाहिए। यह देश के लिए बहुत ही शर्मनाक है। आज बाल मजदूरों की संख्या में अप्रत्याशित रुप से वृद्वि होती जा रही हैं मगर सरकारें इस पर रोक लगाने में अक्षम नजर आ रही है प्रतिदिन हजारों बाल मजदूरों को सामाजिक संस्थाओं के प्रयासों से मुक्त करवाया जाता है मगर ऐसे भी मामले हैं जो प्रकाश में नहीं आ रहे हैं और बालमजदूर नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं ।प्रशासन को चाहिए बिना समय गंवाए इस पर त्वरित एक्शन लेना चाहिए।देश में आज बाल श्रमिकों का आंकड़ा कम होने के बजाए बढ़ता जा रहा है। इस पर रोक लगानी होगी।आज नाबालिग बच्चों को जबरदस्ती बाल मजदूरी की तरफ झोंका जाता है।बाल मजदूरों की सुरक्षा के लिए काफी कानून बने हैं पर वे नाकाफी साबित हो रहे हैं। यदि इन्हे कारगर ढंग से लागू किया जाए तो इस पर कुछ हद तक रोक लग सकती है। आज यह समस्या विश्व व्यापी बनती जा रही हैं।बाल मजदूरी को रोकने के लिए समाज के लोगों को आगे आना होगा ताकि इस पर नकेल लग सके और देश का भविष्य बर्बाद होने से बच सके। समाज को एक व्रत लेना होगा तभी इस पर लगाम लग सकती है अन्यथा बाल मजदूर बालश्रम की भठठी में झुलसते रहेंगें। बचपन को बचाना होगा। एक अभियान चलाना चाहिए ताकि बाल मजदूरों को मुक्त करवाया जा सके।यह देश हित में है।बाल मजदूरी की इस प्रथा को जड़ से मिटाना होगा।



# भारत के पास दुनिया को आत्मिक शांति की राह दिखाने की शक्ति



कृष्णमोहन झा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ कर समाजसेवा के क्षेत्र में अप्रतिम योगदान करने वाले यशस्वी चिकित्सकों में अग्रणी जबलपुर की स्वनामधन्य महिला चिकित्सक डॉ उर्मिला ताई जामदार की पावन स्मृति में योग मणि ट्रस्ट द्वारा संस्कारधानी में आयोजित एक व्याख्यान समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से संघ प्रमुख मोहन भागवत ने वर्तमान में विश्व कल्याण में हिंदुत्व की प्रासंगिकता जो सारगर्भित विचार व्यक्त किए हैं उन पर गंभीरता से चिंतन करने की आवश्यकता है। विशेष रूप से रेखांकित किया है। भागवत ने अपने व्याख्यान में रूस -यूक्रेन और इजरायल - हमास के बीच जारी संघर्ष की चर्चा करते हुए कहा कि दो विश्व युद्धों में बड़े पैमाने पर हुए नरसंहार के बावजूद आज विश्व में तीसरे विश्व युद्ध का जो खतरा मंडरा रहा है उसमें सारी दुनिया भारत की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। संघ प्रमुख ने अपने सारगर्भित व्याख्यान में आगे कहा कि दो विश्व युद्धों ने दुनिया को आस्तिक और नास्तिक ,इन दो विचारधाराओं में बांट दिया। आगे चलकर यही संघर्ष का विषय बन गया। इस समय दुनिया में मौजूद परिस्थितियों ने भारत की भूमिका को और महत्वपूर्ण बना दिया है क्योंकि भारत के पास भौतिक सुख संपदा के साथ आत्मिक शांति देने की शक्ति है। संघ प्रमुख ने पश्चिमी सभ्यता में हुए विकास को अधूरा बताते हुए कहा कि धर्म और राजनीति जैसे क्षेत्रों को व्यापार में बदल दिया गया है। धार्मिक और आध्यात्मिक ग्रंथों का सिर्फ व्यावसायिक उपयोग हो रहा है इसलिए समाज में संघर्ष और विभाजन की स्थिति बनी हुई है। इस स्थिति को दूर करने के लिए जिस आत्मिक शांति की आवश्यकता है वह सारी दुनिया को भारत के माध्यम से मिल सकती है इसलिए दुनिया की निगाहें भारत पर लगी हुई हैं। संघ प्रमुख ने कहा कि आज का विश्व ज्ञान और साधनों से संपन्न है परन्तु उसके पास मानवता के कल्याण का मार्ग नहीं मालूम है। यह मार्ग केवल भारत ही दिखा सकता है परन्तु वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारत ने अपने उस ज्ञान को विस्मृत कर दिया है। सुख सुविधाओं और शांतिपूर्ण जीवन शैली भी उसके बहुत से कारणों में से एक है। हमें उस विस्मृति के गर्त से बाहर निकलना है। संघ प्रमुख ने आगे कहा कि आधुनिक युग में विज्ञान ने बहुत प्रगति की है परन्तु उसका गरीबों तक नहीं पहुंचा है जबकि विनाशकारी हथियार हर जगह पहुंच गए हैं। संघ प्रमुख ने सनातन धर्म को मानव धर्म का पर्याय बताते हुए कहा कि सनातन धर्म ही हिंदू धर्म है और हिंदुत्व के मूल में भारत की प्राचीन संस्कृति निहित है जो संपूर्ण विश्व के कल्याण में सहायक हो सकती है । संघ प्रमुख ने कहा कि विविधताओं के साथ एक होकर रहना ही हिंदुत्व है । हमारे यहां धर्म की अवधारणा सत्य , करुणा, शुचिता और तपस है । यही धर्म दर्शन दुनिया के साथ साझा करने की जिम्मेदारी भारत के ऊपर है। संघ प्रमुख ने कहा कि सभी चाहते हैं कि भारत विश्व गुरु बने परंतु कुछ लोग इसकी राह में बाधाएं खड़ी कर रहे हैं। संघ प्रमुख ने कहा यदि वे भारत के विश्व का मार्गदर्शक बनने की बात करें तो कोई विवाद नहीं होता लेकिन जब वे यह कहते हैं कि हिंदुत्व में विश्व का मार्गदर्शक बनने की क्षमता है तो विवाद खड़ा हो जाता है।



# झारखंड के हर गरीब परिवार को देंगे पक्का घर, नल जल और मुफ्त गैस कनेक्शन : मोदी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**गोड्डा :** प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के सबसे कद्दावर नेता नरेन्द्र मोदी ने झामुमो के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कट मनी के लिए ये लोग फर्जी आवास योजना लेकर आए हैं। झारखंड में भाजपा-एनडीए सरकार झोपड़ी में रहने वाले हर परिवार को पक्का घर देगी, ये मोदी की गारंटी है। गरीब को पक्का घर के साथ पानी का नल और मुफ्त गैस कनेक्शन भी मिलेगा। मोदी बुधवार को गोड्डा में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी आपका बिजली का बिल जीरो करने वाला है। हम हर घर को सोलर पैनल लगाने के लिए 75 हजार से 80 हजार रुपये देंगे। इससे जो बिजली पैदा होगी, उससे आपका बिजली बिल जीरो होगा और यदि आपके पास जरूरत से ज्यादा बिजली होगी, तो सरकार आपकी बिजली खरीदेगी। साथ ही कहा कि बीते कुछ सालों से यहां की बहनें लगातार एक बात मुझे जरूर बताती हैं कि मोदी जी आप हमारे लिए जो योजनाएं लाते हैं, यहां झामुमो, कांग्रेस और राजद वाले उनको लूट लेते हैं। मोदी ने कहा कि यहां जिस नेता के घर से नोटों के पहाड़ मिले, उसके परिवार के सदस्य को ही झामुमो-कांग्रेस ने टिकट दे दिया। ये आपके घाव पर नमक छिड़कने का काम किया गया है। ये सोचते हैं कि झामुमो-कांग्रेस कुछ भी करें, कितनी ही लूट मचाएं, कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा। मेरे झारखंड के भाई-बहनों को ही उनके इसी अहंकार और भ्रम को तोड़ना है। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस, फिर राजद और झामुमो जैसे दलों ने इस क्षेत्र में लंबे समय तक राज किया है लेकिन इन्होंने संथाल परगना को सिर्फ पलायन, गरीबी और बेरोजगारी दी है। खुद मुख्यमंत्री इस क्षेत्र से चुनाव लड़ते हैं लेकिन यहां के लोगों काम के लिए दूसरे राज्यों में जाना पड़ता है। झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन ने झारखंड के लोगों के लिए बने केंद्रीय फंड को खा लिया। वे आपके लिए बने मुफ्त चावल को खा गए। मोदी ने कहा कि झारखंड के लोग झामुमो सरकार को हटाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। हर जगह एक ही आवाज गूंज रही है, झारखंड में भाजपा-एनडीए की सरकार। झारखंड भाजपा ने यहां 'गोगो दीदी योजना' शुरू करने की गारंटी दी है। यहां भाजपा-एनडीए सरकार बनते ही हर महीने हजारों रुपये बहनों के खाते में आने शुरू हो जाएंगे। इससे पहले मोदी ने भाषण की शुरूआत में कहा कि मैं झारखंड में जहां भी गया हूं, हर रैली ने पिछली रैली का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जो लोग राजनीति का गणित लगाते हैं, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि वे झारखंड का एक चक्कर लगा लें, उन्हें परिणाम मिल जाएगा। मैं आपका प्यार देख रहा हूं लेकिन मैं आपको निमंत्रण देने आया हूं कि 23 नवंबर को चुनाव परिणाम आने के बाद कुछ ही दिनों में भाजपा-एनडीए सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा।

## एक नजर

### दुमका में सीएसपी केंद्र से 50 हजार रुपये की लूट

**दुमका :** जिले के रानेश्वर प्रखंड के मोहलबोना पंचायत के कदमा गांव स्थित भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केन्द्र से बुधवार को दिनदहाड़े हथियार के बल पर बदमाशों ने 50 हजार रुपये लूट लिए। ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक कृष्ण कुमार मंडल के सहयोगी के मुताबिक, सुबह साढ़े दस बजे के करीब तीन नकाबपोश अपराधी हाथों में पिस्तौल लेकर ग्राहक सेवा केंद्र घुस गए। इनके पास 4 पिस्तौल थे। एक अपराधी ने 2 पिस्तौल लेकर ग्राहक सेवा केंद्र के गेट को घेर लिया एवं दो अपराधी पिस्तौल लेकर ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक के ऊपर तान रुपये निकालने को कहा। इस दरम्यिन केंद्र में 2 अन्य ग्राहक भी मौजूद थे।
बताया यह दृश्य देख कर सभी डर गये। केंद्र संचालक ने रुपये देने से इनकार किया तो बदमाशों ने जबरन रखे हुए रुपये को निकाल लिया। नकाबपोश अपराधियों ने लगभग 10 मिनट में घटना को अंजाम देकर निकल गये। अपराधी बजाज डिस्कवर बाइक में पहुंचे थे। इस बाबत रानेश्वर थाना प्रभारी बलराम कुमार सिंह ने बताया कि ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक ने लिखित आवेदन दिया है। प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान की जा रही है।

### खाटू श्याम का धूमधाम से मना जन्मोत्सव

**साहिबगंज :** बरहेट प्रखंड अंतर्गत मारवाड़ी युवा मंच बरहेट के तत्वावधान मे गोपाल सिंघानिया के आवास पर खाटू श्याम का धूमधाम से जन्म उत्सव मनाया गया। खाटू श्याम के जन्मोत्सव में मारवाड़ी समाज के महिला पुरुष बढ़ चढ़कर भाग लिए। इस दौरान खाटू श्याम के भजन कीर्तन मारवाड़ी समाज के लोगों ने भक्ति गानों से खूब झूमे। इसके पूर्व महिलाओं ने विधि विधान से खाटू श्याम के प्रतिमा को पुष्प अपठित कर विधि विधान पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में आरती पूजन के साथ वंदना भी किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य आयोजक गोपाल सिंघानिया,मंजु देवी,जगदीश सिंघानिया, रघुनाथ सिंघानिया, राजकुमार सिंघानिया, मौजूद रहे।

### बसंतराय में 3 दबंगों ने युवक के साथ की मारपीट, रुपये छीने

**गोड्डा :** चुनावी गहमागहमी के बीच एक युवक के साथ मारपीट कर छिनतई करने की वारदात हुई। मामला बसंतराय थाना क्षेत्र का है। पीड़ित युवक ने बताया कि वो पैसे लेकर जा रहा था, तभी तीन दबंग युवकों ने उसे भय दिखाकर रोक लिया और मारपीट कर घायल कर दिया। उसके पास से रुपए भी छीन लिए। हो-हल्ला होने पर तीनों भाग निकले। आसपास के ग्रामीणों ने घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

### व्हील चेयर से मतदान करने पहुंचीं 92 वर्षीय चूड़ामणि

**सरायकेला :** ईचागढ़ प्रखंड के देवलटांड में 92 साल की वयोवृद्ध का उत्साह देखकर युवाओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ। देवलटांड के मतदान केंद्र संख्या 73 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए दिवंगत गोविंद माझी की पत्नी 92 साल की वयोवृद्ध पत्नी चुड़ामणि माझी बुधवार को मतदान करने पहुंची। स्वयंसेवकों ने उन्हें व्हील चेयर पर बैठाकर मतदान केंद्र तक पहुंचाया और वोट डालने के बाद उन्हें वापस घर तक छोड़ा।
बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए किया मतदान : चुड़ामणि इस बीच मतदाता चुड़ामणि माझी ने कहा कि वे राज्य और देश की व्यवस्था को बरकरार रखने के लिए मतदान करने पहुंची। अपने और गांव के बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो, उनके लिए सही नीति व नियम बने इसके लिए मतदान करने पहुंची।

# मोबाइल नेटवर्क एक्टिविटी को सुदृढ़ करने से संबंधित बैठक का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** विधानसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों की समीक्षा और चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और मुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से 03-सामान्य प्रेक्षक मजीद खलील अहमद ड्राबु, व्यय प्रेक्षक अनादि दीक्षित और जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में नेटवर्क कनेक्टिविटी की बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने की उद्देश्य से की जा रही तैयारियों की कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों को मोबाइल नेटवर्क एक्टिविटी नेटवर्क को सुदृढ़ करने हेतु कहा गया। साथ ही सभी असुविधाओं को भी दूर करने को कहा गया। पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो, इसका विशेष ध्यान रखें। निर्वाचन आयोग से आए प्रेक्षकों द्वारा निर्देश दिया गया कि चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ और शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए अपने-अपने कार्यों का सही से निष्पादन करने का निर्देश दिया । वहीं बीएसएनएल, एयरटेल, जिओ नेटवर्क के उपस्थित सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वह अच्छी तरह से समझ कर उसके बाद ही कार्य करें, अगर किसी प्रकार की समस्या होने पर अपने संबंधित वरीय पदाधिकारी से सहयोग लेने का निर्देश दी गई।

# इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी निशात आलम ने चलाया जनसंपर्क अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरहरवा :** प्रखंड के नगर पंचायत क्षेत्र में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी निशात आलम ने बुधवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान के क्रम में निशात आलम ने लोगों से राज्य की हेमंत सरकार की उपलब्धियों तथा सरकार द्वारा आम जनता के लिए चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हेमंत सरकार ने महिलाओं, बेटियों, गरीबों के हित में विशेष ध्यान रखते हुए कई विशेष योजनाए प्रारंभ की है। इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी ने अपने संबोधन में कहा कि हेमंत सरकार द्वारा मंईयां सम्मान योजना लाकर हर गांव की बेटी और महिलाओं को सम्मान के साथ उन्हें आर्थिक रूप से आत्म निर्भर बनाने का कार्य किया है। अगले महीने से यह राशि 1000 से बढ़कर अब 2500 सौ रूपए महिलाओं को मिलेगी। निश्चित रूप से गांव की महिलाओं, बेटियों को आर्थिक रूप से मजबूत करने की दिशा में यह कारगर योजना साबित होगी। इसके साथ साथ सरकार के अन्य अहम कार्यों का जिक्र किया। जिसमें गरीबों को अबुआ आवास, बिजली बिल माफी एवं 200 यूनिट फ्री,सर्वजन पेंशन, दो लाख तक ऋण माफी, सड़क, बेहतर शिक्षा सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए 20 तारीख को होने वाली विधानसभा चुनाव में बैलेट संख्या दो के हाथ छाप पर बटन दबाकर भारी से भारी संख्या में वोट देकर जीतने की अपील की। जनसंपर्क अभियान के मौके पर जिला अध्यक्ष बरकत खान, गुलाम रब्बानी, मोहम्मद नसीरुद्दीन, निताय सरकार व नेहाल अख्तर सहित सैकड़ो कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में बुधवार से सिदो-कान्हू स्टेडियम में अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग कम नॉकआउट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। मुख्यतिथि डीएफओ प्रबल गर्ग ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व विधानसभा चुनाव 2024 के तहत मतदाता शपथ दिला कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इसके पूर्व जिला क्रिकेट संघ की ओर से डीएफओ का बुके देकर स्वागत किया गया। इस दौरान डीएफओ ने कहा कि सभी खेल भावना के साथ अपने हुनर का प्रदर्शन करें। कहा कि खिलाड़ी पढ़ाई के साथ क्रिकेट व अन्य खेल में भी दिलचस्पी लें। क्रिकेट व अन्य खेलों में कैरियर की बेहतर संभावना है। डीएफओ ने खिलाड़ियों को भविष्य में जिला, राज्य व देश का नाम रोशन करने की शुभकामना दी। वहीं उन्होंने खिलाड़ियों को लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की। उद्घाटन मैच माही स्पोर्ट्स ब्लू बना संत जेवियर स्कूल ए टीम के बीच खेला गया। संत जेवियर स्कूल ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 29.1 ओवर में 206 रन बना कर ऑल आउट हो गई। आकाश दूबे ने 58, मो जुनैद ने 36, ललित नारायण ने 19, आर्यन ने 17 व आदित्य ने 14 रनों की पारी खेली। माही स्पोर्ट्स ब्लू के गेंदबाज हजरत शेख ने 4 व मोहम्मद चांद ने 2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी माही स्पोर्ट्स की टीम ने 23.5 ओवर में 153 रन बना कर ऑल आउट हो गई। मयंक राज ने 35, शिवम राज ने 25 व आनंद ने 12 रनों की पारी खेली। संत जेवियर स्कूल के गेंदबाज आकाश दूबे ने 4, आदित्य व प्रतीक ने 2-2 एवं जुनैद ने 1 विकेट लिया। संत जेवियर स्कूल की टीम ने 53 रनों से जीत दर्ज की।

# यूसिल प्रबंधन ने बनाया आदर्श बूथ मतदाता जागरूकता के लिए लगाए पोस्टर




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर यूसिल प्रबंधन ने परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय जादूगोड़ा व सामुदायिक केंद्र में स्लोगन पोस्टर के जरिए लोगों में मतदान के प्रति जागरुकता पैदा की। मतदान केंद्र को आदर्श बूथ का दर्जा देने के बाद मतदान केंद्र में फोटो सेशन, चाय-नाश्ता, पानी, अग्निशमन दस्ता व साफ-सफाई की सुविधा में बढ़ोतरी की गई। जिसकी वजह से पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार मतदान का प्रतिशत बढ़ा।यूसिल कॉलोनी सामुदायिक केंद्र जादूगोड़ा के बूथ 198 199, 203 , 204 एवं कंपनी द्वारा संचालित विद्यालय में बूथ संख्या 201, 202 एवं 205 में दोपहर तक 12 बजे तक 22 प्रतिशत वोट डाले गए. इसके अलावे इचड़ा में तीन बूथ 196, 197 और प्रॉडक्शन यूनिट के बूथ संख्या 200 में वोटरों में खूब उत्साह दिखा।

# शहर से लेकर गांव तक मतदाताओं ने दिखाया उत्साह, लंबी कतार में लगकर डाले वोट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जमशेदपूर :** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत पोड़ाहाट अनुमंडल के चक्रधरपुर व मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए बुधवार को हुए मतदान के दौरान शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं ने मतदान को लेकर उत्साह दिखाया। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह सात बजे से लेकर शाम पांच बजे तक मतदान चला। जबकि नक्सल प्रभावित व सुदूरवर्ती क्षेत्र में सुबह सात बजे से लेकर शाम चार बजे तक मतदान प्रक्रिया चली। चक्रधरपुर प्रखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के गांवों में भी मतदाताओं ने घरों से बाहर निकलकर अपने बूथ पर जाकर मतदान किया। सुदूरवर्ती क्षेत्रों में आईटीबीपी, बीएसएफ ने मोर्चा संभालाशाम पांच बजे तक चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में 66.50 प्रतिशत और मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र में 63.43 प्रतिशत मतदान हुआ. चक्रधरपुर व मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्र बंदगांव, गोईलकेरा, गुदड़ी समेत अन्य सुदूरवर्ती क्षेत्रों के बूथों पर आईटीबीपी, बीएसएफ के जवान समेत सुरक्षा बल के जवान मोर्चा संभाले हुये थे। वहीं सभी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा लगाकर निगरानी भी की जा रही थी। सभी जगह शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्नमतदाताओं को जागरूक करने के लिए कई बूथों को मॉडल बूथ बनाकर सजाया गया था। शाम पांच बजे तक चक्रधरपुर व मनोहरपुर विधानसभा से कहीं भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं थी। सभी जगह शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न कराया गया। मतदाताओं में देखा गया खासा उत्साहविधानसभा चुनाव के दौरान बुधवार को चक्रधरपुर के विभिन्न मतदान केंद्रों पर नये मतदाता भी बड़ी संख्या में दिखे। नये मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। नये मतदाताओं ने वोट डालने के बाद मतदान केंद्रों में बने सेल्फी प्वाइंट पर तस्वीरें भी खिंचवाई। बुजुर्ग व निशक्त मतदाताओं ने किया मतदानबुजुर्ग व निशक्त मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने की विशेष व्यवस्था की गई थी। वहीं चक्रधरपुर व मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों पर बुजुर्ग व निशक्त मतदाताओं ने भी मतदान कर चुनाव महापर्व में अपनी भूमिका निभायी। चक्रधरपुर के कई मतदान केंद्रों पर 80 से लेकर 90 वर्ष से अधिक उम्र तक के बुजुर्गों ने मतदान किया। वहीं निशक्त मतदाता भी मतदान करने से पीछे नहीं रहें। इधर इन मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर व्हील चेयर की भी व्यवस्था की गई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### एनडीए प्रत्याशी रामचंद्र सहिस ने सपरिवार किया मतदान



**पटमदा :** जुगसलाई विधानसभा के एनडीए समर्थित प्रत्यासी रामचंद्र सहिस ने बोड़ाम प्रखंड स्थित अपने पैतृक गांव मुचीडीह के बूथ संख्या 47 में धर्मपत्नी सरस्वती सहिस पुत्र सत्यजीत सहिस ने मतदान किया ।इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य में बेहतर झारखंड की कल्पना को लेकर आजसू और भाजपा नेतृत्व में सरकार बनेगी । जनता का अपार समर्थन और आशीर्वाद मिल रहा है और इस आशीर्वाद से जनता के प्रति आभार जताते हुए कहा कि एनडीए प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी और जुगसलाई में केला का बगान खिल गया है और इस विधानसभा में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे रामचंद्र सहिस के साथ उनकी पत्नी सरस्वती सहिस और ज्येष्ठ पुत्र सत्यजीत सहीस ने भी मतदान किया और अपने जीत के प्रति आश्वस्त दिखाया।

### सिविल सर्जन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरियो का किया निरीक्षण



**साहिबगंज :** बुधवार को सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालिया के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरियो का औचक निरक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में निर्धारित सीआरएम टीम के भ्रमण को लेकर उपस्थित एमओआईसी, चिकित्सक, बीपीएम, क्लर्क एवं अन्य कर्मियों को स्वास्थ्य विभागीय सभी कार्यक्रमों के सूचकांक को सुधारने, सभी पोर्टल में आंकड़ों का शत प्रतिशत एंट्री करने, सभी तरह के पंजी को अपडेट करने, आंकड़ों का पोर्टल एवं पंजी के साथ मिलान करने, स्टोर में सभी पंजी का सही सही संधारण करने, ओपीडी, आईपीडी, प्रसव कक्ष, लैब आदि का सुचारू रूप से संचालन एवं मॉनिटरिंग करने, संस्थान में साफ सफाई, बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण, सभी चिकित्सक, कर्मियों का रोस्टर अनुसार ससमय उपस्थिति, साथ ही साथ सीआरएम टीम के द्वारा उपलब्ध कराए गए चेकलिस्ट के अनुसार सभी तैयारी को सुनिश्चित करने को निर्देश दिया गया।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया ईवीएम मॉक पोल कार्य का निरीक्षण



**साहिबगंज :** विधानसभा निर्वाचन 2024 के दौरान उपयोग होने वाले ईवीएम-वीवीपैट मशीनों का विधानसभावार कमीशनिंग कार्य के उपरांत मॉक पोल का कार्य समाहरणालय स्थित ईवीएम वेयर हाउस में किया जा रहा है। जिनका जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती ने निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुरूप व गोपनीयता बनाए रखते हुए मॉक पोल का कार्य संपादित करने का निर्देश दिया। विधानसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत आगामी 20 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए उपयोग होने वाली मशीनों के विधानसभावार कमीशनिंग के साथ ही सीलिंग का कार्य किया जा रहा है। मौके पर 03- बरहेट निवार्ची पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, 02- बोरियों निवार्ची पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, 01- राजमहल के निवार्ची पदाधिकारी-सह- अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

### मोदी की रैली में शामिल होने पहुंचे बरहेट से सैंकड़ों कार्यकर्ता



**साहिबगंज :** बरहेट देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गोड्डा आगमन को लेकर बुधवार को बरहेट के सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता रैली में शामिल होने के लिए रवाना हुए। वहीं मंडल अध्यक्ष कैलाश शाह के नेतृत्व में कार्यकर्ता गोड्डा रवाना हुए। इस दौरान सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता रैली में शामिल होकर मोदी का भाषण सुनेंगे। मंडल अध्यक्ष केलाश साह ने कहा कि बरहेट में भाजपा कार्यकताओं एकजुट होकर भाजपा को बरहेट से कमल खिलाना है। झारखंड में भाजपा की सरकार बनाना है इसी संकल्प के साथ भाजपा कार्यकताओं को जोश भरा। इस दौरान नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे जोर-जोर से लगे। मौके पर विधानसभा संयोजक संजय कुमार गुप्ता, हेमंत शाह, गौरी शंकर शाह, हनीफ अंसारी, नवीन गुप्ता, अजय ठाकुर, संतोष कापरी, गणेश पंडित, के अलावा अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# महंगाई दर 6.2 फीसदी हुई, 14 महीनों में सबसे ऊंचे स्तर पर

## आरबीआई ने कहा- ब्याज दरों में कोई कटौती नहीं की जाएगी

**नई दिल्ली।**

भारत में अक्टूबर महीने में खुदरा महंगाई दर अप्रत्याशित रूप से बढ़कर 6.2 फीसदी हो गई, जो पिछले 14 महीनों में सबसे ऊंचा स्तर है। इससे पहले सितंबर में महंगाई दर 5.5 फीसदी थी। इस बढ़ोतरी का मुख्य कारण सब्जियों, फलों और खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतें हैं। यह वृद्धि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा मौद्रिक नीति में ढील देने की संभावना को टाल सकती है, जबकि अर्थव्यवस्था में मंदी के संकेत भी मिल रहे हैं।

महंगाई दर का यह उच्चतम स्तर आरबीआई के 4 फीसदी के लक्ष्य से बाहर हो गया है, साथ ही 2 फीसदी के सहनशीलता बैंड से भी बाहर है। अगस्त 2023 के बाद यह पहली बार है। इस बढ़ी महंगाई दर का असर शेयर बाजार पर भी पड़ा है, जहां मंगलवार को बाजार 1फीसदी गिरकर बंद हुआ था। महंगाई के आंकड़े बाजार बंद होने के बाद जारी किए गए, जिससे आर्थिक माहौल और भी अस्थिर प्रतीत हो रहा है।

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक 4-6 दिसंबर होना है। आईसीआरए की मुख्य अर्थशास्त्री ने कहा कि अक्टूबर में महंगाई 6 फीसदी से ऊपर पहुंचने के बाद और क्यू3 2025 के एमपीसी अनुमान से 60-70 बेसिस पॉइंट ज्यादा रहने की संभावना को देखते हुए दिसंबर की बैठक में ब्याज दरों में कटौती की संभावना नहीं है। इस स्थिति में आरबीआई द्वारा ब्याज दरों में कोई कटौती नहीं की जा सकती है, जो भारत में लोन की ईएमआई पर असर डाल सकता है। इसके पहले आरबीआई गवर्नर शशिकांत दास ने साफ कहा था कि फिलहाल होम लोन और ऑटो लोन पर ईएमआई में कोई कमी नहीं की जाएगी। आरबीआई ने पिछले दो सालों में ब्याज दरों में कोई कटौती नहीं की है। अक्टूबर की मौद्रिक नीति बैठक में कुछ बदलाव की उम्मीद जताई थी लेकिन आरबीआई के गवर्नर ने पहले ही साफ कर दिया है कि फिलहाल ब्याज दर यथास्थित रहेगी। इस बीच कनाडा और यूरोपीय सेंट्रल बैंक ने इस साल ब्याज दरों में दो बार कटौती की है और अमेरिका के फेडरल रिजर्व ने अपनी अगली बैठक में ब्याज दरों में कटौती करने की संभावना जताई है लेकिन भारत में, बढ़ती महंगाई के कारण, ब्याज दरों में कटौती का माहौल फिलहाल नजर नहीं आ रहा है, जिससे घरेलू अर्थव्यवस्था पर दबाव बना रह सकता है।

# अडाणी ग्रुप मेटल इंडस्ट्री में करेगा निवेश, टाटा, बिड़ला और वेदांता में हड़कंप

## ग्रुप अगले तीन से पांच सालों में इस क्षेत्र में पांच बिलियन डॉलर करेगा खर्च

**नई दिल्ली।**

देश के दूसरे सबसे अमीर और अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी मेटल इंडस्ट्री में तगड़ा निवेश करने वाले हैं। उनके इस कदम ने बड़े कारोबारी ग्रुप जैसे टाटा, बिड़ला और वेदांता में हलचल मचा दी है। अडाणी इस कारोबार के लिए 5 बिलियन डॉलर यानी करीब 42 हजार करोड़ रुपए निवेश कर रहे हैं। अडाणी के इस मेटल कारोबार में खनन, शोधन और तांबा, लोहा, इस्पात और एल्युमीनियम के प्रोडक्शन पर फोकस है। इसके लिए अडाणी ग्रुप अगले तीन से पांच सालों में इस क्षेत्र में पांच बिलियन डॉलर खर्च करेगा।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कुल निवेश में से दो बिलियन डॉलर कॉपर पर खर्च किए जाएंगे। अडाणी के इस कारोबार में प्रवेश करने से वेदांता, आदित्य बिड़ला ग्रुप की हिंडाल्को और टाटा जैसी दिग्गज कंपनियों को चुनौती मिलेगी।

अडाणी ग्रुप मार्च में 500 किलो टन प्रति वर्ष की स्मेल्टर क्षमता के साथ अपने तांबा संचालन के पहले चरण की शुरुआत कर चुका है। वहीं अडाणी ग्रुप की दूसरी मेटल जैसे एल्युमीनियम, स्टील आदि पर भी नजर है। ग्रुप को ओडिशा के रायगढ़ में एक एल्युमीना रिफाइनरी और एक कैप्टिव पावर प्लांट बनाने की मंजूरी मिल गई है। जल्द ही यहां काम शुरू हो जाएगा लेकिन इससे पहले अडाणी ग्रुप अपनी सहायक कंपनी मुंद्रा एल्युमीनियम लिमिटेड के तहत एक एल्युमीना रिफाइनरी स्थापित करने पर विचार कर रहा है। मेटल सेक्टर में उतरने के बाद अडाणी ग्रुप से कई बड़ी कंपनियों जैसे वेदांता, हिंडाल्को, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील आदि को टकर मिलेगी। इसमें वेदांता एल्यूमीनियम, जस्ता, लोहा आदि में अपने ऑपरेशंस के लिए जानी जाती है। वहीं हिंडाल्को तांबे और एल्यूमीनियम में माहिर है। टाटा स्टील और जेएसडब्ल्यू स्टील लोहा और इस्पात क्षेत्र में अग्रणी हैं। अडाणी का लक्ष्य उन सेक्टर पर अपनी पहुंच बनाना है जो अभी तक उनसे दूर रहे हैं। ग्रुप ने कुछ समय पहले अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड और एसीसी लिमिटेड का अधिग्रहण करके सीमेंट क्षेत्र में कदम रखा है।

# आईपीओ से स्विगी के कर्मचारी बनेंगे करोड़पति? ईएसओपी से भारी होगी कमाई

**नई दिल्ली।**




ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी के आईपीओ का लाभ भले ही निवेशकों को न मिले, लेकिन कर्मचारियों के लिए यह एक बड़ी सौगात ला रहा है। स्विगी के करीब 500 कर्मचारियों के करोड़पति बनने की उम्मीद है, क्योंकि कंपनी के आईपीओ के बाद उनकी एम्पलाइ स्टॉक ऑनरशिप प्लान (ईएसओपी) से भारी कमाई हो सकती है। स्विगी के इस कदम से नए-पुराने मिलाकर करीब पांच हजार कर्मचारियों को अच्छी-खासी राशि मिलने की संभावना है, क्योंकि उन्हें कंपनी के शेयर लिस्ट होने के बाद बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक स्विगी के आईपीओ के जरिए कर्मचारियों को स्टॉक ऑप्शन से करीब नौ हजार करोड़ रुपए की कमाई होने की उम्मीद है। स्विगी के शेयर बुधवार को लिस्ट हो रहे हैं, लेकिन इसका ग्रे मार्केट प्रीमियम केवल 2 रुपए है, जो इश्यू प्राइस का मात्र 1 फीसदी है। इसलिए खुदरा निवेशकों को इससे ज्यादा लाभ नहीं होने की संभावना है। हालांकि स्विगी के संस्थापकों और शीर्ष प्रबंधन के पास पर्याप्त ईएसओपी हैं, जिनमें ग्रुप सीईओ, सह-संस्थापक और वरिष्ठ नेता शामिल हैं। स्विगी के ईएसओपी लिक्विडेशन को भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम में उच्च-प्रोफाइल मामलों में से एक माना जा रहा है। आईपीओ को खुदरा निवेशकों से मिश्रित प्रतिक्रिया मिली है, जहां इसे 1.14 गुना सब्सक्राइब किया गया है, जबकि क्यूआईबी (क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स) श्रेणी में यह छह गुना सब्सक्राइब हुआ। 2014 में स्थापित स्विगी ने भारत में 2,00,000 से ज्यादा रेस्तरां के साथ साझेदारी की है और जोमैटो, अमेजन, और टाटा बिगबास्केट जैसे बड़े प्रतियोगियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2024 में कंपनी को 2,350 करोड़ रुपए का घाटा हुआ, लेकिन लगातार विकास के कारण भविष्य में लाभ की संभावना को लेकर निवेशकों में उत्साह है। ईएसओपी का उद्देश्य कर्मचारियों को कंपनी के साथ जोड़ना और उन्हें कंपनी की सफलता में हिस्सेदार बनाना है। ईएसओपी के तहत कर्मचारियों को शेयर खरीदने का मौका मिलता है, जिससे वे कंपनी के विकास से सीधा लाभ कमा सकते हैं।

# एसीएमई सोलर होल्डिंग शेयरों की स्टॉक मार्केट में कमजोर शुरुआत, निवेशक निराश

**नई दिल्ली।**

नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी एसीएमई सोलर होल्डिंग के शेयरों की स्टॉक मार्केट में शुरुआत कमजोर रही। कंपनी के शेयर इश्यू प्राइस से भारी डिस्काउंट के साथ लिस्ट हुए, जिससे निवेशक निराश हैं। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर एसीएमई सोलर होल्डिंग के शेयर 251 रुपए प्रति शेयर पर लिस्ट हुए, जो इश्यू प्राइस 289 रुपए से 13.15 फीसदी कम है। वहीं, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर यह 259 रुपए प्रति शेयर पर लिस्ट हुए, जो इश्यू प्राइस से 10.38 फीसदी नीचे रहे। स्ट्रीट की उम्मीद थी कि एसीएमई का डेब्यू फ्लैट रहेगा या इश्यू प्राइस के आसपास हो सकता है, लेकिन इसके कमजोर प्रदर्शन ने बाजार की अपेक्षाओं को निराश किया है।

इस कमजोर लिस्टिंग का कारण शेयरों का ग्रे मार्केट में अपेक्षित प्रदर्शन था। लिस्टिंग से पहले एसीएमई सोलर होल्डिंग के शेयर ग्रे मार्केट में 1.38 फीसदी के डिस्काउंट पर ट्रेड कर रहे थे, जिससे संकेत मिला था कि शेयर की लिस्टिंग परफॉर्मेंस बहुत मजबूत नहीं होगी। ग्रे मार्केट प्रीमियम (जीएमपी) एक अनौपचारिक संकेतक है, जो लिस्टिंग डे के गेन ट्रैक करने में मदद करता है, और इस मामले में, यह पहले ही कमजोर प्रदर्शन की ओर इशारा कर रहा था।

एसीएमई सोलर होल्डिंग के आईपीओ से जुटाई गई राशि का मुख्य उद्देश्य कंपनी के कर्ज का भुगतान करना है। इस आईपीओ से कंपनी को 2,900 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य था, जिसमें से 1,795 करोड़ रुपए नए इश्यू से आएंगे, जिनका इस्तेमाल कंपनी अपने कर्ज को चुकाने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करेगी। इस आईपीओ में कुल 82,871,973 नए शेयर जारी किए हैं और 17,474,049 शेयर ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के तहत शामिल हैं।

इश्यू का प्राइस बैंड 275-289 रुपए प्रति शेयर तय किया गया था, और हर शेयर की फेस वैल्यू 2 रुपए रखी गई थी। एसीएमई सोलर होल्डिंग भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की एक अग्रणी कंपनी है, जो सोलर और विंड एनर्जी प्रोजेक्ट्स पर केंद्रित है। कंपनी की ऑपरेशनल सोलर क्षमता मार्च 2024 तक 1,320 मेगावाट हो चुकी है।

# आर्थिक पैकेज की घोषणा के बाद भी चीन कर रहा अर्थव्यवस्था संकट का सामना

## वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में विदेशी निवेशकों ने 8.1 अरब डॉलर की निकासी


**चीन की अर्थव्यवस्था पर संकट- विदेशी निवेश में भारी कमी, संभावित मंदी की आशंका**

**नई दिल्ली।**

चीन इन दिनों अर्थव्यवस्था संकट का सामना कर रहा है। हाल ही में चीन ने अपने आर्थिक संकट से उबरने के लिए अरबों डॉलर के आर्थिक पैकेज की घोषणा की है लेकिन इसका प्रभाव देखने को नहीं मिल रहा है। इस वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही में विदेशी निवेशकों ने चीन से 8.1 अरब डॉलर की निकासी की है और वर्ष 2023 में कुल मिलाकर 12.8 अरब डॉलर की निकासी हुई जो 1998 के बाद सबसे बड़ी राशि है। अगर यही स्थिति रही तो चीन में 1990 के बाद पहली बार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का वार्षिक नेट आउटफ्लो देखा जा सकता है।

चीन की अर्थव्यवस्था वर्तमान में 2008 के वित्तीय संकट के बाद की सबसे बड़ी मंदी का सामना कर रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह मंदी जारी रही तो चीन को लंबी अवधि तक ठहराव का सामना करना पड़ सकता है, जैसे कि 1990 के दशक में जापान को हुआ था। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत से चीन की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। ट्रंप ने अपने चुनावी भाषणों में चीनी वस्तुओं पर 60 फीसदी तक के आयात शुल्क लगाने का वादा किया है, जिससे चीन के लिए नए संकट पैदा हो सकते हैं।

चीन का डेट-टू-जीडीपी अनुपात पहली तिमाही में 366 फीसदी पर पहुंच गया है, जो दर्शाता है कि देश की जीडीपी की एक यूनिट पर 3.66 यूनिट का कर्ज है। यह आंकड़ा चीन की वित्तीय स्थिति को गंभीर बनाता है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पहले ही चीन की अर्थव्यवस्था के लिए अपने विकास अनुमान को घटा दिया है, और इस साल 4.8 फीसदी की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया है, जबकि सरकारी लक्ष्य 5 फीसदी था। चीन की अर्थव्यवस्था में कई सेक्टर्स, जैसे रियल एस्टेट और बैंकिंग, गंभीर संकट से गुजर रहे हैं। रियल एस्टेट सेक्टर में मंदी के कारण अर्थव्यवस्था की एक तिहाई हिस्सेदारी प्रभावित हो रही है। इसके अलावा बेरोजगारी दर भी बढ़ रही है और मंदी की आशंका के कारण उपभोक्ताओं का खर्च करने का रुझान घटा है।



विश्लेषकों का मानना है कि चीन को अब निर्यात और निवेश आधारित विकास मोड से हटकर उपभोक्ता मांग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इससे न केवल चीन की अर्थव्यवस्था को स्थिर किया जा सकेगा, बल्कि वह बाहरी आर्थिक झटकों से भी बेहतर तरीके से निपट सकेगा।




# सरकारी बैंकों ने अप्रैल से सितंबर में 236.04 लाख करोड़ का प्रॉफिट कमाया

**रेगुलर मॉनिटरिंग के चलते बैंकों के कामकाज में हुआ सुधार**

**नई दिल्ली।** सरकारी बैंकों ने मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही में न केवल अच्छा कारोबार किया बल्कि अच्छा प्रॉफिट भी कमाया। फाइनेंस मिनिस्ट्री ने बताया कि इस दौरान सरकारी बैंकों का नेट प्रॉफिट 26 फीसदी बढ़ा है साथ ही इनके बिजनेस ने रफ्तार पकड़ी और नॉन परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) भी घटा है। मिनिस्ट्री ने बताया कि रेगुलर मॉनिटरिंग के चलते बैंकों के कामकाज में सुधार हुआ है। 12 सरकारी बैंकों का कुल बिजनेस अप्रैल से सितंबर के दौरान 236.04 लाख करोड़ रुपए का रहा। सालभर पहले की इस अवधि के मुकाबले यह 11 फीसदी ज्यादा है। पहली छमाही में इन बैंकों का क्रेडिट पोर्टफोलियो 12.9 फीसदी बढ़कर 102.29 लाख करोड़ रुपए और डिपॉजिट पोर्टफोलियो 9.5 फीसदी बढ़कर 133.75 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। ऑपरेटिंग प्रॉफिट सालभर पहले के मुकाबले 14.4 फीसदी बढ़कर 150023 करोड़ रुपए हो गया। वहीं नेट प्रॉफिट 25.6 फीसदी बढ़कर 85,520 करोड़ रुपए रहा। ग्रॉस एनपीए 3.12 फीसदी पर आ गया। इसमें 108 बेसिस पॉइंट्स की कमी दर्ज की गई। वहीं, नेट एनपीए सालभर पहले से 34 बेसिस पॉइंट्स घटकर 0.63 फीसदी पर आ गया। सबसे ज्यादा प्रॉफिट पंजाब नेशनल बैंक को हुआ। इस बैंक का शुद्ध लाभ 145 फीसदी बढ़कर 4,303 करोड़ रुपए हो गया। केनरा बैंक ने 4,014 करोड़ रुपए के शुद्ध लाभ के साथ 11 फीसदी की सबसे कम वृद्धि दर्ज की। बैंक ऑफ बड़ौदा का सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उधारदाताओं (5,237 करोड़ रुपए) में दूसरा सबसे ज्यादा शुद्ध लाभ था। वित मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी काउंसिल की बैठक 21-22 दिसंबर को राजस्थान में होगी। इस दौरान वह आगामी बजट के बारे में राज्यों के वित्त मंत्रियों से सलाह-मशविरा भी कर सकती है। इस बैठक में काउंसिल हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पर जीएसटी खत्म करने या रेट घटाने के बारे में फैसला कर सकती है।

# दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क की संपत्ति में 84.7 अरब डॉलर की वृद्धि

**सैन फ्रांसिस्को।**

उद्योगपति एलन मस्क इस समय दुनिया के सबसे धनी व्यक्ति बने हुए हैं। इस सप्ताह उनकी कंपनी टेस्ला के शेयरों में 29 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, जिससे उनकी कुल संपत्ति बढ़कर 314 अरब डॉलर तक पहुंच गई। मस्क की इस संपत्ति में 84.7 अरब डॉलर की वृद्धि हुई है। हालांकि, इस वर्ष संपत्ति में तेजी से वृद्धि के मामले में एनवीडिया के सह-संस्थापक और सीईओ जेनसेन हुआंग ने उन्हें पीछे छोड़ दिया है, जिनकी संपत्ति में इस साल 84.8 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। हुआंग, जो हाल ही में भारत दौरे पर भी आए थे, की कुल संपत्ति अब 129 अरब डॉलर है, जिससे वह दुनिया के शीर्ष 10 अमीरों की सूची में शामिल होने से थोड़ा पीछे रह गए और फिलहाल 11वें स्थान पर हैं। एनवीडिया के शेयरों में भी भारी उछाल देखा गया है, और हाल ही में यह कंपनी ऐपल को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई है। एनवीडिया का वर्तमान मार्केट कैप 3.63 ट्रिलियन डॉलर है, जबकि ऐपल 3.40 ट्रिलियन डॉलर के साथ दूसरे स्थान पर आ गया है। हुआंग के पास एनवीडिया में लगभग तीन प्रतिशत हिस्सेदारी है। दुनिया के शीर्ष अमीरों की सूची में एलन मस्क के बाद दूसरे स्थान पर अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस हैं, जिनकी नेटवर्थ 230 अरब डॉलर है। तीसरे स्थान पर मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग हैं, जिनकी संपत्ति 209 अरब डॉलर है। ओरेकल के संस्थापक लैरी एलिसन 202 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ चौथे स्थान पर हैं, जबकि फ्रांसीसी फैशन समूह एलवीएमएच के चेयरमैन बर्नार्ड अरनॉल्ट 172 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ पांचवें स्थान पर हैं। संपत्ति के मामले में हुई इस भारी वृद्धि को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले समय में जेनसेन हुआंग भी शीर्ष 10 अमीरों की सूची में प्रवेश कर सकते हैं।

# शेयर बाजार भारी गिरावट पर बंद , निवेशकों के डूबे 6.79 लाख करोड़ रुपये

**मुम्बई।**

घरेलू शेयर बाजार बुधवार को भी भारी गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इससे पहले मंगलवार को भी बाजार तेज गिरावट के साथ बंद हुआ था। वहीं आज विदेशी निवेशकों की धन निकासी से भी बाजार पर दबाव आया है। इसके अलावा घरेलू कंपनियों के तिमाही परिणाम भी उम्मीद के अनुसार नहीं आने से बाजार टूटा है। कारोबार के दौरान एचडीएफसी बैंक , रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में गिरावट से भी बाजार नीचे आया। रिटेल इन्फ्लेशन के 6 फीसदी के ऊपर पहुंचने से भी निवेशकों पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। इससे बाजार में निवेशकों को 6.79 लाख करोड़ रुपये का घाटा। कंपनियों का बाजार पूंजीकर 6.79 लाख करोड़ रुपये घटकर 4,30,45,534 करोड़ रुपये रह गया। वहीं आज सुबह 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स गिरावट के साथ 78,495.53 अंक पर खुला पर कारोबार के अंत में सेंसेक्स 984.23 अंक करीब




1.25 फीसदी की गिरावट के साथ ही 77,690.95 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 352.55 अंक तकरीबन1.48 फीसदी नीचे आकर 23,530.90 के लेवल पर बंद हुआ। आज निफ्टी के केवल 4 शेयर ही लाभ में रहे। कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 कंपनियों में टाटा स्टील के शेयर सबसे ज्यादा 3.40 फीसदी गिरे जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, कोटक बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एलएंडटी, बजाज फाइनेंस के शेयर प्रमुख रूप से गिरावट में रहे। वहीं एनटीपीसी का शेयर 0.21 फीसदी ऊपर आकर बंद हुआ। इसके अलावा टाटा मोटर्स और इन्फोसिस के शेयर ही बढ़त पर बंद हुए।'

# उपभोक्ताओं को डिलीवरी के समय खाद्य उत्पाद की शेल्फ लाइफ 45 दिन हो

**एफएसएसएआई ने ई-कॉमर्स कंपनियों को दिए महत्वपूर्ण निर्देश**

**नई दिल्ली।** हाल के दिनों में ग्राहकों की बढ़ती शिकायतों को ध्यान में रखते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने ई-कॉमर्स कंपनियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। एफएसएसएआई ने निर्देश दिया है कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स ग्राहकों को ऐसे खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराएं, जिनकी शेल्फ लाइफ डिलीवरी के समय कम से कम 45 दिन हो। यह कदम इसलिए उठाया ताकि उपभोक्ताओं को ताजा और सुरक्षित खाद्य उत्पाद मिल सकें और उन्हें जल्द खराब होने वाले उत्पादों की समस्याओं का सामना न करना पड़े। एफएसएसएआई ने बयान में कहा कि इस मुद्दे पर चर्चा के लिए एफएसएसएआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने विभिन्न ई-कॉमर्स खाद्य व्यवसाय संचालकों (एफबीओ) के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने एफबीओ को निर्देशित किया कि वह तय करें कि उपभोक्ताओं को डिलीवरी के समय खाद्य उत्पाद की न्यूनतम शेल्फ लाइफ 30 फीसदी या कम से कम 45 दिन शेष होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर जो भी उत्पाद बिक रहे हैं, उनकी लेबल पर दी गई जानकारी सही होनी चाहिए और एफएसएसएआई के लेबलिंग और प्रदर्शन नियमों के अनुरूप हो। उन्होंने आगाह किया कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर किसी भी प्रकार के भ्रामक दावे न किए जाएं, जो उपभोक्ताओं को भ्रमित करते हों। एफएसएसएआई ने इस कदम को उपभोक्ता सुरक्षा एक लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया और कहा कि इससे उपभोक्ताओं को सही जानकारी मिलेगी। यह निर्देश ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स के लिए अपने खाद्य सुरक्षा मानकों को सख्त करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

# दीपावली पर सोने पर हुआ 1,961 करोड़ का रिकॉर्ड निवेश

**नई दिल्ली।**

गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) में निवेशकों की बढ़ती रुचि के साथ ही अक्टूबर में इसमें रिकॉर्ड 1,961 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो सितंबर के 1,233 करोड़ रुपये से कहीं अधिक है। भारतीय म्यूचुअल फंड्स के संगठन (एएमएफआई) के अनुसार, यह अक्टूबर में गोल्ड ईटीएफ श्रेणी का मासिक शुद्ध इनफ्लो का नया रिकॉर्ड है। जनवरी 2020 से लेकर अब तक गोल्ड ईटीएफ में कुल 24,153 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है, जो इस निवेश विकल्प की लोकप्रियता को दर्शाता है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय गोल्ड ईटीएफ में शुद्ध सोने की होल्डिंग पिछले चार वर्षों में लगभग दोगुनी होकर 54.5 टन तक पहुंच गई है, जबकि चार साल पहले यह केवल 27.4 टन थी।

विशेषज्ञों के अनुसार, त्योहारों का सीजन, वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, केंद्रीय बैंकों की नीतियों में परिवर्तन, और शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव जैसे कारकों के चलते सोने में निवेश में यह वृद्धि देखने को मिल रही है। व्यक्तिगत और संस्थागत निवेशकों ने सोने के प्रति आकर्षण बढ़ाया है, जिससे इसका महत्व और भी बढ़ गया है। गोल्ड ईटीएफ एक ऐसा वित्तीय साधन है जो स्टॉक एक्सचेंजों पर ट्रेड होता है और निवेशकों को सोने की कीमत में उतार-चढ़ाव का लाभ उठाने का अवसर देता है। इसमें निवेशक सोने को खरीदे बिना ही इसके मूल्य में बदलाव का फायदा उठा सकते हैं, जिससे यह सोने में निवेश का एक आसान और सस्ता तरीका माना जाता है। इस बीच, 12 नवंबर को सोने की कीमतें एक महीने के निचले स्तर पर आ गईं। स्पॉट गोल्ड की कीमत 0.1 प्रतिशत गिरकर 2,617.15 प्रति औंस पर रही, जो 10 अक्टूबर के बाद का सबसे निचला स्तर है। भारत में 24 कैरेट सोने की कीमत 7,893.3 रुपये प्रति ग्राम जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 7,237.3 रुपये प्रति ग्राम रही। एलकेपी सिक्योरिटीज के




कमोडिटी और करंसी विशेषज्ञ जतिन त्रिवेदी के अनुसार, डॉलर इंडेक्स में मजबूती और अमेरिकी बॉन्ड की बढ़ती कीमतें सोने की कीमतों पर दबाव डाल रही हैं। उनका कहना है कि जब तक सोना 2,750 के स्तर से नीचे रहेगा, तब तक इसमें करेक्टिव ट्रेंड बने रहने की संभावना है। इस रिकॉर्ड निवेश से संकेत मिलता है कि गोल्ड ईटीएफ अब निवेशकों के लिए एक प्रमुख और सुरक्षित विकल्प बन चुका है, खासकर ऐसे समय में जब बाजार में उतार-चढ़ाव और अस्थिरता अधिक है।

# रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को रुपया एक पैसे की गिरावट के साथ ही 84.39 पर बंद हुआ। वही गत दिवस रुपय 84.17 पर खुला। वहीं इसके बाद ये 84.40 पर पहुंचा है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को रुपया 84.38 पर सपाट बंद हुआ था। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती से निवेशकों की धारणा प्रभावित होने के कारण रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में दो पैसे टूटकर अपने सर्वकालिक निचले स्तर 84.40 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि मध्यम अवधि में रुपये के 83.80 और 84.50 प्रति डॉलर के बीच कारोबार करने के आसार हैं क्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक अपने मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार के दम पर इसमें कोई बड़ी गिरावट को सीमित रखने में सक्षम है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.39 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद अपने सर्वकालिक निचले स्तर 84.40 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले दो पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने सर्वकालिक निचले स्तर 84.38 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 फीसदी की बढ़त के साथ 105.63 पर रहा।

# सबसे अधिक इमामगंज में वोटिंग

## वोटिंग के बीच रामगढ़ में शराब से भरा टैंकर जब्त, तरारी में दो गुट भिड़े, 6 घायल



**पटना।** बिहार की चार विधानसभा सीटों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ में उपचुनाव के लिए वोटिंग जारी है। मतदान के बीच तरारी में दो पक्षों के बीच झड़प हो गई। इसमें एक युवक का सिर फट गया। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों को भी चोट आई है। बिहटा पंचायत के धर्मपुरा गांव की बूथ संख्या 223 पर एक पार्टी को वोट देने को लेकर विवाद हुआ है। वहीं रामगढ़ में वोटिंग के बीच शराब से भरा टैंकर जब्त किया गया है। चार सीटों पर दोपहर 3 बजे तक कुल 45.30% फीसदी वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा रामगढ़ में 47.73% मतदान हुआ। बिहार में अगले साल विधानसभा चुनाव होना है, ऐसे में 12 लाख से ज्यादा वोटर्स एक साल के लिए 4 विधायक चुन रहे हैं। जिसके लिए 38 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। गया के नक्सल प्रभावित इमामगंज में सुरक्षा के खास इंतजाम किए गए हैं। यहां 346 बूथ बनाए गए हैं। इनमें से 320 अति संवेदनशील बूथ हैं। इन बूथों पर सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक वोटिंग होगी। सिर्फ 26 बूथ पर शाम 6 बजे तक वोटिंग होगी। इन चार सीटों में से 3 पर पिछली बार महागठबंधन का कब्जा था, जबकि इमामगंज से केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी जीते थे। चारों ही सीटों पर पूर्व सीएम मांझी समेत कई सीनियर लीडर्स के बेटा-बहू मैदान में हैं। औरंगाबाद के राजद सांसद अभय कुमार सिन्हा उर्फ अभय कुशवाहा ने अपना मत देकर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हम तो कहेंगे कि मैंने अपना मतदान कर लिया। अभी उपचुनाव में कोई मतदाता बंधु छूटे हुए हैं तो देर न करें शीघ्र जाकर अपना मत का प्रयोग करें। उन्होंने कहा आज मतदान जो हुआ निश्चित तौर पर गया जिला में दो विधानसभा में मतदान और दोनों विधानसभा में जिस तरह का रुझान है निश्चित तौर पर दोनों विधानसभा के महान मतदाता मालिक लोकतंत्र को बचाने के लिए वोट कर रहे हैं। कैमूर की रामगढ़ विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के दौरान दुर्गावती प्रखंड के कई गांवों ने बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी के विरोध में मतदान का बहिष्कार कर दिया। दूघरा और खडसरा गांव के लोगों ने बुधवार को अपने बूथों पर मतदान का बहिष्कार किया, जिससे प्रशासन और राजनीतिक दलों के बीच हलचल मच गई है। दूघरा गांव के ग्रामीणों ने बूथ संख्या 108 पर ह्यपुल नहीं तो वोट नहींह्ण का नारा लगाते हुए मतदान नहीं किया। बेलागंज विधानसभा उपचुनाव के दौरान जदयू प्रत्याशी पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के पुत्र रॉकी यादव का गाली देते ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें किसी व्यक्ति से बात करते कुछ जाति के लोगों को गाली देने का ऑडियो वायरल हो रहा है। इसमें किसी से फोन पर बात करते हुए कह रहा है कि फॉरवर्ड जाति पर पहले से कह रहे थे कि भरोसा लायक नहीं है। अब दो दिनों के बाद रॉकी अपना रूप दिखाएगा। ऑडियो वायरल होने के बाद जिला प्रशासन इमामगंज विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव में हो रहा है। बुधवार को सुबह सात बजे से करीब-करीब तमाम मतदान केंद्रों पर वोटिंग शुरू हो गई। हालांकि विभिन्न कारणों से कुछ बूथों पर देर से वोटिंग शुरू हो सकी। गया जिले के इमामगंज एक ऐसा जहां क्षेत्र है, जहां झारखंड सीमा पर बसे पनवां टांड और सिवनडीह गांव के वोटर वोट करते है। यहां के मतदाता सड़क नहीं तो वोट नहीं का बैनर लगा कर बहिष्कार कर रहे हैं। इस संबंध में पथरा गांव के मतदाता भूपेंद्र कुमार प्रजापति और रोहित कुमार ने बताया कि आजादी के बाद से उक्त गांव में आज तक न तो सड़क बना है और न ही नदी पर पुल नहीं बना है।

## रिश्वत लेते गिरफ्तार हुए सहकारिता पदाधिकारी



**नालंदा।** निगरानी की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार को सिलाव प्रखंड के सहकारिता पदाधिकारी प्रशांत कुमार को 50,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। निगरानी विभाग के डीएसपी सुधीर कुमार के अनुसार, यह कार्रवाई गोरमा पैक्स के अध्यक्ष अमन कुमार की शिकायत पर की गई। अमन कुमार ने 25 अक्टूबर को दर्ज कराई। आरोप लगाया कि प्रशांत कुमार मतदाता सूची से 14 लोगों के नाम हटाने के एवज में 50,000 रुपये की मांग कर रहे थे। पैक्स अध्यक्ष के शिकायत के आधार पर मामले की जांच की गई है। इसमें सामने आया कि आरोपी सहकारिता पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने मतदाता सूची में गलत तरीके से दर्ज किए गए नामों को हटाने के लिए रिश्वत की मांग की थी। निगरानी विभाग ने शिकायत की पुष्टि के बाद 11 नवंबर को मामला दर्ज किया और एक सटीक योजना के तहत कार्रवाई की गई। जब आरोपी अधिकारी सोहसराय थाना क्षेत्र के जगदंबा होटल के पास रिश्वत की राशि प्राप्त कर अपनी गाड़ी में रख रहे थे, तभी डीएसपी सुधीर कुमार और केस के अनुसंधानकर्ता मणिकांत कुमार के नेतृत्व में 11 सदस्यीय टीम ने उन्हें धर दबोचा।

# गंडक में पिलर से टकराई नाव, 2 लोग लापता

## नारायणपुर घाट से 5 लोग थे सवार, 3 को बचाया गया, खेती करने जा रहे थे सभी





**बगहा।** नारायणपुर घाट पर गंडक नदी पार करते वक्त हादसा हो गया। एक नाव, जिसमें 5 लोग सवार थे, अचानक नदी में बनी एक पाया से टकरा गई। इस टक्कर के चलते नाव का संतुलन बिगड़ गया और उसपर सवार पांच लोग नदी में गिर गए। बता दें कि रेलवे लाइन के लिए बने पिलर से नाव टकराई है। वहीं, स्थानीय गोताखोरों की तत्परता से तीन लोगों को बचा लिया गया, लेकिन दो युवक अब भी लापता हैं। लापता युवकों की पहचान योगेंद्र यादव के पुत्र मुकेश कुमार (25) और कुबेर यादव के पुत्र अजय यादव (18) के रूप में हुई है। मुकेश और अजय खेती करने के लिए नदी पार कर रहे थे, लेकिन अचानक हुए इस हादसे ने उनके परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है। राहत कार्य को गति देने के लिए विशेष रूप से एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल) की टीम को बुलाया जा रहा है। ग्रामीणों ने नारायणपुर घाट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि घाट पर नियमित रूप से इस प्रकार की घटनाओं का खतरा बना रहता है, लेकिन सुरक्षा मानकों की ओर प्रशासन का ध्यान नहीं है। स्थानीय कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि नाव जैसे ही किनारे से खुली अचानक कुहासा होने के कारण पाया से जा टकराई, जिसमें दो लोग लापता हैं। हादसे के बाद नारायणपुर घाट पर सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठने लगे हैं। कई ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि नदी में यात्रा करने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कठोर कदम उठाए जाएं। नारायणपुर घाट पर हादसे के बाद से ही लोगों में डर का माहौल है। इधर परिवारजन घाट पर इंतजार कर रहे हैं, उम्मीद में कि उनके प्रियजन जल्द सुरक्षित लौट आएं।

## संक्षिप्त डायरी

### देव दीपावली पर सवा लाख दीपों से सजेगा बक्सर



**बक्सर।** देव दीपावली के उत्सव पर बक्सर में पूरी तैयारी चल रही है। जिले के 10 प्रमुख घाटों को सवा लाख दिए से सजाया जायेगा। जिसके लिए आयोजन समिति ने कुम्हारों को मिट्टी का दिया बनाने का आर्डर पहले से ही दे दिया है। पूरी तैयारी के लिए नगर के आदर्श गोशाला में बैठक कर पूरी रूप रेखा तैयार की गई है। बैठक कार्यक्रम प्रशासनिक अधिकारी व भाजपा नेता मनोज राय की अध्यक्षता में की गई है। जहां घाटों पर कुल सवा लाख दिया जलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिससे पूरे शहर में अद्भुत दीपों की रोशनी बिखरेगी। 15 नवंबर को देव दीपावली के दिन पूरी तैयारी आयोजन समिति ने बताया कि रामरेखा घाट पर 25 हजार, सुमेश्वर स्थान घाट पर 10 हजार, बांग्ला घाट पर 7 हजार, सूरज घाट पर 5 हजार, जहाज घाट पर 4 हजार, पुलिया घाट पर 4 हजार, सिद्धनाथ घाट पर 10 हजार, गोलाघाट पर 10 हजार, सती घाट पर 6 हजार और फुआ घाट पर 2 हजार एक दिया जलाया जायेगा। छोटे और अन्य घाटों पर भी दीयों की सजावट की योजना बनाई गई है ताकि सभी घाट दीपों की रोशनी से जगमगाएं। बेहतर व्यवस्था करने वाली समितियों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। आगे बताया कि देव दीपावली महोत्सव में बक्सर से बाहर रहने वाले लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह योजना बनाई गई है कि वो अपने घरों पर दीये जलाकर उसकी तस्वीर फेसबुक पर साझा करेंगे। जिससे वो भी इस महोत्सव का हिस्सा बन सकेंगे। साथ ही समितियों ने महोत्सव को और आकर्षक बनाने के कई सुझाव दिए हैं।

### 2 लाख लगाकर लोगों ने खुद बनाया चचरी पुल





**किशनगंज।** ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दल्लेगांव में मैची नदी पर बने चचरी पुल का उद्घाटन किया गया। 2 लाख रूपए लगाकर लोगों ने खुद चचरी पुल का निर्माण किया है। इस दौरान स्थानीयों ने कहा कि अब नेता चुनाव प्रचार करने के लिए आ सकेंगे। इन्होंने विधायक पर आरोप भी लगाए कि पहले भी पुल का निर्माण किया जा सकता था। पुल स्थानीय जनता के लिए एक अहम सुविधा साबित हुआ है। पुल के निर्माण से ग्रामीणों को आवाजाही में सहूलियत मिली है। उनके दैनिक जीवन में आसानी आई है। दल्लेगांव पुल निर्माण संघर्ष कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद जहुर रजवी ने किया। इस मौके पर इन्होंने कहा कि यह चचरी पुल का निर्माण इस उद्देश्य से किया गया कि नेताओं को चुनाव प्रचार के दौरान नदी में उतर कर न आना पड़े। उन्होंने यह भी बताया कि पुल का निर्माण 2 लाख रुपए के बजट में मेराज आलम सैफुद्दीन और रसीद आलम के नेतृत्व में हुआ है। चचरी पुल के उद्घाटन समारोह में शामिल स्थानीय जनता ने निराशा जताई। इन्होंने कहा कि ये पूर्व मंत्री नौशाद आलम के समय में बनकर तैयार हो गया था। रेलवे के कारण नदी का धार मुड़ जाने से एप्रोच नहीं बन सका। वर्तमान विधायक सऊद आलम साहब से इतना नहीं हो रहा है कि एप्रोच का काम करवा दें। 2 साल पहले पुल बनकर तैयार हो गया था। विधायक अगर एप्रोच का काम करवा देते तो लोगों को चचरी पुल पर चलने की जरूरत नहीं पड़ती। हालांकि, इस चचरी पुल के निर्माण के बाद स्थानीय जनता ने यह शिकायत भी की कि दुराघाटी पुल तक पहुंचने के लिए एप्रोच रोड का निर्माण अब तक नहीं हुआ है। जिससे पुल का सही उपयोग नहीं हो पा रहा है। नेताओं पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने विकास कार्यों में अनदेखी की है। इसके कारण लोग चचरी पुल पर चलने को मजबूर हैं। चैयरमैन अनवर आलम, नूर जमाल साहब, मुकर्रम रजा, नदीम सरवर, शाह आलम, डॉ. रिजवान अहमद, मुजाहिद रजा जैसे कई स्थानीय नेता समाजसेवी भी मौजूद थे।

# मोतिहारी में महिला पर एसिड अटैक

## पैसा मांगने से नाराज थे आरोपी, जमीन बेचने से जुड़ा है मामला, चल रहा इलाज



मोतिहारी। पैसा मांगने के लिए हुए विवाद में एक महिला पर एसिड अटैक हुआ है। घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पीड़िता ने थाना में आवेदन देकर तीन लोगों को अभियुक्त बनाया, जिसमें पुलिस कार्रवाई करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। घटना संग्रामपुर थाना क्षेत्र के मधुबनी की है। बताया जा रहा कि पीड़ित महिला गोविंदगंज थाना क्षेत्र के बरई टोला बहादुरपुर के रहने वाले हिमांशु कुमार की पत्नी अमृता देवी है। उसका मायका संग्रामपुर थाना क्षेत्र के मधुबनी गांव में है। मायका में उसे नानी के घर से जमीन मिली है। पति के इलाज के लिए वह मायके की जमीन आरोपियों से बेची थी। इसमें तीन लाख रुपया बकाया था। उसी पैसे को मांगने पीड़िता अमृता देवी मधुबनी स्थित अपने मायके गई थी, गांव में जा कर जिन लोगों से अपनी जमीन बेची थी, उसमें रजनीश कुमार और धर्मेंद्र उर्फ अविनाश कुमार ने जमीन बेची थी। उसका बकाया तीन लाख रुपया मांगने लगी। पहले बार-बार समय दे रह था, इस बार जब उसने पैसे के लिए जोड़ दिया तो दोनों ने काफी मार पीट की और मंगलसूत्र तक छीन लिया। इसी दौरान उनलोगों ने मेरे पति को पकड़ लिया। जिन्हें बचाने गई तो तेजाब फेंक दिया, जिसका असर मेरे सीना पर हुआ। इलाज के लिए स्थानीय पीएचसी गई, जहां से चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़िता के पति हिमांशु कुमार ने बताया कि रजनीश को एक कट्ठा 5 धूर जमीन बेचा गया है और अविनाश का एक कट्ठा 12 धूर बेचा गया है।इसमें में जमीन रजिस्ट्री के समय धोखा देकर दूसरे जमीन का खाता खेसरा नंबर कागज में चढ़ा लिया।जिसके सुधार के लिए वे आनाकानी कर रहे है।वहीं बकाया रुपया के मांग को लेकर पत्नी के साथ मधुबनी गया था।जहां उन लोगों ने मारपीट की और तेजाब फेंक दिया।जिसमें मेरी पत्नी जख्मी हो गई है। जल्द होंगी आरोपियों कि गिरफ्तारी अरेराज एसडीपीओ रंजन कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है और पीड़िता ने थाना में आवेदन भी दिया है।घटना की जांच की जा रही है।आरोपी फरार हैं, उनको जल्द गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## पूर्णिया में स्कूल में लगी आग, 3 लाख का नुकसान



**पूर्णिया।** बनमनखी स्थित संग्रीला इंग्लिश स्कूल में सोमवार की देर रात अचानक आग लग गई। जिसमें बेंच, डेस्क और पाठ्य सामग्रियां जलकर राख हो गई। अगलगी की सूचना मिलते ही दो अग्निशमन की गाड़िया मौके पर पहुंची। घंटो भर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। स्थानीय लोगों ने देर रात अगलगी की सूचना स्कूल संचालक को दी। मौके पर पहुंचे संचालक ने बताया कि इस घटना में करीब 3 लाख रूपए का नुकसान हुआ है। फिलहाल आग लगने का कारण का पता नहीं चल पाया है। सूचना स्थानीय पुलिस थाना को दी गई है। स्कूल संचालक ने बताया कि दीपावली और छठ की छुट्टी के बाद सोमवार को स्कूल खुला था। कल स्कूल का दूसरा दिन था। नियमित पठन पाठन और वर्ग संचालन के बाद देर शाम स्कूल बंद कर घर चले गए थे। देर रात करीब 2 बजे अचानक ग्रामीणों ने फोन करके बताया कि उनके स्कूल में भीषण आग लग गई है। जानकारी मिलते ही वे मौके पर पहुंचे। वहां पहुंचकर स्कूल को धू-धूकर जलता हुआ पाया। आग की लपटें काफी तेज थी। कॉल कर फायर ब्रिगेड को आगलगी की जानकारी दी। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियां मौके पर पहुंची। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आगलगी में स्कूल के अधिकांश कमरे आग की चपेट में आ गई। मामले की जानकारी देते हुए फायर ब्रिगेड बनमनखी के सहायक अग्निशमन पदाधिकारी श्रुति चौहान ने बताया कि सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियां पहुंची थी। इनमें दो बड़ी और एक छोटी गाड़ी ने मिलकर करीब 3 घंटे की मशक्कत से आग पर काबू पाया।

## पुल और रेलवे अंडरपास की मांग पर अड़े ग्रामीण





**कैमूर।** रामगढ़ विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के दौरान दुर्गावती प्रखंड के कई गांवों ने बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी के विरोध में मतदान का बहिष्कार कर दिया। दूघरा और खडसरा गांव के लोगों ने बुधवार को अपने बूथों पर मतदान का बहिष्कार किया, जिससे प्रशासन और राजनीतिक दलों के बीच हलचल मच गई है। दूघरा गांव के ग्रामीणों ने बूथ संख्या 108 पर ह्यपुल नहीं तो वोट नहीं का नारा लगाते हुए मतदान नहीं किया। उनका कहना है कि 2017 से ही गांव में पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन मिला है। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय नेता उनके दरवाजे तक आते हैं, लेकिन चुनाव के बाद उनकी समस्याएं कोई नहीं सुनता। नदी के दूसरी ओर स्थित स्कूल और अस्पताल तक पहुंचने में भारी दिक्कतें आती हैं। बारिश के मौसम में नदी का जलस्तर बढ़ने से बच्चों की पढ़ाई भी बाधित होती है। इसके अलावा बीमार पड़ने पर मरीजों को 15 किलोमीटर घूमकर दुर्गावती अस्पताल जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने साफ कहा कि जब तक पुल निर्माण का लिखित आश्वासन नहीं मिलता, वे वोट नहीं देंगे। खडसरा गांव के लोगों ने भी बूथ संख्या 57 और 58 पर मतदान का बहिष्कार किया। यहां अंडरपास या ओवरब्रिज की मांग को लेकर ग्रामीणों ने वोट न देने का निर्णय लिया है। दिनेश सिंह कुशवाहा ने बताया कि गांव में रेलवे लाइन के कारण रोजाना कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। पांच रेलवे लाइनें पार कर ही मतदान केंद्र तक पहुंचा जा सकता है, जो दुर्घटनाओं की संभावना को बढ़ाता है। पिछले कई वर्षों में कई छात्र और ग्रामीण रेलवे लाइन पार करते समय हादसे का शिकार हो चुके हैं।

# रुपए दो नहीं तो किस्त होल्ड करवा देंगे

## बक्सर में आवास योजना के लाभुक से मुखिया ने मांगी रिश्वत, पीड़िता ने डीएम से की शिकायत







बक्सर। प्रधानमंत्री आवास योजना के पैसे दिलाने के लिए मुखिया ने लाभुक से रुपए की डिमांड की। 10 हजार रुपए पहले लिए थे और अब फिर से 10 हजार मांगा जा रहा है। नहीं देने पर किस्त होल्ड करने की धमकी दे रहा। मुखिया मोहम्मद इम्तियाज अंसारी का एक ऑडियो भी सामने आया है, जो दो दिन पुराना है। पीड़िता के अनुसार ऑडियो सामने आने के बाद मुखिया के लोगों ने उससे एक आवेदन पर हस्ताक्षर कराया। जिसमें जिक्र है कि बातचीत का ऑडियो फर्जी है। उससे मुखिया का कोई लेना-देना नहीं है। आज बुधवार को पीड़िता सिमरी प्रखंड की काजीपुर पंचायत निवासी उषा देवी समाहरणालय पहुंची और मामले की जानकारी डीएम अंशुल अग्रवाल को दी। उन्हें एक आवेदन भी सौंपा है। डीएम ने दो अधिकारियों को जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। सिमरी प्रखंड अंतर्गत काजीपुर पंचायत के मुखिया मोहम्मद इम्तियाज अंसारी के ऑडियो में सुना जा सकता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना की महिला लाभुक उषा देवी से वो कहते हैं कि जब आदमी गया था तो पैसा क्यों नहीं दिए। जिसके बाद महिला ने अपनी गरीबी बताते हुए पैसा देने में अपनी अक्षमता जाहिर की। मुखिया ने कहा कि अगर पैसा नहीं दोगी तो अगली किस्त नहीं मिलेगी। योजना से वंचित रह जाओगी। एक आवास योजना को पास कराने में 30 हजार लगते हैं। हमने उसे कम करा 20 हजार किया है। डीएम कार्यालय पहुंचे लाभुक दंपती ने मुखिया के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। बताया कि आवास योजना की पहली किस्त मिलने के बाद मुखिया जी 10 हजार रुपए ले लिए। बचे पैसे दुकानदार के यहां उधार लगाकर मकान बनाने लगे। इसी बीच मुखिया दोबारा 10 हजार रुपए मांगने लगे। गरीबी का हवाला देने के बाद भी नहीं माने। 10 हजार रुपए नहीं देने पर बाकी किस्त होल्ड करवाने की धमकी देने लगे। मुखिया इम्तियाज अंसारी ने बताया कि यह आवाज मेरी नहीं है। उसे एडिट करके चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से फंसाने की साजिश की जा रही है। बक्सर के डीएम अंशुल अग्रवाल ने बताया कि पीड़ित परिवार ने लिखित रूप से शिकायत की है। दो अधिकारी अलग-अलग तरीके से मामले की जांच कर मुझे रिपोर्ट देंगे। पीड़ित परिवार को डरने और गांव छोड़कर जाने की आवश्यकता नहीं है। जो भी दोषी होगा उस पर कार्रवाई की जाएगी।



# कोणार्क सूर्य मंदिर के शिखर पर लगे पत्थर के बारे में जो बताया जाता है वह कितना सच है

**ओडिशा** के कोणार्क शहर में प्रतिष्ठित सूर्य मंदिर यूनेस्को की विश्व धरोहरों में शामिल है। वैसे तो इस मंदिर का निर्माण हजारों वर्षों पूर्व हुआ माना जाता है लेकिन कई इतिहासकार मानते है कोणार्क सूर्य मंदिर का निर्माण 1253 से 1260 ई. के बीच हुआ था। भारत के सुप्रसिद्ध मंदिरों में शुमार कोणार्क सूर्य मंदिर में सूर्य देव को रथ के रूप में विराजमान किया गया है तथा पत्थरों को उत्कृष्ट नक्काशी के साथ उकेरा गया है। स्थानीय लोग यहां सूर्य-भगवान को बिरंचि-नारायण भी कहते थे।

### कोणार्क सूर्य मंदिर की खासियत

केसरी वंश के राजा द्वारा निर्मित इस मंदिर की शिल्पकला दर्शनीय है। मंदिर का निर्माण सूर्य के काल्पनिक रथ का रूप देकर किया गया है। सूर्य मंदिर चौकोर परकोटे से घिरा है। इसके तीन तरफ ऊंचे-ऊंचे प्रवेशद्वार हैं। पूरब दिशा में मुख्य द्वार है जिसके सामने समुद्र से सूर्य उदय होता दिखाई पड़ता है। इसमें सूर्य भगवान को अपने विशाल चौबीस पहियों तथा सात घोड़ों के रथ पर सवार होकर दिनभर की यात्रा के लिए निकलते हुए दिखाया गया है। रथ के सात घोड़ों को सूर्य के प्रकाश के सात रंगों तथा चौबीस पहियों की परिक्रमा के प्रतीक रूप में दिखाया गया है। कोणार्क सूर्य मंदिर ओडिशा के स्वर्णकाल तथा कलिंग शैली की शिल्पकला का प्रतीक है। इस मंदिर की दीवारों पर पत्थर की नक्काशी की हुई अनेक आकर्षक प्रतिमाएं हैं। सूर्य भगवान के रथ की अलंकृत नक्काशी वाला यह बेजोड़ मंदिर भव्यता में अद्भुत है।

### कोणार्क मंदिर से जुड़ी अजब कथा

कई कथाओं में इस प्रकार का उल्लेख मिलता है कि कोणार्क सूर्य मंदिर के शिखर पर एक चुम्बकीय पत्थर लगा है जिसके प्रभाव से, कोणार्क के समुद्र से गुजरने वाले सागरपोत इस ओर खिंचे चले आते हैं, जिससे उन्हें भारी क्षति हो जाती है। एक अन्य कथा में उल्लेख मिलता है कि शिखर पर लगे इस पत्थर के कारण पोतों के चुम्बकीय दिशा निरूपण यंत्र सही दिशा नहीं बता पाते थे इसलिए कुछ आक्रांता इस पत्थर को निकाल कर ले गये जिससे मंदिर को नुकसान हुआ था। हालांकि यह सब कही-सुनी बातें हैं इसका कोई ऐतिहासिक साक्ष्य उपलब्ध नहीं है।

### कोणार्क मंदिर देखने कैसे आएं

यदि आप भी कोणार्क सूर्य मंदिर आना चाहते है तो भुवनेश्वर और पुरी से यहां आसानी से आ सकते हैं। ओडिशा पर्यटन विकास निगम की ओर से यहां भ्रमण की भी व्यवस्था कराई जाती है। वैसे कोणार्क में रहने की भी पर्याप्त व्यवस्था है। पर्यटक चाहें तो भुवनेश्वर से यहां आकर भ्रमण कर के उसी दिन वापस लौट सकते हैं। कोणार्क में रहने के लिए पर्यटन विभाग के लाज, टूरिस्ट बंगला और निरीक्षण भवन भी है।

### कोणार्क का समुद्र तट भी अवश्य देखें

कोणार्क का समुद्र तट विश्व के सुंदरतम तटों में से एक माना गया है। यहां समुद्र के रेतीले गुट का आनंद उठाया जा सकता है। समुद्र की खूबसूरती निहारते हुए उठती-गिरती लहरों को देखना मंत्रमुग्ध कर देता है। यह एक सुंदर पिकनिक स्थल भी है। समुद्र तट सूर्य मंदिर से तीन किलोमीटर दूर है। इसके अलावा कोणार्क की दुर्लभ कलाकृतियों का संग्रह देखने के लिए मंदिर के पास ही स्थित संग्रहालय भी जा सकते हैं।






# गुजरात का यह मंदिर दिन में दो बार हो जाता है गायब, जानिए क्या है रहस्य

**भारत** में कई हिस्सों में भगवान शिव के कई प्राचीन मंदिर हैं जहाँ दूर-दूर से लोग दर्शन करने के लिए आते हैं। लेकिन आज हम आपको भगवान शिव के एक ऐसे अनोखे मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं जो दिन में दो बार गायब हो जाता है। जी हाँ, गुजरात में स्थित स्तंभेश्वर मंदिर को 'गायब मंदिर' भी कहा जाता है। देश-विदेश से शिव भक्त अपनी मनोकमना पूर्ण होने की कामना के साथ इस मंदिर में आते हैं। आइए जानते हैं भगवान भोलेनाथ के इस अद्भुत मंदिर के बारे में -

### वडोदरा के पास स्थित है स्तंभेश्वर मंदिर

स्तंभेश्वर मंदिर गुजरात के जम्बूसार तहसील में कवि कंबोई गांव में स्थित है। यह मंदिर वडोदरा से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित होने के कारण वडोदरा के पास सबसे लोकप्रिय दार्शनिक स्थलों में से एक है। यह मंदिर लगभग 150 साल पुराना है और इसे %गायब मंदिर% भी कहा जाता है। सालभर मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है। खासतौर पर सावन के महीने में इस मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु दूर-दूर से महादेव के दर्शन करने के लिए यहां आते हैं।

### स्कंद पुराण में मिलता है उल्लेख

स्कन्द पुराण में दिए गए उल्लेख के अनुसार स्तम्भेश्वर मंदिर को



भगवान कार्तिकेय के ताड़कासुर नाम के राक्षस को नष्ट करने के बाद स्थापित किया था।

कहा जाता है कि राक्षस ताड़कासुर भगवान शिव का बहुत बड़ा भक्त था। उसने भगवान को प्रसन्न करने के लिए घोर तपस्या कीऔर भोलेनाथ ने उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर उसे एक वरदान मांगने को कहा। तब ताड़कासुर ने आशीर्वाद माँगा कि भगवान शिव के छह दिन के पुत्र के अलावा कोई भी उसे मार न सके। उसकी इच्छा पूरी होने के बाद, ताड़कासुर ने तीनों लोकों में हाहाकार मचा दिया। तब ताड़कासुर के अत्याचार को समाप्त करने के लिए भगवान शिव ने अपने तीसरे नेत्र की ज्वाला से भगवान कार्तिकेय की रचना की। ताड़कासुर को मारने वाले भगवान कार्तिकेय भी उसकी शिव भक्ति से प्रसन्न थे। इसलिए, प्रशंसा के संकेत के रूप में, उन्होंने उस स्थान पर एक शिवलिंग स्थापित किया जहां ताड़कासुर का वध किया गया था।

एक अन्य संस्करण के अनुसार, ताड़कासुर को मारने के बाद भगवान कार्तिकेय खुद को दोषी महसूस कर रहे थे क्योंकि ताड़कासुर राक्षस होने के बाद भी भगवान शिव का भक्त था। तब भगवान विष्णु ने कार्तिकेय को यह कहते हुए सांत्वना दी कि आम लोगों को परेशान करके रहने वाले राक्षस को मारना गलत नहीं है। हालाँकि, भगवान कार्तिकेय शिव के एक महान भक्त को मारने के अपने पाप से मुक्त होना चाहते थे। इसलिए, भगवान विष्णु ने उन्हें शिव लिंग स्थापित करने और क्षमा के लिए प्रार्थना करने की सलाह दी।

### मंदिर के गायब होने के पीछे है यह वजह

स्तंभेश्वर मंदिर के गायब होने के पीछे की वजह प्राकृतिक है। दरअसल, यह मंदिर समुद्र के किनारे से कुछ मीटर की दूरी पर स्थित है। इसलिए दिन में समुद्र का स्तर इतना बढ़ जाता है कि मंदिर जलमग्न हो जाता है। फिर कुछ जो देर में जल का स्तर घट जाता है जिससे मंदिर फिर से दिखाई देने लगता है से प्रकट होता है। चूंकि समुद्र का स्तर दिन में दो बार बढ़ जाता है इसलिए मंदिर हमेशा सुबह और शाम के समय कुछ देर के लिए गायब हो जाता है। इस नज़ारे को देखने के लिए श्रद्धालु दूर-दूर से इस मंदिर में आते हैं।



# बिना तेल और घी के जलता है दीया, तिरुपति बालाजी मंदिर से जुड़े चमत्कारी रहस्यों के बारे में कितना जानते हैं आप?

**भारत** में एक ऐसा मंदिर मौजूद है जहाँ भगवान स्वयं विराजमान है। यह मंदिर है भगवान तिरुपति बालाजी का जिन्हें भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। तिरुपति वेंकटेश्वर बालाजी मन्दिर भारत के सबसे प्रसिद्ध तीर्थस्थलों में से एक है। तिरुमला की पहाड़ियों पर बना श्री वेंकटेश ?वर बालाजी मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले के तिरुपति में स्थित है। यह मंदिर समुद्र तल से 3200 फीट ऊंचाई पर स्थित है और तिरुपति के सबसे बड़े आकर्षण का केंद्र है। कहा जाता है जो भी व्यक्ति एक बार यहाँ दर्शन कर ले उसके भाग खुल जाते हैं। इस मंदिर की लोकप्रियता से हर कोई वाकिफ है पर क्या आप मंदिर के चमत्कारी रहस्यों के बारे में जानते हैं। आज हम आपको इन्हीं रहस्यों के बारे में बताने वाले हैं-

मान्यता है कि जब भगवान की पूजा की जाती है तो उनकी मूर्ति मुस्कुराने लगती है। भगवान तिरुपति वेंकटेश्वर बालाजी की मूर्ति में माता लक्ष्मी भी समाहित है। मान्यता है कि भगवान तिरुपति वेंकटेश्वर की मूर्ति इस मंदिर में स्वयं प्रकट हुई थी।

कहा जाता है भगवान तिरुपति वेंकटेश्वर बालाजी की मूर्ति पर लगे हैं बाल असली है। यह बाल कभी भी उलझते नहीं हैं और हमेशा मुलायम रहते हैं।

जब आप मंदिर के गर्भ गृह के अंदर जायेंगे तो ऐसा लगेगा कि भगवान श्री वेंकटेश्वर की मूर्ति गर्भ गृह के मध्य में स्थित है, पर जब आप गर्भ गृह से बाहर आकर मूर्ति को देखेंगे तो प्रतीत होगा कि भगवान की प्रतिमा दाहिनी तरफ स्थित है।

तिरुपति वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर समुद्र तल से 3200 फीट ऊंचाई पर स्थित है लेकिन फिर भी भगवान की मूर्ति से समुद्र की आवाजें सुनाई देती हैं। यहाँ के लोगों का मानना है कि भगवान की यह मूर्ति समुद्र से प्रकट हुई थी इसलिए इससे समुद्र की आवाज सुनाई देती है।

तिरुपति वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर के द्वार पर एक छड़ी रखी हुई है। इस छड़ी को लेकर अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित है। एक कथा के अनुसार जब भगवान विष्णु धरती पर माता लक्ष्मी को ढूंढने आये थे तो यह छड़ी उन्हें उनका पता बता रही थी।

ऐसी मान्यता है कि यह वही छड़ी है जिससे बचपन में भगवान वेंकटेश्वर जी को चोट लगी थी। चोट का निशान आज भी उनकी मूर्ति के चेहरे पर है। इसलिए हर शुक्रवार उनके चेहरे पर चन्दन का लेप लगाया जाता है।

श्री तिरुपति वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर में श्रृंगार, प्रसाद के चढ़ाये जाने वाली सामग्री तिरुपति बालाजी के गांव से आती है। यह गांव मंदिर से 23 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और यहाँ बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर प्रतिबंध है।

श्री वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर में एक ऐसा दीया रखा हुआ है जो हमेशा जलता रहता है और चौंकाने वाली बात यह है कि इस दीपक में कभी भी तेल या घी नहीं डाला जाता। दीपक को सबसे पहले किसने और कब प्रज्वलित किया था यह बात अब तक रहस्य बनी हुई है।



# सर्दियों में लेना है स्नोफॉल का मजा तो जरूर जाएं भारत की इन 5 खूबसूरत जगहों पर

**भारत** में कई ऐसी जगहे हैं जो अपनी खूबसूरत वादियों और सर्दियों में बर्फबारी के लिए दुनियाभर में मशहूर है। अगर आप अपना विंटर वेकेशन प्लान कर रहे हैं और इस बार परिवार के साथ बर्फबारी का लुत्फ उठाना चाहते हैं तो आज हम आपको ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं आप स्नोफॉल का मजा ले सकते हैं-

**शिमलाः** स्नोफॉल का जिक्र होती ही हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला का नाम सबसे पहले जहन में आता है। यह स्नोफॉल के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। यहां के हरे भरे पहाड़, ऊंची चोटियां ठंड के दिनों में बर्फ से पूरी तरह ढंककर और भी खूबसूरत दिखते हैं। शिमला को लॉन्ग मून नाइट्स यानी लंबी चांदनी रातों का मौसम भी कहा जाता है। दिसंबर से फरवरी के बीच यहां बर्फबारी का आनंद लिया जा सकता है। इस मौसम में आप यहां स्कींग का भी मज़ा ले सकते हैं। शिमला में आइस स्केटिंग दिसंबर से फरवरी तक होती है।

**गुलमर्गः** धरती के स्वर्ग जम्मू-कश्मीर में स्थित गुलमर्ग बेहद खूबसूरत जगह है और यहां बर्फबारी का आनंद लेने का अनुभव बहुत खास होता है। सर्दियों के मौसम में गुलमर्ग में चारों तरफ बस बर्फ ही बर्फ दिखती है और इसकी खूबसूरती में चार चांद लग जाते हैं। सर्दियों के मौसम में गुलमर्ग में स्कीइंग करने वालों की भी भीड़ जुटती है। यहां की कुदरती खूबसूरती आपका मन मोह लेगी।

**औलीः** उत्तराखंड का सबसे पुराना शहर औली बेहद सुंदर है। बर्फबारी के समय यह किसी स्वपनलोक सा दिखता है। औली भी अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ स्कीइंग के लिए मशहूर है। यहां देवदार पेड़ों की लंबी कतार है। बर्फ से ढके जंगलों के बीच सैर करके आप अपनी यात्रा को यादगार बना सकते हैं।

**कुफरीः** शिमला के अलावा हिमाचल प्रदेश में स्थित कुफरी भी स्नोफॉल के दौरान बहुत सुंदर दिखता है और लोग यहां स्कींग के लिए आते हैं। सर्दियों के मौसम में यहां सैलानियों की काफी भीड़ जुटती है। यहा लोग पहाड़ों के बीच रोमांच का मज़ा लेते हैं। हाइकिंग, स्कीइंग, खूबसूरत नजारे, देवदार के लंबे-लंबे पेड़ और सुहानी सर्द हवा का मज़ा लेना है तो कुफरी ज़रूर जाएं।

**कुल्लू-मनालीः** पॉप्युलर हनीमून डेस्टिनेशन कुल्लू मनाली में भी बर्फबारी का मज़ा लिया जा सकता है। हिमाचल प्रदेश का यह हिल स्टेशन भी लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है। रोमांच के शौकीनों की तो यह पहली पसंद है। दिसंबर जनवरी में आकर यहां आप भी स्नोफॉल का आनंद ले सकते हैं।

# मैं उस टीम में खेलना चाहता हूं, जहां मुझे स्वतंत्रता और सम्मान मिले : राहुल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी बल्लेबाज के एल राहुल ने कहा है कि वह एक ऐसे संतुलित माहौल में खेलना चाहते हैं, जहां उन्हें पूरी स्वतंत्रता के साथ खेलने का मौका मिले। साथ ही आरसीबी में शामिल होने को लेकर भी राहुल ने अपनी राय रखी है। लखनऊ सुपर जायंट्स ने राहुल को रिलीज़ कर दिया था और अब वह मेगा नीलामी का इंतज़ार कर रहे हैं।

कुछ समय पहले ही लखनऊ फ्रेंचाइज़ी के मालिक संजीव गोयनका ने उन खिलाड़ियों को टीम में रिटेन करने की इच्छा जताई थी जिनके पास ÷जीतने की मानसिकता÷ हो और जो ÷अपनी व्यक्तिगत आकांक्षाओं और लक्ष्यों से पहले टीम को महत्व दें।÷ क्या इस बयान ने किसी तरह राहुल की नीलामी में जाने की इच्छा को प्रेरित किया?

इस सवाल के जवाब में राहुल ने 12 नवंबर को स्टार स्पोर्ट्स को दिए एक इंटरव्यू में कहा, 'नहीं, मुझे लगता है निर्णय पहले ही लिया जा चुका था और मुझे नहीं पता कि उस बयान में क्या कहा गया था, लेकिन यह शायद रिटेंशन की घोषणा के बाद ही आया होगा। मुझे लगा कि मैं एक नई शुरुआत करना चाहता हूं, अपने विकल्पों को तलाशना चाहता हूं और वहां खेलना चाहता हूं, जहां मुझे थोड़ी स्वतंत्रता मिले और टीम का माहौल अधिक संतुलित हो।'

'आईपीएल में पहले से ही बहुत दबाव होता है। आप गुजरात टाइटंस, चेन्नई सुपर किंग्स और अन्य टीमों को देखते हैं तो ऐसा साफ़ दिखता है कि जब वे जीतते या हारते हैं तो उनका संतुलन बना रहता है और ड्रेसिंग रूम का माहौल बहुत शांत होता है। एक खिलाड़ी के रूप में यह मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मुझे लगता है कि अगर ऐसा माहौल हो, तो सभी खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का सबसे अच्छा मौक़ा मिलता है।'

राहुल ने कहा, 'न कप्तानी मेरे लिए उतना भी ज़रूरी नहीं है कि इसी से आगे की सारी चीज़ें तय हों। मैं बस एक ऐसी टीम का हिस्सा बनना चाहता हूं जिसमें अच्छा वातावरण हो। जहां आपको प्यार, देखभाल और सम्मान मिले और उस वातावरण में फ्रेंचाइज़ी के हर व्यक्ति का एक ही लक्ष्य हो - जीतना। अगर ऐसा है तो वह मेरे लिए एक आदर्श स्थिति होगी।'

उन्होंने कहा, 'हमने एलएसजी में पहले एंडी फ्लावर (हेड कोच) और जीजी (गौतम गंभीर, मेंटॉर) के साथ और फिर पिछले साल नए हेड कोच जस्टिन लैंगर के साथ उस तरह के माहौल को बनाने की कोशिश की। मुझे लगता है कि ड्रेसिंग रूम का वातावरण शानदार था। लेकिन कभी-कभी आपको खुद के लिए कुछ बेहतर तलाशने के लिए आगे बढ़ने की ज़रूरत होती है।'

राहुल ने 2022 और 2023 में एलएसजी को प्लेऑफ़ तक पहुंचाया था। जब उनसे आईपीएल 2024 को लेकर सवाल किया गया, तो राहुल ने संकेत दिया कि बाहरी दबाव उनके प्रदर्शन में गिरावट का कारण हो सकता है। राजस्थान रॉयल्स के ख़िलाफ़ हार के साथ शुरुआत करने के बाद, उन्होंने लगातार तीन मैच जीते, लेकिन फिर सीज़न के मध्य में उनकी टीम लड़खड़ा गई। इसके बाद उनका प्रदर्शन गिरता गया। हालांकि इस बीच राहुल 136.12 की स्ट्राइक रेट के साथ 520 रन बनाते हुए, अपने टीम के टॉप स्कोरर रहे।

हालांकि इतने रन बनाने के बावजूद राहुल टीम के साथ बने रहेंगे या नहीं इस बात पर संशय था। इसका सबसे बड़ा कारण यह था कि लीग स्टेज में सनराइजर्स हैदराबाद के ख़िलाफ़ खेले गए एक मैच के बाद राहुल और गोयनका के बीच गहमा-गहमी हुई थी, जो वीडियो में साफ़ दिख रहा था।

उन्होंने कहा, 'खेल में हमेशा उतार-चढ़ाव आते हैं। आपको अपने धैर्य को बनाए रखना होता है और लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहना होता है। यात्रा, बाहरी घटनाएं, दबाव - ये सब हर साल होता है। लेकिन इस सीजन में ऐसा लगा कि यह सब कुछ ज्यादा था और मुझे लगता है कि इसका असर टीम पर पड़ा, और हम तब प्रदर्शन नहीं कर पाए जब वास्तव में उसकी ज़रूरत थी।'



राहुल ने कहा कि इस समय उनके लिए आईपीएल की कप्तानी सबसे महत्वपूर्ण चीज़ नहीं है, बल्कि एक 'अच्छे वातावरण' में खेलना ज्यादा मायने रखता है। राहुल ने आईपीएल कप्तानी के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'मैं कभी भी जाकर किसी से कप्तानी के बारे में नहीं पूछूंगा। अगर आपको लगता है कि मेरी नेतृत्व क्षमताएं पर्याप्त हैं और आपको मेरी क्रिकेट खेलने की शैली और खुद को संभालने के तरीक़े में कुछ अच्छा नज़र आता है, तो निश्चित तौर पर मैं कप्तानी करने के लिए खुश हूं।'

'लेकिन कप्तानी मेरे लिए उतना भी ज़रूरी नहीं है कि इसी से आगे की सारी चीज़ें तय हों। मैं बस एक ऐसी टीम का हिस्सा बनना चाहता हूं जिसमें अच्छा वातावरण हो। जहां आपको प्यार, देखभाल और सम्मान मिले और उस वातावरण में फ्रेंचाइज़ी के हर व्यक्ति का एक ही लक्ष्य हो - जीतना। अगर ऐसा है तो वह मेरे लिए एक आदर्श स्थिति होगी।'

सोशल मीडिया पर उनकी घरेलू टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु के साथ संभावित पुनर्मिलन की चर्चा तेज़ हो रही है। हालांकि राहुल किसी भी टीम में शामिल होने की संभावना को दरकिनार नहीं कर रहे हैं। लेकिन यह कोई रहस्य नहीं है कि उन्हें किस टीम से एक विशेष जुड़ाव है। उन्होंने कहा, 'मैंने आरसीबी में खेलते हुए सबसे ज्यादा आनंद लिया। वह टीम मेरे लिए घर जैसी है। आप घर पर बहुत समय बिता सकते हैं, और मुझे चिन्नास्वामी स्टेडियम के बारे में अच्छी तरह से पता है। मैं वहां खेलते हुए बड़ा हुआ हूं।'

आरसीबी में वापस जाने के बारे में पूछे जाने पर राहुल ने कहा, ÷हां, बिल्कुल, जैसा कि मैंने कहा, यह मेरे लिए घर जैसा है और वहां के लोग मुझे एक स्थानीय कन्नड़ लड़के के रूप में जानते हैं, और वहां वापस जाना और फिर से एक अवसर पाना अच्छा होगा। लेकिन एक बात यह भी है कि नीलामी में आप किसी भी टीम में जा सकते हैं।'

## फिटनेस और फॉर्म के लिए शमी को प्रथम श्रेणी मुकाबलों में दम-खम दिखाना होगा : पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता



**इंदौर (एजेंसी)।** पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता संजय जगदाले ने बुधवार को कहा कि रणजी ट्रॉफी मैच के जरिये प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में लगभग एक साल बाद वापसी करने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को फिटनेस और फॉर्म हासिल करने के लिए प्रथम श्रेणी मुकाबलों में दम-खम दिखाना होगा। पिछले साल 19 नवंबर को विश्व कप 2023 के फाइनल के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर शमी के टखने में चोट थी जिसके लिए उन्हें ऑपरेशन कराना पड़ा था। उन्होंने मध्यप्रदेश और बंगाल के बीच इंदौर के होलकर स्टेडियम में बुधवार से शुरू हुए रणजी ट्रॉफी मैच के जरिये प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। जगदाले ने स्टेडियम में इस मैच के दौरान कहा, 'शमी कमाल के गेंदबाज रहे हैं। पिछले एक साल में भारत को उनकी गेंदबाजी की कमी निश्चित तौर पर खली है।' भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व सचिव ने कहा, 'हमें उम्मीद करनी चाहिए कि शमी जल्द ही अपने प्रदर्शन के शिखर पर पहुंचेंगे लेकिन फिटनेस और फॉर्म हासिल करने के लिए उन्हें अभी प्रथम श्रेणी मैच खेलने होंगे।'' यह पूछे जाने पर कि आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी प्रतियोगिता में भारतीय टीम को शमी की कमी खलेगी, जगदाले ने कहा, 'अनुभवी शमी की खूबियों वाला कोई गेंदबाज एकदम सामने नहीं आ सकता, लेकिन इस मुकाबले में उनकी कमी किसी युवा गेंदबाज के लिए मौका भी साबित हो सकती है जिसका फायदा उठाकर वह भारतीय टीम में खुद को स्थापित कर सकता है।' इस बीच शमी के कई युवा प्रशंसक अपने पसंदीदा गेंदबाज की मैदान पर वापसी के गवाह बनने होलकर स्टेडियम पहुंचे। ऐसे ही एक प्रशंसक रेहान पटेल ने कहा, 'भारत को बढ़िया तेज गेंदबाज की बहुत जरूरत है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि शमी रणजी ट्रॉफी मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन करके भारतीय टीम में वापसी की राह बनाएंगे।'

## विराट कोहली हो सकते हैं इस खास क्लब में शामिल, रोहित शर्मा के सामने गौतम गंभीर का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विराट कोहली और रोहित शर्मा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं। हालांकि, ये दोनों खिलाड़ी पहले नंबर पर नहीं है, दोनों ने अब तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2 मैच खेले हैं। 24 मैचों में उन्होंने 48.26 के औसत से 1979 रन बनाए हैं। वह इस बार 2000 रन बनाने वालों के क्लब में शामिल हो जाएंगे। भारत की ओर से सचिन तेंदुलकर, वीवीएस लक्ष्मण, राहुल द्रविड़ और चेतेश्वर पुजारा ये काम कर चुके हैं। कोहली 2000 के आंकड़े से केवल 21 रन दूर है। कोहली पर्थ टेस्ट में ही ये कारनामा कर सकते हैं। वहीं वह चेतेश्वर पुजारा से भी केवल 54 रन दूर हैं। पुजारा भारत और ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में चौथे स्थान पर है। वहीं रोहित शर्मा की नजर भी इस सीरीज में खास चीज पर होगी। रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 टेस्ट मैच खेले जिसमें उन्होंने 650 रन बनाए हैं। भारत की ओर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने के मामले में वह गौतम गंभीर से पीछे हैं। गंभीर ने 673 रन बनाए हैं। रोहित 14 रन बनाकर टीम इंडिया के हेड कोच से आगे निकल जाएंगे।



## सानिया मिर्जा, हरभजन सिंह बने दुबई खेल के राजदूत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन और पूर्व महिला युगल नंबर एक, सानिया मिर्जा और पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह को दुबई खेल राजदूत के रूप में नामित किया गया है। यह घोषणा सोमवार को दुबई स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा फ्यूचरिस्टिक म्यूजियम ऑफ द फ्यूचर में आयोजित ÷दुबई स्पोर्ट्स रिट्रीट÷ में की गई। दुबई स्पोर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष शेख मंसूर बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम के निर्देशों के तहत, रिट्रीट का उद्देश्य दुबई की खेल प्रतिष्ठा को मजबूत करना और शहर भर में सक्रिय, स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना है।

दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने इस पहल के पीछे के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। मैं रिट्रीट के दौरान दुबई के खेल राजदूतों से मिला - अरब और अंतर्राष्ट्रीय सितारों का एक प्रतिष्ठित समूह जो दुबई को अपना घर कहते हैं।


शेख हमदान ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में लिखा, खेल को आगे बढ़ाने और प्रतिभा को पोषित करने की उनकी प्रतिबद्धता वास्तव में प्रेरणादायक है। उन्होंने आगे कहा कि कार्यक्रम में चर्चा किए गए विचार और अंतर्दृष्टि खेलों के लिए एक उज्जवल भविष्य को आकार देने, हमारे क्लबों की उपलब्धियों को बढ़ाने और स्थानीय प्रतिभा को पोषित करने में मदद करेंगे। हमारा लक्ष्य खेल को जीवन का एक तरीका, खुशी का स्रोत और दुबई के विकास का प्रमुख चालक बनाना है।



6 बार की ग्रैंड स्लैम विजेता और पूर्व युगल विश्व नंबर 1 मिर्जा ने नियुक्ति पर अपना सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दुबई खेल राजदूत नामित किया जाना एक बहुत बड़ा विशेषाधिकार है। दुबई वर्षों से मेरा घर रहा है और मैं खेल के माध्यम से लोगों को एक साथ लाने और शहर की समृद्ध खेल संस्कृति का जश्न मनाने में मदद करने के लिए रोमांचित हूं।

## पहले टेस्ट में कमेंट्री नहीं कर पायेंगे पोंटिंग और लैंगर, आईपीएल नीलामी में रहेंगे व्यस्त

मेलबर्न - ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग और लंबे समय तक उनके साथी रहे जस्टिन लैंगर सऊदी अरब में होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेगा नीलामी के कारण भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में कमेंट्री नही कर पाएंगे। आईपीएल की नीलामी 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होगी। एक ऑस्ट्रेलियाई समाचार पत्र के अनुसार, 'प्रतिबद्धताओं के टकराव के कारण चैनल सेवन को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पर्थ टेस्ट के कुछ हिस्सों में रिकी पोंटिंग और जस्टिन लैंगर की सेवाएं नही मिल पाएंगी। इस तरह से ऑस्ट्रेलिया को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआती मैच में अपने धुर प्रशंसक की कमी खल सकती है। पोंटिंग को पंजाब किंग्स ने हाल में अपना मुख्य कोच नियुक्त किया जबकि लैंगर पहले से ही लखनऊ सुपरजाइंट्स में यह भूमिका निभा रहे हैं। इन दोनों के अलावा ऑस्ट्रेलिया टीम के सहायक कोच डेनियल विटोरी भी पहले टेस्ट से बाहर रह सकते हैं। वह आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच हैं। इन तीनों की आईपीएल नीलामी में शामिल होने की संभावना है।



## टाइटंस ने पार्थिव को बल्लेबाजी और सहायक कोच बनाया



नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस ने भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए बल्लेबाजी और सहायक कोच नियुक्त किया है। फ्रेंचाइजी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पार्थिव मुख्य कोच आशीष नेहरा के नेतृत्व वाले सहयोगी स्टाफ में दोहरी भूमिका निभाएंगे। फ्रेंचाइजी ने यहां जारी बयान में कहा, 'गुजरात टाइटन्स को अपने नए सहायक और बल्लेबाजी कोच के रूप में पार्थिव पटेल की नियुक्ति की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज अपने 17 साल के शानदार करियर का अनुभव टीम के साथ जोड़ेगा।' बयान में कहा गया है, 'टाइटंस आईपीएल के आगामी सत्र के लिए तैयारी कर रहा है और ऐसे में पार्थिव की बल्लेबाजी तकनीक और रणनीति तैयार करने की क्षमता खिलाड़ियों के कौशल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।' पार्थिव ने 2020 में क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। यह पहला अवसर होगा जबकि वह आईपीएल में कोच की भूमिका निभाएंगे। वह पिछले तीन सत्रों से मुंबई इंडियंस के लिए टैलेंट स्काउट के रूप में काम कर रहे थे। वह आईएलटी20 के पहले सत्र में एमआई अमीरात के बल्लेबाजी कोच भी रहे।

## 17 साल के आयुष को मेगा नीलामी में खरीद सकती है सीएसके

### -प्रबंधन और धोनी हैं खेल से प्रभावित

**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल की नीलामी में इस बार चेन्नई सुपर किंग्स सीएसके की टीम मुंबई के 17 वर्षीय सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को शामिल कर सकती है। माना जा रहा है कि इसी कारण आयुष को चयन ट्रायल के लिए बुलाया गया है। कहा जा रहा है कि पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी आयुष से प्रभावित हैं। रणजी ट्रॉफी का पांचवां दौर 16 नवंबर को समाप्त हो रहा है,ऐसे में सीएसके के पास ट्रायल के लिए आठ दिन का समय है।

आयुष से सीएकके का प्रबंधन भी प्रभावित है। म्हात्रे को रणजी ट्रॉफी 2024 सीजन के पांचवें दौर के अंत के बाद और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी की शुरुआत से पहले सीएसके ने ट्रॉयल के लिए बुलाया है। दोनों के बीच छह दिन का अंतर है। इससे सीएसके को 24 और 25 नवंबर को होने वाली मेगा नीलामी से पहले आंकलन का पर्याप्त समय मिल जाएगा।




आयुष ने शेष भारत के खिलाफ ईरानी कप खेल में मुंबई के लिए अपना प्रथम श्रेणी पदार्पण किया था। पृथ्वी शॉ के साथ बल्लेबाजी की शुरुआत करते हुए इस युवा ने दो पारियों में क्रमशः 19 और 14 रन बनाए। मुंबई के लिए अब तक के आंकड़े उसके अच्छे हैं। उसने पांच मैचों में 35.66 की औसत से 321 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। उनने 176 रन महाराष्ट्र के खिलाफ बनाये थे। एक रिपोर्ट के अनुसार सीएसके के प्रबंध निदेशक और सीईओ काशी विश्वनाथन ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) से अनुरोध किया था कि वे आयुषको उनके नवलूर मैदान में ट्रायल में भाग लेने की अनुमति दें। सीएसके 55 करोड़ रुपए की राशि के साथ मेगा नीलामी में उतरेगा।

## पाकिस्तान को भारत के साथ क्रिकेट खेलना बंद कर देना चाहिए: पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज राशिद लतीफ ने कहा कि अगर उनके पास अधिकार होता तो वह पाकिस्तान को किसी भी टूर्नामेंट में भारत के खिलाफ नहीं खेलने देते और उन्होंने साथ ही सुझाव दिया कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को दोनों देशों को तब तक वैश्विक प्रतियोगिताओं की मेजबानी का अधिकार नहीं देना चाहिए जब तक कि दोनों अपनी समस्याएं नहीं सुलझा लेते।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपनी टीम को आगामी चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान भेजने से इनकार कर दिया है और इस तरह की अटकलें हैं कि पूरे टूर्नामेंट का आयोजन देश से बाहर हो सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को पत्र लिखकर बीसीसीआई से लिखित में पुष्टि मांगी है कि भारत टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने में असमर्थ है।

लतीफ ने कहा, 'इस तरह की संभावना है कि पाकिस्तान भारत के खिलाफ क्रिकेट खेलना छोड़ सकता है। अगर मेरे पास अधिकार होता तो हां, मैं शायद यह कड़ा कदम उठा लेता। मैं इसके लिए किसी को दोषी नहीं ठहराऊंगा। अगर आप (पाकिस्तान में) नहीं खेलना चाहते तो फिर हमारे खिलाफ (बिलकुल भी) मत खेलिए। अगर मैं वहां होता तो मैं यह फैसला करता और बीसीसीआई के खिलाफ लड़ता।'

लतीफ ने सुझाव दिया कि मसलों का समाधान निकलने तक आईसीसी को भारत और पाकिस्तान दोनों को बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी नहीं देनी चाहिए। पाकिस्तान के लिए 37 टेस्ट और 166 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलने वाले लतीफ ने कहा, 'मेरे नजरिए से आईसीसी को दोनों देशों के मेजबानी अधिकार तब तक रोक कर रखने चाहिए जब तक कि उनके बीच के मुद्दे सुलझ नहीं जाते, जब तक कि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता।' क्रिकेट में राजनीतिक हस्तक्षेप पर लतीफ ने आईसीसी के श्रीलंका (2023 में) और जिम्बाब्वे (2019 में) पर लगाए गए प्रतिबंध का जिक्र किया और सवाल किया कि वैश्विक संचालन संस्था भारत और पाकिस्तान के प्रति इतनी नरम क्यों है। आईसीसी ने पिछले साल नवंबर में देश में खेल के प्रशासन में कथित राजनीतिक हस्तक्षेप के लिए श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) को निलंबित कर दिया था। इस साल जनवरी में निलंबन हटा दिया गया। लतीफ ने कहा, 'भारत और पाकिस्तान पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया जा रहा है? क्योंकि आईसीसी का उन पर बहुत कुछ दांव पर लगा है।' इसे पूर्व क्रिकेटर ने पाकिस्तान में भारतीय टीम की सुरक्षा चिंताओं के बारे में बीसीसीआई के रुख की आलोचना करते हुए कहा कि आईसीसी की सुरक्षा टीम ने उनके देश का आकलन किया था और उसे सुरक्षित माना था। लतीफ ने कहा, 'मैं कहूंगा कि यह पहली बार है जब बीसीसीआई की गलती है। वे जो कारण बता रहे हैं वह बहुत कमजोर है। यह लिखित में होना चाहिए कि बीसीसीआई और भारतीय क्रिकेट टीम को खतरा महसूस हो रहा है।'

## एटीपी फाइनल्स : सिनर ने फिट्ज को फिर से हराया, मेदवेदेव भी जीते



तूरिन (इटली)। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में टेलर फ़िट्ज को सीधे सेटों में हराया। इटली के सिनर ने अपने घरेलू प्रशंसकों के सामने फ़िट्ज़ को 6-4, 6-4 से हराया। उन्होंने इस साल अमेरिकी ओपन के फाइनल में भी अमेरिका के इस खिलाड़ी को सीधे सेटों में हराया था। टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज करने वाले सिनर ने कहा, 'मुझे घरेलू कोर्ट पर खेलना पसंद है। अगर आप अपने प्रशंसकों और आपका समर्थन करने वालों को पसंद करते हैं तो इससे काफी मदद मिलती है।' इससे पहले दानिल मेदवेदेव ने अलेक्स डी मिनौर को 6-2, 6-4 से हरा कर खुद को सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ में बनाए रखा। दुनिया के चोटी के आठ खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में डी मिनौर अपना पहला मैच सिनर से हार गए थे।

## भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अभ्यास मैच नहीं खेलना हो सकता है नुकसानदेह : गावस्कर

### -नेट अभ्यास नहीं हो सकता मैच का विकल्प

मुम्बई। पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर सहित कई अनुभवी खिलाड़ियों ने कहा है कि भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अभ्यास मैच नहीं खेलकर एक बार फिर वही गलती करने जा रही है जो उसने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में की थी। परिणाम स्वरुप भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में करारी हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम को शुरुआती कार्यक्रम के अनुसार पहला टेस्ट मैच खेलने से पहले इंडिया 'ए' से दो अभ्यास मैच खेलने थे। इसके अलावा दूसरे टेस्ट मैच से पहले एक अभ्यास मैच प्राइम मिनिस्टर इलेवन से मैच खेलना था और इसके लिए तैयारियां भी हो गयीं थीं पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अचानक ही तीनों अभ्यास मैच रद्द कर दिये। इससे अब भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सीधे टेस्ट मैच से ही शुरुआत करेगी। इस टेस्ट मैच की तैयारी वह नेट अभ्यास से करेगी। वहीं गावस्कर ने लिखा, 'नेट प्रैक्टिस कभी भी अभ्यास मैच का विकल्प नहीं हो सकता। टेस्ट मैच खेलने के लिए एक जुनून की जरूरत होती है, जो सिर्फ मैदान पर बल्लेबाजी से आता है। नेट प्रैक्टिस से ऐसा नहीं हो सकता. उम्मीद है कि जिन्होंने भी प्रैक्टिस मैच और प्राइम मिनिस्टर इलेवन से मुकाबला रद्द किया है, वह इसे सही साबित करेंगे।' गावस्कर कहते हैं, 'बल्लेबाज जानते हैं कि अभ्यास मैच में आउट हो जाने के बाद वे दोबारा बल्लेबाजी नहीं कर सकते। इस कारण वॉर्म-अप या अभ्यास मैच किसी भी बल्लेबाज के लिए नेट अभ्यास से ज्यादा अहम होते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में अभ्यास की कमी के चलते भारतीय बल्लेबाज विफल रहे थे। सीरीज से पहले विराट कोहली और रोहित शर्मा से अभ्यास मैच खेलने को कहा गया था पर उन्होंने इंकार कर दिया था। इससे भारत को अपनी ही धरती पर पहली बार क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा था।

## आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में फिर नंबर 1 पर पहुंचे शाहीन

**दुबई (एजेंसी)।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी एक बार फिर आईसीसी तेज गेंदबाजों की रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंच गये हैं। इससे पहले वह पिछले साल हुए विश्व कप के दौरान भी शीर्ष पर पहुंचे थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में बेहतर प्रदर्शन का लाभ उन्हें मिला है। इस सीरीज में शाहीन ने तीन मैचों में 12.62 के प्रभावशाली औसत से आठ विकेट लिए थे। वहीं शाहीन के ऊपर आने से दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज तीसरे स्थान पर फिसल गये हैं जबकि अफगानिस्तान के राशिद खान दूसरे स्थान पर बरकरार हैं।

बाबर का प्रदर्शन भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छा रहा था।

शाहीन के अलावा हारिस राऊफ़ भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ 10 विकेट लेकर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 13वें स्थान पर पहुंच गये हैं। इसके अलावा नसीम शाह भी 14 पायदान ऊपर आकर 55वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं बाबर आजम बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर एक पर कायम हैं। कप्तान मोहम्मद रिज़वान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ सीरीज़ में बल्लेबाजी के बाद 23वें स्थान पर पहुंच गए। वहीं बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो अफागानिस्तान के खिलाफ सिरीज के बाद 11 स्थान के लाभ से 23वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि अफ़गानिस्तान के अज़मतुल्लाह उमरज़ई 31वें स्थान पर पहुंच गए।

टी20 रैंकिंग में, इंग्लैंड के फिल साल्ट और जोस बटलर वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद बल्लेबाजों में दूसरे और छठे स्थान पर पहुंच गए। दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स 12 स्थान ऊपर आकर 26वें स्थान पर पहुंच गए। टी20 में गेंदबाजी रैंकिंग में भी बदलाव देखा गया, जिसमें श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा इंग्लैंड के आदिल राशिद के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए। वेस्टइंडीज के अकील होसेन और भारत के रवि बिश्नोई क्रमशः तीसरे और सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं।



# युवाओं की आशा, आकांक्षा और राष्ट्र निर्माण में योगदान का माध्यम है माय-भारत : डॉ. मांडविया

एजेंसी

**जशपुर :** युवाओं के आशा, आकांक्षा और राष्ट्र निर्माण में योगदान का माध्यम है माय-भारत प्लेटफार्म । यह बात केंद्रीय युवा कार्यक्रम, खेल, श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बुधवार को छत्तीसगढ़ के जशपुर जिला में आयोजित माटी के वीर पदयात्रा कार्यक्रम में कही। केन्द्रीय मंत्री डॉ. मांडविया ने कहा कि 15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में 150 महाविद्यालयों के माय-भारत वालंटियर्स द्वारा यह पदयात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम पूरी तरह से युवाओं द्वारा आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से युवाओं को राष्ट्र निर्माण में जोड़ने के उद्देश्य से माय-भारत प्लेटफार्म की शुरूआत की गयी थी। उन्होंने



बताया कि अब तक इस प्लेटफार्म पर लगभग 1.5 करोड़ युवाओं द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया है। डॉ. मांडविया ने कहा कि माय-भारत युवाओं सिंगल विंडो सिस्टम बनेगा, जहां युवा अपने आंकाक्षाओं को पूरा करने के लिए इस प्लेटफार्म के माध्यम विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं को जिस भी फील्ड में रुचि हो उसमें सर्वश्रेष्ठ करना है, चाहे वह खेल हो या कला-संस्कृति। युवाओं को देश के लिए जीना है, देश के निर्माण में भागीदार बनना है। विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपना सहयोग करना है। केन्द्रीय मंत्री ने कोविड महामारी के दौरान युवाओं के योगदान को स्मरण करते हुए बताया कि युवाओं ने अपने जीवन की चिंता किए बिना जरूरतमंदों को भोजन, दवाई, मास्क पहुंचाया और वैक्सिनेशन में अविस्मरणीय योगदान दिया है। सेवा करना ही हमारा संस्कार है, राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य का निर्वहन करना है। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि सरकार ने इस वर्ष 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए आयुष्मान योजना की शुरूआत की गयी है। वे आयुष्मान लाभार्थियों के पंजीयन के लिए विशेष कैंप आयोजित कर सकते हैं, वृद्ध पेंशनधारियों के पेंशन के भुगतान में सहयोग कर सकते हैं। केन्द्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ सरकार के विकास कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि महतारी वंदन से महिलाओं का शक्तिकरण हो रहा है, यहां गरीबों के लिए काम हो रहा है । विकसित छत्तीसगढ़ से विकसित भारत की कल्पना साकार हो रही है। उन्होंने जशपुर में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए एक सर्व सुविधा युक्त स्टेडियम निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जब भारत में ओलपिंक खेल का अयोजन करेंगे और उसमें छत्तीसगढ़ का कोई खिलाड़ी खेलेगा तो हम गर्व का अनुभव करेंगे। उन्होंने छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि जनजातीय संस्कृति का गौरवगान ही सनातन संस्कृति का गौरवगान है। जनजातीय संस्कृति, सनातन संस्कृति का मूल उदगम है। जब-जब संस्कृति पर हमला हुआ है जनजातीयों ने प्रतिकार किया है। यह सदैव शांति और सदभाव की संस्कृति रही है। उन्होंने कहा कि आजादी के संघर्ष में जनजातीयों का योगदान अतुलनीय है।

# केंद्र व प्रदेश सरकार ने जनहित में अनेक योजनाएं की लागू : धीरेन्द्र

एजेंसी

**रोहतक :** लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर के दौरान उपायुक्त धीरेन्द्र खडगटा ने बुधवार को लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को तुरंत समाधान के निर्देश दिए। उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कहा कि वह तय समय पर तुरंत लोगों की समस्याओं का समाधान करे, जिससे लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। समाधान शिविर में सात शिकायते आई। उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग और क्रीड से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों की पेंशन व परिवार पहचान पत्र से संबंधित समस्याओं का समाधान प्रथमिकता के साथ करें। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार ने अनेक योजनाएं लागू की है,



जिसका लाभ लोगों को बिना किसी परेशानी से मिलना चाहिए। साथ ही उन्होंने चेताया कि अगर कोई अधिकारी या कर्मचारी अपने काम के प्रति लापरवाही करता है तो उसके खिलाफ भी सख्त कारवाई की जाएगी। समाधान शिविर में नागरिकों ने परिवार पहचान, अतिक्रमण, पेयजल, बिजली, सीवरेज व अवैध कब्जे हटवाने, वृद्धावस्था पेंशन बनवाने आदि विभिन्न प्रकार की समस्याएं रखी। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं का अतिशीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा, विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, एक्सईएन तरूण गर्ग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। समाधान शिविर के दौरान स्थानीय कन्हैली रोड़ छोटूराम कॉलोनी निवासी अड़ीचंद ने उपायुक्त के समक्ष अपनी समस्या रखते हुए बताया कि उनकी बेटी आशा रानी दिव्यांग है। उन्होंने अपनी बेटी के लिए सभी जरूरी दस्तावेज देकर समाज कल्याण विभाग से दिव्यांगता पेंशन के लिए आवेदन किया था, लेकिन बेटी की दिव्यांगता की जगह लाडली पेंशन बना दी गई। इस पर उन्होंने विभाग से कई बार संपर्क कर अपनी बेटी की लाडली की जगह दिव्यांगता पेंशन बनाने का गुहार लगाई, लेकिन अभी तक उनकी समस्या का हल नहीं हो पाया है। इस पर उपायुक्त ने शिकायतकत्र्ता को आश्वासन दिया कि वे स्वयं इस समस्या का हल करवाने के लिए चंड़ीगढ़ मुख्यालय पर बात करेंगे और जल्द ही उनकी बेटी की दिव्यांगता पेंशन बनवा दी जाएगी।

## राष्ट्रपति ने सिलवासा में स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर का किया लोकार्पण

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को सिलवासा में स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर, झंडा चौक का लोकार्पण किया और एक सार्वजनिक समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर का लोकार्पण करके उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हुई है। उन्होंने कहा कि यूटी प्रशासन ने उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किए हैं। छात्रों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिए 2018 में सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज की शुरूआत की गई और 2022 में निफ्ट की स्थापना की गई। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये प्रयास यूटी के युवाओं के लिए एक बेहतरीन अवसर प्रदान करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि इस क्षेत्र में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर बहुत समृद्ध है। इसी वजह से यह संघ राज्य क्षेत्र एक अच्छा पर्यटन स्थल हैं।

# ज्वालामुखी विस्फोट के बाद इंडिगो और एयर इंडिया ने बाली के लिए रद कीं उड़ानें

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंडिगो और एयर इंडिया एयरलाइंस ने बुधवार को बाली के लिए अपनी उड़ानें रद्द कर दी हैं। इन दोनों एयरलाइन कंपनियों ने इंडोनेशिया के द्वीप में ज्वालामुखी विस्फोट से राख के बादल छाने के कारण अपनी उड़ानें कैंसिल की हैं। वहीं, राष्ट्रीय राजधानी में आज सुबह कम दृश्यता के कारण विमान परिचालन प्रभावित हुआ। इंडिगो ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि बाली में हाल ही में हुए ज्वालामुखी विस्फोट के कारण इस क्षेत्र से आने-जाने वाली उड़ानें रद्द कर दी गई हैं, क्योंकि राख के बादल हवाई यात्रा को प्रभावित कर सकते हैं। इंडोनेशिया के पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत के एक सुदूर द्वीप में स्थित



माउंट लेवोटोबी लाकी ज्वालामुखी इसी महीने फटा था, जिसके राख के बादल आसमान में छाए हुए हैं। ये बादल उड़ान संचालन के लिए खतरा बन सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप कई एयरलाइनों ने बाली के लिए अपनी सेवाएं रद्द कर दी हैं। एयरलाइन ने जारी बयान में कहा कि रिफंड पाने या वैकल्पिक उड़ान बुक करने के लिए, कृपया पर जाएं। आपकी समझदारी के लिए धन्यवाद। इंडिगो एयरलाइन बेंगलुरु से बाली के लिए रोजाना अपनी उड़ानें संचालित करती है। दूसरी ओर एक आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एअर इंडिया ने अपनी बाली उड़ान रद्द कर दी है। यह दिल्ली से इंडोनेशियाई द्वीप के लिए रोजाना एक उड़ान संचालित करती है। यह सेवा विस्तारा द्वारा संचालित की जा रही थी, जिसका अब एअर इंडिया में विलय हो गया है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज सुबह कम दृश्यता के कारण विमान परिचालन प्रभावित हुआ। नई दिल्ली हवाईअड्डे पर आने वाली कम से कम दस उड़ानों के मार्गों में बदलाव किया गया, जबकि कई विमानों के परिचालन में देरी हुई।

# गरीबों के लिए पांच लाख मकान बनाएगी नायब सरकार

एजेंसी

- कार्यस्थल के पास श्रमिकों के लिए बनेंगे एक लाख मकान
- हर जिले में अलग-अलग ओलम्पिक खेलों की नर्सरियां खुलेंगी

**चंडीगढ़ :** हरियाणा सरकार ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में रहने वाले गरीबों के लिए पांच लाख नये घर बनाने का निर्णय लिया है। इसके अलावा, श्रमिकों के लिए उनके कार्यस्थल के आसपास एक लाख घर अतिरिक्त बनाये जाएंगे। हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने बुधवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन अपने अभिभाषण में नायब सिंह सैनी की सरकार का रोडमैप पेश किया। प्रदेश सरकार ने गांव स्तर पर खेलों का ढांचा मजबूत करने तथा धरातल पर खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य की हर ग्राम पंचायत को 25 लाख रुपये की राशि देने का बड़ा निर्णय लिया है। इस वित्तीय सहायता को खेल प्रोत्साहन राशि का नाम दिया गया। प्रदेश सरकार ने राज्य के हर जिले में अलग-अलग ओलम्पिक खेलों की नर्सरियां बनाने का खाका भी तैयार किया है, जिसके लिए खेल अधिकारियों को कार्य योजना बनाने के निर्देश दे दिये गये हैं। चिरायु योजना के तहत मुफ्त इलाज की सीमा को पांच लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये किया जाएगा। अभी एक लाख 80 हजार रुपये तक वार्षिक आय वाले सभी परिवारों को चिरायु आयुष्मान के तहत सालाना पांच लाख रुपये तक मुफ्त उपचार की सुविधा मिल रही है। इसी तरह एक लाख 80 हजार से तीन लाख रुपये तक तथा तीन लाख से पांच लाख रुपये और पांच लाख से अधिक सालान आय वाले सभी परिवारों को वार्षिक अंशदान के आधार पर स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ देने का फैसला लिया गया है।

# एनडीए का मतलब विकास और महाविकास आघाड़ी का मतलब विनाश : अमित शाह

एजेंसी

**मुंबई :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को धुले की एक चुनावी सभा में कहा कि एनडीए गठबंधन का मतलब विकास और महाविकास आघाड़ी का मतलब विनाश है। इसलिए महाराष्ट्र की जनता ने राज्य के विकास के लिए एनडीए की सरकार बनाने का मन बना लिया है। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 70 साल तक राम मंदिर नहीं बनने दिया था। अमित शाह ने धुले में एनडीए गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित प्रचार सभा को



संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 70 साल तक राम मंदिर बनने नहीं दिया लेकिन प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी ने राम मंदिर का सपना साकार किया। साढ़े पांच सौ साल बाद भगवान राम अपने घर में गए। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शरद पवार, सुप्रिया सुले, राहुल गांधी, उद्धव ठाकरे में से कोई नहीं आया, क्योंकि उन्हें एक निश्चित वोट बैंक खोने का डर था लेकिन हमें इसका डर नहीं है। विधानसभा चुनाव में एक तरफ औरंगजेब फैंस क्लब है तो दूसरी ओर छत्रपति शिवाजी महाराज के हम लोग हैं। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ओबीसी का विरोध करने वाली पार्टी है। महाविकास आघाड़ी ने लाडली बहन योजना का विरोध किया। वे नहीं चाहते कि हमारी बहनों को 1500 रुपये मिले लेकिन अगर हमारी सरकार आई तो यह रकम बढ़ा दी जाएगी। अमित शाह ने कहा कि महाविकास अघाड़ी के लोग यहां लोगों को बांटने का काम कर रहे हैं और दंगे करवा रहे हैं, जो महाराष्ट्र ही नहीं देशहित में बिल्कुल नहीं है। साथ ही अमित शाह ने शिवसेना के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने औरंगाबाद का नाम बदलकर संभाजी नगर करने का विरोध किया, राम मंदिर निर्माण का विरोध किया, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध किया, हिंदुओं को आतंकवादी कहकर सर्जिकल स्ट्राइक का विरोध किया, वे उनके साथ बैठे हैं।

## एक नजर

### पाकिस्तान में 5.3 तीव्रता का भूकंप, पेशावर से इस्लामाबाद तक हिली धरती

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के कई शहरों में आज भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटकों से डरे लोग इमारतें खाली कर बाहर खुले में निकल गए। भूकंप के झटके पेशावर से लेकर राजधानी इस्लामाबाद में तक महसूस किए गए। हालांकि अभी तक कहीं से भी नुकसान की सूचना नहीं है। डॉन न्यूज के अनुसार, अफगानिस्तान के बदख्शां क्षेत्र में भूकंप के झटके के बाद आज खैबर पख्तूनख्वा और इस्लामाबाद के विभिन्न शहरों में झटके महसूस किए गए। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप की तीव्रता 5.1 थी, जबकि पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग ने रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.3 बताई है। यूएसजीएस ने कहा कि भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के इशकाशिम शहर से 37 किलोमीटर पश्चिम-दक्षिण पश्चिम में और 220.7 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप सुबह 10:13 बजे आया। यूएसजीएस और पीएमडी दोनों ने इसकी पुष्टि की। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। भूकंप के झटके पेशावर और उसके आसपास के इलाकों के साथ इस्लामाबाद में भी महसूस किए गए। इसके बाद तमाम लोगों ने इमारतें खाली कर दीं।

### कृषि के साथ उद्यानिकी फसलों से किसान बन सकते हैं आत्मनिर्भर : मंत्री

**भोपाल :** उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने बुधवार को प्रदेश के मसाला फसलों के उत्पादक किसानों को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि किसान भाइयों की मेहनत, लगन के कारण मध्यप्रदेश 54 लाख टन मसाला फसलों का उत्पादन कर देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर सका है। मंत्री कुशवाह ने कहा कि कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए आवश्यक है कि छोटे और मझोले किसान कृषि फसलों के साथ-साथ कैश-क्रॉप के रूप मे धनिया, हल्दी, मिर्च, अदरक, लहसुन, जीरा जैसे फसलों की भी लें, यह सभी फैसले अल्प समय में तैयार हो जाती है और बाजार में भी फसल का अच्छा मूल्य प्राप्त होता है। उन्होंने किसान भाइयों को सलाह दी कि मसाला फसलों के साथ-साथ फलोद्यान और फ्लोरीकल्चर को भी अपनाये। राज्य सरकार और केंद्र सरकार द्वारा उनके उत्पादन के लिए किसानों को अनुदान सहित अन्य सुविधाएं मुहैया करवा रही है शासकीय नर्सरियों से उत्तम किस्म के बीच और पौधे देने का काम भी विभाग द्वारा किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में हाईटेक नर्सरियों के विकास का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में फसलों के संरक्षण और भण्डारण के कोल्ड स्टोरेज, वेअर हाउस की स्थापना के लिए भी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को अनुदान प्रशिक्षण और तकनीकी सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

### कुलगाम के यारीपोरा में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़

**कुलगाम :** कुलगाम जिले के बाडीमार्ग यारीपोरा इलाके में बुधवार दोपहर आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। यह मुठभेड़ क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान शुरू हुई। जानकारी के अनुसार यारीपोरा इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की विशेष सूचना मिलने के बाद सेना, पुलिस और अन्य सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी करते हुए तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान क्षेत्र में छिपे आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। दोनों ओर से गोलीबारी फिलहाल जारी है और अभी तक किसी भी आतंकी के मारे या पकड़े जाने की कोई सूचना नहीं है। 2-3 आतंकवादियों के फंसे होने की संभावना है।

## संक्षिप्त खबरें

### लॉमेन ने बिहार में अपनी उपस्थिति बढ़ाते हुए मुजफ्फरपुर में अपना पहला स्टोर खोला




**मुजफ्फरपुर :** केवल किरण क्लॉदिंग लिमिटेड के किफायती और लक्जरी मेंस फैशन ब्रैंड लॉमेन ने बिहार में फैशन के नये युग की शुरूआत करते हुए, आज मुजफ्फरपुर में अपने पहले स?टोर का शुभारंभ किया। इसी के साथ, ब्रैंड ने बिहार के बाजार में अपनी उपस्थिति और मजबूत करने की योजना की घोषणा की। लॉमेन की योजना बिहार के प्रमुख बाजारों में और 40 नए स्टोर खोलने की है। किफायती लग्जरी पर फोकस के साथ, मुजफ्फरपुर का यह स्टोर आज के आधुनिक पुरुषों की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए आधुनिक, आरामदायक और ट्रेंड में रहने वाले कपड़ों का शानदार सेलेक?शन लेकर आया है। मुजफ्फरपुर में लॉमेन का आना स?टाइल की एक नई लहर का संकेत देता है, जो बिहार के प्रमुख शहर में प्रीमियम परिधान लेकर आएगा। मुजफ्फरपुर में लॉमेन का स्टोर 430 वर्गफीट में फैला हुआ है। यह पुरुषों के लिये फैशन का एक नई जगह है, जो स्टाइल एवं गुणवत्ता पर जोर देता है। यहां नये-नये ट्रेंड्ज और मॉडर्न फैब्रिक्स का सावधानी से चुना गया एक सेलेक्शन है, जो पुरुषों के लिये कैजुअल तथा वर्कवियर का स्टैण्डर्ड बढ़ाता है। सही फिटिंग पर केन्द्रित होकर यह स्टोर वार्डरोब का एक वसेर्टाइल सॉल्यूशन देता है, ताकि ग्राहक सुबह से लेकर शाम तक के लिये आसानी से अपने परिधानों का चुनाव कर सकें। इसकी रेंज में तरह-तरह की पसंद तथा प्राथमिकताओं के लिये शॉर्ट्स और टी-शर्ट्स से लेकर जीन्स, कैजुअल शर्ट्स, ट्राउजर्स और स्टाइलिश फैशन पैंट्स तक सबकुछ है।

### मथुरा रिफाइनरी में ब्लास्ट के बाद लगी भीषण आग, प्रोडक्शन मैनेजर समेत दस लोग झुलसे




**मथुरा :** थाना रिफाइनरी क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार की शाम इंडियन ऑयल की रिफाइनरी में अचानक ब्लास्ट हो गया। इसकी आवाज एक किलोमीटर तक सुनाई दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने वहां पर झुलसे सभी लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चार की हालत गंभीर होने पर उन्हें सिटी अस्पताल भेजा गया। थाना रिफाइनरी क्षेत्र स्थित इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन मंगलवार शाम को एबीयू प्लांट के अंदर टेस्टिंग के दौरान प्लांट में अचानक आग लग गई। बताया गया कि 40 दिन से शटडाउन रखा गया था। सब कुछ फाइनल होने के बाद इसको दोबारा चालू किया गया। अनुमान है कि इसमें लीकेज रह गया। फर्नेस फटने से ब्लास्ट हो गया। इसके बाद प्लांट में आग लग गई। इसके कुछ वीडियो भी सामने आए हैं। बताया जा रहा है कि प्लांट में काम चल रहा था। हादसे के बाद करीब 10 लोग घायल हो गए। घायलों में प्रोडक्शन मैनेजर राजीव भी शामिल है। झुलसे लोगों में चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। उपचार के लिए इन्हें सिटी हॉस्पिटल एवं दिल्ली मेट्रो भेज दिया गया है। रिफाइनरी प्रशासन ने गंभीर रूप से झुलसे हरिशंकर, इरफान, अजय शर्मा, राजीव कुमार को सिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। यहां उनकी गंभीर हालत होने के चलते चिकित्सकों ने दिल्ली स्थित मेट्रो हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया। प्राइवेट अस्पताल में घायल लोगों की परिजन पहुंच चुके हैं। घायलों का आईसीयू में इलाज चल रहा है।

### पेड्डापल्ली जिले में मालगाड़ी के 11 डिब्बे बेपटरी



**हैदराबाद :** तेलंगाना राज्य के उत्तरी क्षेत्र में स्थित पेड्डापल्ली जिले के राघवपुर में लोहा लेकर जा रही एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई। इस हादसे में मालगाड़ी के 11 डिब्बे बेपटरी हो गए। मालगाड़ी कर्नाटक के बेल्लारी से उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जा रही थी। यह घटना करीमनगर और पेद्दापल्ली स्टेशनों को पार करने के बाद राघवपुर के पास कन्नाला रेलवे गेट से थोड़ी दूरी पर हुई। पटरी से उतरने के बाद तेज आवाज के कारण आसपास के गांवों के लोग दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए। मामले की जानकारी होने पर रेलवे कर्मचारी ने उच्च अधिकारियों को सूचना दी। विभागीय अधिकारियों ने इस रूट पर जाने वाली कई ट्रेनों को संबंधित स्टेशनों पर रुकवा दिया। अधिकारियों का मानना है कि 44 बोगियों के साथ जा रही ये मालगाड़ी भारी बारी लोड के कारण पटरी से उतरी है। ट्रेन की बोगियों के एक दूसरे के ऊपर गिरने से उनके बीच के लिंक टूट गए और जगह क्षतिग्रस्त हो गई। रेलवे सूत्रों ने बताया कि पटरियों को बहाल करने और पलटे हुए डिब्बों को हटाने में घंटों लगने की उम्मीद है। वैगन पटरी से उतरने की जानकारी मिलने पर रेलवे अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और बचाव के उपाय में जुट गए हैं। दुर्घटना के कारण इस रूट पर दो नो अपलाइन और डाउनलाइन की पटरियां क्षतिग्रस्त हो गईं। खाजीपेट-बल्लारशा मार्ग पर कई ट्रेनें रोक दी गईं। चूंकि यह उत्तर-दक्षिण भारत के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग है, इसलिए अधिकारियों ने संबंधित स्टेशनों पर मंगलवार मध्य रात्रि चलने वाली ट्रेनों को रोकने का आदेश दिया है।

### भारत-सऊदी साझेदारी प्रगति पर आधारित और भविष्य पर केंद्रित है : जयशंकर



**नई दिल्ली :** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर बुधवार को सऊदी अरब के अपने समकक्ष प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद के साथ दूसरी भारत-सऊदी अरब सामरिक साझेदारी परिषद की राजनीतिक, सुरक्षा, सामाजिक और सांस्कृतिक समिति की बैठक की सह अध्यक्षता की। विदेश मंत्री ने कहा कि हमारी साझेदारी प्रगति पर आधारित और भविष्य पर केंद्रित है। विदेश मंत्री ने अपने शुरूआती संबोधन में कहा कि सऊदी अरब का विजन 2030 और विकसित भारत 2047 हमारे उद्योगों के लिए नई साझेदारियां बनाने के लिए पूरक हैं। उन्होंने भारतीय समुदाय की 26 लाख आबादी के कल्याण और उनकी सुविधा सुनिश्चित करने के लिए सऊदी अरब का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि हमारा सुरक्षा सहयोग भी लगातार बढ़ा है। हम आतंकवाद, उग्रवाद, आतंकवाद के वित्तपोषण और मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने में सहयोग कर रहे हैं। विदेश मंत्री ने एक्स पर कहा कि बैठक में रक्षा भागीदारी, सुरक्षा सहयोग, व्यापार और निवेश, संस्कृति, पर्यटन और युवा आदान-प्रदान तथा हमारे लोगों के बीच आपसी संपर्क सहित हमारे बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय, विशेष रूप से पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और विभिन्न बहुपक्षीय मंचों पर संयुक्त प्रयासों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध सपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ,( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**